संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

25 जून 2026, गुरुवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 08, अंक - 273
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

## झारखंड में मानसून सुस्त

**रांची** । झारखंड में इस वर्ष मानसून की रफ्तार बेहद धीमी बनी हुई है। राज्य में एक जून से 24 जून तक सामान्य के मुकाबले 58 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है, जिससे कई जिलों में सूखे जैसी स्थिति बनने लगी है। मौसम विभाग की ओर से बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार राजधानी रांची को छोड़ अधिकांश जिलों में वर्षा का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। राज्य में अब तक सबसे बेहतर स्थिति रांची जिले की रही है।

# मुख्यमंत्री ने 262 नव-चयनित अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

### कहा-जनता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कर्तव्यों का करें निर्वहन



**संवाददाता**

**रांची** । मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में आयोजित एक समारोह में 262 नव-चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनसे निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया।

नियुक्ति प्राप्त करने वालों में झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के माध्यम से चयनित 56 खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत संविदा आधारित 151 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, 29 वरिष्ठ अस्पताल प्रबंधक तथा 26 वित्त प्रबंधक शामिल हैं।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक नागरिक को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि राज्य के समग्र विकास के लिए सभी क्षेत्रों में पर्याप्त और सक्षम मानवबल की आवश्यकता होती है। इसी उद्देश्य से सरकार विभिन्न विभागों में बड़े पैमाने पर नियुक्ति प्रक्रिया संचालित कर रही है। मुख्यमंत्री ने नव-नियुक्त अभ्यर्थियों से अपेक्षा की कि वे जनता की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें और राज्य के विकास में सक्रिय योगदान दें। उन्होंने कहा कि सरकारी पद केवल रोजगार का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और राज्य के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का अवसर भी है।

हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विशेषज्ञ मानवबल की आवश्यकता है, जिसे ध्यान में रखते हुए भविष्य में भी बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्था किसी भी विकसित राज्य की आधारशिला होती है। इसी सोच के साथ सरकार स्वास्थ्य संस्थानों के विस्तार, आधुनिक सुविधाओं के विकास और विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य कर रही है।

# सीआईडी की दो टीमों ने रिम्स पहुंचकर फाइलों को खंगाला, जांच तेज

### नियमों को ताक पर रखकर अयोग्य अभ्यर्थियों को दाखिला देने का आरोप



**संवाददाता**

**रांची** । राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) में वर्ष 2025 की मेडिकल नामांकन प्रक्रिया में हुई कथित अनियमितताओं को लेकर जांच का दायरा बढ़ गया है। इसी सिलसिले में बुधवार को सीआईडी की टीम रिम्स पहुंची और मामले की सघन पड़ताल शुरू की। एडीजी सीआईडी के निर्देश पर गठित दो अलग-अलग टीमें रिम्स प्रबंधन के डीन कार्यालय, डाटा सेंटर और अन्य संबंधित विभागों में पहुंचकर एडमिशन से जुड़े दस्तावेजों की बारीकी से जांच कर रही हैं। टीम का मुख्य फोकस फर्जी दस्तावेजों के सहारे लिए गए दाखिलों के आरोपों की सच्चाई सामने लाना है। यह पूरा मामला पिछले साल (2025) तब तूल पकड़ा था जब कई अभ्यर्थियों ने नामांकन में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए लगातार निष्पक्ष जांच की मांग की थी। शुरुआती शिकायतों के बाद मामले की प्रारंभिक पड़ताल की गई, जिसके बाद इसकी गंभीरता को देखते हुए केस सीआईडी को सौंप दिया गया। आरोपों के मुताबिक, नामांकन के समय तय नियमों और गाइडलाइंस की जमकर अनदेखी की गई और साठगांठ कर अयोग्य अभ्यर्थियों को भी मेडिकल पाठ्यक्रमों में दाखिला दे दिया गया। सीआईडी की इस जांच के घेरे में सिर्फ नामांकन ही नहीं, बल्कि रिम्स में हुई टेंडर प्रक्रियाएं भी आ गई हैं। टेंडर आवंटन में भी भारी अनियमितताओं की शिकायतें मिली हैं, जिसकी जांच भी साथ-साथ चल रही है। सीआईडी टीम के साथ इस क्षेत्र के कई तकनीकी विशेषज्ञ भी मौजूद हैं, जो दस्तावेजों के तकनीकी पहलुओं को समझने में मदद कर रहे हैं। जांच के दौरान मिले सभी संदिग्ध और महत्वपूर्ण दस्तावेजों को टीम ने अपने कब्जे में ले लिया है। अब सीआईडी इस बात का पता लगाने में जुटी है कि इस पूरे रैकेट में प्रबंधन के कौन-कौन से अधिकारी व बाहरी लोग शामिल हैं और इसके तार कहाँ तक जुड़े हैं।

# सरैयाहाट : अवैध बालू परिवहन रोकने गई पुलिस टीम पर हमला, एसआई को कुचलने का प्रयास

### चार किलोमीटर तक माफिया पुलिस के बीच चला टकराव, एक गिरफ्तार



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**सरैयाहाट।** सरैयाहाट थाना क्षेत्र में अवैध बालू परिवहन के खिलाफ कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम पर हमला और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला सामने आया है। घटना में पुलिसकर्मियों को कुचलने का प्रयास किए जाने तथा पथराव की भी सूचना है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि अन्य आरोपितों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार देर शाम पुलिस पदाधिकारी एक मामले के पर्यवेक्षण के सिलसिले में चिचहरा गांव गई थीं। निरीक्षण के दौरान भलुआमोड़ के निकट दो बालू लदे ट्रैक्टर देवघर की ओर जाते हुए दिखाई दिए। दोनों ट्रैक्टरों के निबंधन संख्या क्रमशः जेएच15वाई-6537 और जेएच15एएल-0288 बताए गए हैं। पुलिस द्वारा चालकों से बालू परिवहन संबंधी वैध कागजात की मांग की गई। लेकिन वे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद सरैयाहाट थाना को सूचना दी गई और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जब ट्रैक्टरों को जब्त कर थाना ले जाने की कार्रवाई शुरू की गई, तभी कुछ लोगों ने इसका विरोध किया। पुलिस के अनुसार बगदाहा गांव के रोहित यादव, अशोक यादव, सुधीर यादव एवं योगेंद्र यादव सहित अन्य लोगों ने कार्रवाई का विरोध करते हुए धमकी दी और अपने सहयोगियों को मौके पर बुला लिया। आरोप है कि इसी दौरान रोहित यादव ने एक ट्रैक्टर को स्टार्ट कर पुलिस पदाधिकारी पर चढ़ाने का प्रयास किया। जबकि दूसरे ट्रैक्टर से एसआई नरेश महतो को कुचलने की कोशिश की गई। इसके बाद दोनों ट्रैक्टरों को तेज गति से भगा दिया गया। पुलिस टीम ने उनका पीछा किया। करीब चार किलोमीटर तक पीछा करने के दौरान एक ट्रैक्टर से सड़क पर बालू गिराया गया। बाद में मटिहानी दुर्गा मंदिर के समीप एक ट्रैक्टर गड्ढे में फंस गया, जबकि दूसरा चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

## संक्षिप्त खबरें

### एअर इंडिया का विमान पाक एयरस्पेस में घुसा

**अमृतसर** । एअर इंडिया की एक फ्लाइट सोमवार रात रास्ता भटककर पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में जा घुसी। इसे पाकिस्तान की एयर ट्रैफिक अथॉरिटी ने चेतावनी देकर वापस भेजा। विमान ने दिल्ली से उड़ान भरी थी और इसे अमृतसर लैंड होना था। पाकिस्तान के एयर स्पेस से जब फ्लाइट लौटी तब तक अमृतसर एयरपोर्ट पर ट्रैफिक बढ़ गया था, ऐसे में इसे वापस दिल्ली भेज दिया गया। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया है कि तकनीकी खराबी के कारण यह फ्लाइट रास्ता भटक गई थी।

### पटना के इंजीनियर के ठिकानों पर छापेमारी, करोड़ों की संपत्ति बरामद

**पटना** । बिहार के भवन निर्माण विभाग में तैनात सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर पवन कुमार के खिलाफ आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पटना, भागलपुर, नोएडा और नई दिल्ली समेत कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। प्रारंभिक जांच में करोड़ों रुपये की संपत्ति, नकदी और कीमती सामान मिलने की जानकारी सामने आई है। ईओयू की टीम बुधवार सुबह से पटना के कृष्णापुरी स्थित यमुना अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 305/बी में तलाशी अभियान चला रही है। यह तीन बेडरूम का फ्लैट है, जिसकी अनुमानित कीमत तीन करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है।

### खामेनेई के अंतिम संस्कार में मोदी को न्योता

**नई दिल्ली** । ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ईरान आने का निमंत्रण दिया है। यह निमंत्रण ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए भेजा गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ईरानी राष्ट्रपति की ओर से भेजे गए संदेश में भारत और ईरान के ऐतिहासिक एवं रणनीतिक संबंधों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति को महत्वपूर्ण बताया गया है। दोनों देशों के बीच ऊर्जा, व्यापार, क्षेत्रीय सुरक्षा और संपर्क परियोजनाओं को लेकर लंबे समय से घनिष्ठ सहयोग रहा है।

# एसआईआर केवल भारतीय नागरिकों के लिए, भाग न लें प्रवासी : के. रवि कुमार



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**बरहरवा-** झारखंड राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार बुधवार को अपने संथाल परगना दौरे के दौरान बरहरवा पहुंचे. जहां उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया को मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया. यह कार्यक्रम बरहरवा स्थित प्लस - 2 उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया था. जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े बीएलए -2 प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा था.निरीक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण सत्र की व्यवस्था, प्रतिभागियों की उपस्थिति तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता का अवलोकन किया. उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिनिधियों से सीधे संवाद कर उनकी समझ और निर्वाचन संबंधी जानकारी का भी आंकलन किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए मतदाता सूची का सटीक और अद्यतन होना बेहद जरूरी है. और इस कार्य में बीएलए - 2 की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. एसआईआर केवल पात्र भारतीय नागरिकों के लिए, प्रवासी न लें भाग, उन्होंने सभी संबंधित प्रतिनिधियों और अधिकारियों को मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ योगदान देने का संदेश दिया.

#### राम मंदिर चढ़ावा चोरी

### एसआईटी ने चंपत राय सहित 17 को आरोपी माना, एफआईआर तय

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने अपनी जांच रिपोर्ट में बड़ा खुलासा कर मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा और निर्माण प्रभारी गोपाल राव सहित 17 लोगों को आरोपी माना है। सूत्रों के मुताबिक, इन सभी के खिलाफ जल्द ही एफआईआर दर्ज होना लगभग तय है। जांच के दौरान, एसआईटी टीम को दानपात्रों की चाबियां रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू के पास मिली हैं, जो इस मामले में एक महत्वपूर्ण सबूत है। टीम मंगलवार को फिर जांच के लिए अयोध्या पहुंच सकती है। एसआईटी ने लगभग 150 इसतरह के सेवादारों और कर्मचारियों को चिह्नित किया है जिनकी आर्थिक स्थिति 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अचानक काफी सुधर गई। इसमें चंपत राय के करीबी फूलकांत मिश्रा भी शामिल हैं, जिनके पास 25 लाख रुपये की कुल कीमत वाली तीन लग्जरी कारें मिली हैं। एसआईटी ने मंगलवार को अपनी 20 पन्नों की शुरुआती जांच रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपी थी, जिसमें 150 लोगों से पूछताछ का विवरण है।

### तेजस एक्सप्रेस : बिरयानी में मक्खी मिलने पर ठेकेदार पर लगा जुर्माना

#### लाइसेंस समाप्त करने के लिए नोटिस जारी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल तेजस एक्सप्रेस में एक यात्री को परोसी गई वेज बिरयानी में मक्खी मिलने की शिकायत पर रेलवे प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई करते हुए संबंधित कैटरिंग सेवा प्रदाता पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही सेवा प्रदाता को लाइसेंस समाप्त करने के लिए कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है। रेलवे के अनुसार यात्री ट्रेन संख्या 82902 अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल तेजस एक्सप्रेस से यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान उसे कॉम्बो मील में परोसी गई वेज बिरयानी में मक्खी मिली, जिसकी शिकायत उसने तत्काल की। शिकायत मिलते ही ट्रेन कैप्टन और ऑनबोर्ड कैटरिंग मैनेजर ने यात्री से मुलाकात कर असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया। यात्री को भोजन बदलकर देने की पेशकश भी की गई, लेकिन उसने नया भोजन लेने से इनकार कर दिया।

# हजारीबाग : एक ही ट्रैक पर पहुंचीं दो वंदे भारत ट्रेनें, टाला बड़ा हादसा

**संवाददाता**

**हजारीबाग** । जिले के चालकुशा प्रखंड स्थित दशहरा ब्लॉक हॉल्ट के समीप बुधवार को उस समय बड़ा रेल हादसा टल गया, जब एक ही ट्रैक पर चल रहीं दो वंदे भारत ट्रेनें काफी नजदीक पहुंच गईं। हालांकि आधुनिक सिग्नल प्रणाली के सक्रिय होने से पीछे चल रही ट्रेन स्वतः नियंत्रित हो गयी और संभावित दुर्घटना टल गई।चौबे स्टेशन मास्टर ने संजय कुमार ने बताया कि दोनों ट्रेनें डाउन लाइन की वंदे भारत एक्सप्रेस थीं। आगे चल रही ट्रेन गया-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस (20894) थी, जबकि उसके पीछे पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस (22306) चल रही थी। किसी कारणवश पीछे वाली ट्रेन आगे वाली ट्रेन के काफी नजदीक पहुंच गई। नई सिग्नल प्रणाली के तहत लोको पायलट को सतर्क संकेत मिला, जिसके बाद उन्होंने तत्काल ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया।रेल अधिकारियों के अनुसार, घटना में किसी यात्री को कोई नुकसान नहीं हुआ और न ही रेल परिचालन प्रभावित हुआ। सभी ट्रेनों का परिचालन सामान्य रूप से जारी है।

# शपथ लेते वक्त देवी-देवता का नाम नहीं ले सकते : हाईकोर्ट

**एजेंसी**





**कोच्चि** । केरल हाईकोर्ट ने स्थानीय निकायों के निर्वाचित प्रतिनिधियों की शपथ को लेकर महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा है कि शपथ लेते समय कानून में निर्धारित शब्दों से बाहर नहीं जाया जा सकता। अदालत ने स्पष्ट किया कि शपथ केवल 'ईश्वर' के नाम पर ली जा सकती है या फिर बिना ईश्वर का नाम लिए सत्यनिष्ठ की प्रतिज्ञा की जा सकती है। इसमें किसी देवी-देवता, भारत माता, राजनीतिक संगठन, शहीद या किसी व्यक्ति का नाम जोड़ना कानूनन मान्य नहीं है।

हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति पीवी कुन्हीकृष्णन की एकल पीठ ने यह फैसला तिरुवनंतपुरम नगर निगम और पलक्कड़ जिले की वडक्कनचेरी ग्राम पंचायत से जुड़े मामलों की सुनवाई के दौरान दिया। अदालत ने कहा कि शपथ का प्रारूप संबंधित कानूनों में स्पष्ट रूप से निर्धारित है और उसमें अपनी ओर से कोई भी अतिरिक्त शब्द जोड़ना वैध नहीं माना जा सकता। मामला उस समय सामने आया जब तिरुवनंतपुरम नगर निगम के 20 पार्षदों ने शपथ के दौरान विभिन्न हिंदू देवी-देवताओं, 'भारतम्बा', 'भारत माता', गुरुदेव और राजनीतिक आंदोलनों के शहीदों के नाम लिए। वहीं, वडक्कनचेरी ग्राम पंचायत के एक सदस्य ने 'ईश्वर की कृपा से उम्मन चांडी के नाम पर' शपथ ली थी।

अदालत ने अपने फैसले में कहा कि केरल म्युनिसिपैलिटी एक्ट और पंचायत राज एक्ट के तहत शपथ लेने के केवल दो वैधानिक तरीके हैं। पहला, ईश्वर के नाम पर शपथ लेना और दूसरा, ईश्वर का उल्लेख किए बिना सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा करना। कोर्ट ने कहा कि 'ईश्वर' शब्द का अर्थ किसी विशेष देवी-देवता, व्यक्ति, संगठन या विचारधारा तक सीमित नहीं किया जा सकता।

हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि शपथ महज एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संविधान और जनता के प्रति एक गंभीर वचन है। इसलिए शपथ वही मानी जाएगी जो कानून में निर्धारित प्रारूप के अनुसार ली गई हो। हालांकि अदालत ने संबंधित जनप्रतिनिधियों को राहत देते हुए उनकी सदस्यता समाप्त नहीं की। कोर्ट ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम के पार्षदों और वडक्कनचेरी पंचायत सदस्य को चार सप्ताह के भीतर दोबारा वैधानिक तरीके से शपथ लेने का निर्देश दिया है। अदालत ने यह भी माना कि संबंधित जनप्रतिनिधियों ने संभवतः यह मानकर ऐसा किया कि उनका तरीका वैध है, इसलिए उन पर कोई दंडात्मक कार्रवाई या जुर्माना नहीं लगाया जाएगा। साथ ही कोर्ट ने धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक सुधारक नारायण गुरु की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि लोग भगवान को अलग-अलग नामों से पुकार सकते हैं, लेकिन कानूनी शपथ केवल निर्धारित प्रारूप में ही ली जा सकती है।


## अपने पुराने बैंक खाते में पैसे जमा करके भूल गए ?



जो आपका है उसे वापस दिलाने में आरबीआई आपकी मदद करेगा।

**आपके बैंक के निष्क्रिय खाते (2 वर्ष से ज़्यादा और 10 वर्ष तक असक्रिय) में जमा पैसे / दावा न की गई जमा राशि (10 वर्ष से अधिक) को आरबीआई के डीईए फंड में ट्रांसफर कर दिया जाता है। आप या आपके क़ानूनी वारिस उसे कभी भी वापस ले सकते हैं।**

दीया फंड

## आपके पैसे वापस पाने के 3 आसान चरण

1. आपके बैंक की किसी भी शाखा में जाएं, भले ही वो आपकी नियमित शाखा न हो।
2. केवाईसी दस्तावेजों (आधार, पासपोर्ट, मतदाता पहचान पत्र या ड्राइविंग लाइसेंस) के साथ फॉर्म जमा करें।
3. सत्यापन के बाद ब्याज समेत, यदि है तो, अपने पैसे वापस पाएं।





## आपके दावा न किए गए पैसे के बारे में जानने के लिए

आपके बैंक की वेबसाइट पर खोजें या आरबीआई के UDGAM पोर्टल (**https://udgam.rbi.org.in**) पर देखें, जिसमें फ़िलहाल 30 बैंक शामिल हैं।

अधिक जानकारी के लिए **https://rbikehtahai.rbi.org.in** देखिए
प्रतिक्रिया के लिए **rbikehtahai@rbi.org.in** पर लिखिए

क्यूआर कोड स्कैन कीजिए

**आधिकारिक व्हॉट्सऐप नंबर 99990 41935**

जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

# अस्पताल में भर्ती विधायक पूर्णिमा साहू से मिले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू



**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की विधायक पूर्णिमा साहू के अस्वस्थ होकर अस्पताल में भर्ती होने की सूचना मिलते ही भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू बुधवार को टाटा मेन हॉस्पिटल (टीएमएच) पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में भर्ती विधायक से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उनके जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की।जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात अचानक पूर्णिमा दास साहू की तबीयत बिगड़ गई थी। रक्तचाप में गिरावट आने और असहज महसूस होने के बाद परिजनों ने उन्हें तत्काल टीएमएच में भर्ती कराया। अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच किए जाने के बाद उन्हें विशेष निगरानी में रखा गया। बेहतर चिकित्सा सुविधा और लगातार स्वास्थ्य परीक्षण के लिए उन्हें आईसीयू/सीसीयू में भर्ती किया गया है।

# 1184 किलो गांजा तस्करी मामले में आरोपित दोषी करार

**रांची।** राजधानी रांची में वर्ष 2023 में पकड़े गए बड़े गांजा तस्करी मामले में अदालत ने आरोपित गणेश चौधरी को दोषी करार दिया है। अपर न्यायायुक्त ओंकारनाथ की अदालत ने मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद आरोपित के खिलाफ आरोपों को सिद्ध माना। अदालत अब सजा के बिंदु पर 25 जून को सुनवाई करेगी, जिसके बाद दोषी को मिलने वाली सजा की घोषणा की जाएगी।अभियोजन पक्ष के अनुसार, वर्ष 2023 में दशम फॉल थाना क्षेत्र में पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि भारी मात्रा में गांजा लेकर एक ट्रक गुजरने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान संदिग्ध ट्रक को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें से 1184.580 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया था।बरामद गांजे की अनुमानित बाजार कीमत दो करोड़ 36 लाख 91 हजार 600 रुपये आंकी गई थी। इतनी बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ की बरामदगी को देखते हुए पुलिस ने इसे अंतरराज्यीय तस्करी से जुड़ा मामला मानते हुए विस्तृत जांच शुरू की थी। जांच के दौरान ट्रक चालक एवं आरोपित गणेश चौधरी की भूमिका सामने आई, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।इस संबंध में दशम फॉल थाना में एनडीपीएस (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस) एक्ट के तहत कांड संख्या 19/2023 दर्ज किया गया था। मामले की जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था।

# अब प्रखंडों में बनेगा ड्राइविंग लाइसेंस

**धनबाद।** वाहन चालकों को सुविधा देने और ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए परिवहन विभाग ने धनबाद जिले के विभिन्न प्रखंडों में विशेष कैंप लगाने का निर्णय लिया है।इसे लेकर जिला परिवहन पदाधिकारी मंगलवार को सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों व अंचल अधिकारियों को पत्र जारी कर कैंप के व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया है। यह पहल परिवहन विभाग, झारखंड सरकार के निर्देश पर की जा रही है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को जिला मुख्यालय आए बिना लाइसेंस संबंधी सेवाएं मिल सकें।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गोविंदपुर में चार जुलाई, निरसा में 11 जुलाई, तोपचांची में 18 जुलाई, कलियासोल में 25 जुलाई, बलियापुर में एक अगस्त, एग्यारकुंड में आठ अगस्त, बाघमारा में 22 अगस्त तथा पूर्वी टुंडी में 29 अगस्त 2026 को कैंप आयोजित किए जाएंगे। सभी कैंप सुबह 10ः30 बजे से दोपहर दो बजे तक संचालित होंगे, जहां नवसिखुआ चालक अनुज्ञप्ति (लर्नर लाइसेंस) बनाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि आवेदकों को कैंप में आने से पहले सारथी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य होगा।

# विमानों के सुरक्षित परिचालन को लेकर बैठक



**रांची ।** बिरसा मुंडा हवाई अड्डा, रांची में विमानपत्तन पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक दक्षिणी छोटानागपुर के प्रमंडीय आयुक्त सह अध्यक्ष विमानपत्तन पर्यावरण प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विमानपत्तन निदेशक विनोद कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में विमानन सुरक्षा, विशेषकर पक्षी टकराव की रोकथाम तथा हवाई अड्डे के आसपास सुरक्षित परिचालन वातावरण सुनिश्चित करने से संबंधित विभिन्न विषयों की समीक्षा की गई।बैठक में हवाई अड्डे के आसपास संचालित अनधिकृत मांस एवं मछली बिक्री केंद्रों तथा बूचड़खानों के विरुद्ध कार्रवाई को और सख्त करने का निर्णय लिया गया। संबंधित विभागों को नियमित निरीक्षण एवं उल्लंघनकर्ताओं पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।इसके अतिरिक्त बिरसा चौक, हिनू चौक एवं हवाई नगर क्षेत्र में संचालित फूड वैन, रेस्तरां एवं अन्य खाद्य विक्रेताओं द्वारा कचरे के उचित निपटान को सुनिश्चित करने हेतु औचक निरीक्षण करने तथा नियमों का पालन नहीं करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।बैठक में रांची जिला प्रशासन, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण , रांची नगर निगम, पुलिस प्रशासन, वन विभाग, भारतीय सेना तथा अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

# रांची में सामूहिक दुष्कर्म के बाद महिला की हत्या, चार गिरफ्तार

**रांची।** पुलिस ने अरगोड़ा थाना क्षेत्र से अगवा की गई महिला की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या मामले का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्याकांड को अंजाम देने वाली महिला सहित चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से घटना में इस्तेमाल की गई फर्जी नंबर प्लेट लगी सफेद रंग की अर्टिगा कार और अवैध हथियार बरामद किए गए हैं।मृतका की पहचान रेखा देवी के रूप में हुई है, जो अरगोड़ा में ठेले पर गुपचुप बेचकर अपना जीवन-यापन करती थी। अनुसंधान में यह बात सामने आई कि रेखा देवी के पड़ोस में रहने वाली संध्या कुमारी के पति जीवा तिग्गा के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। संध्या कुमारी ने अपने भाई रमेश उरांव और उसके दोस्त कृष्णा दास गोस्वामी, और लखन उरांव के साथ मिलकर रेखा देवी के अपहरण और हत्या की पूरी साजिश रची।हटिया डीएसपी नीरज ने बुधवार को बताया कि गत 19 जून 2026 को आरोपियों ने अरगोड़ा थाना क्षेत्र से फर्जी नंबर प्लेट लगी सफेद अर्टिगा कार के जरिए रेखा देवी का अपहरण कर लिया। इसके बाद आरोपितों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और फिर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी।

# धनबाद रिंग रोड मुआवजा घोटाला में 18 आरोपितों की जमानत याचिका पर सुनवाई

**रांची।** धनबाद रिंग रोड भूमि अधिग्रहण मुआवजा भुगतान में कथित अनियमितताओं और करोड़ों रुपये के घोटाले से जुड़े मामले में 18 आरोपितों की जमानत याचिका पर झारखंड उच्च न्यायालय में बुधवार को सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति राजेश कुमार की अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 30 जून निर्धारित करते हुए राज्य सरकार से विभिन्न बिंदुओं पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।सुनवाई के दौरान आरोपितों की ओर से अधिवक्ता शैलेश कुमार सिंह एवं अन्य वकीलों ने पक्ष रखा। वहीं राज्य सरकार की ओर से मामले में स्पष्ट जवाब प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इस पर अदालत ने कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सरकार से स्पष्टीकरण मांगा और अगली तिथि तक विस्तृत जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। जमानत याचिका दायर करने वालों में सुशील प्रसाद, विशाल कुमार, अशोक कुमार महतो, कुमारी रत्नाकर, दिलीप गोप, बापी राय चौधरी, सुमेश्वर शर्मा, शंकर प्रसाद दुबे, अनिल कुमार, नीलम सिन्हा, हर्ष कुमार, उमेश महतो, उदय कांत पाठक, राम कृपाल गोस्वामी, रविंद्र कुमार, आलोक बरियार, काली प्रसाद सिंह और अनुपम कुमारी शामिल हैं।

# बिहार आंदोलन ने छात्र असंतोष को जनांदोलन में बदला लोकतंत्र की रक्षा के लिए सजगता जरूरी : अश्विनी चौबे

## छात्रों के संघर्ष से बचा था लोकतंत्र : डॉ. हरेन्द्र प्रताप

संताल एक्सप्रेस






**पटना ।** बिहार आंदोलन और आपातकाल का इतिहास केवल अतीत की घटना नहीं, बल्कि लोकतंत्र की रक्षा, जनभागीदारी और सत्ता पर लोकतांत्रिक नियंत्रण का सतत संदेश है। यह बात पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे और वरिष्ठ स्तंभकार एवं बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य डॉ. हरेन्द्र प्रताप ने हिन्दुस्थान समाचार समूह की ओर से आयोजित इमरजेंसी के 50 साल = बिहार आंदोलन और आपातकाल विषयक कार्यक्रम में कही। मीठापुर इंस्टीट्यूशनल एरिया में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में दोनों वक्ताओं ने बिहार आंदोलन की पृष्ठभूमि, आपातकाल विरोधी संघर्ष तथा वर्तमान समय में लोकतांत्रिक मूल्यों के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर विस्तार से अपने विचार रखे। श्री चौबे ने कहा कि बिहार आंदोलन अचानक पैदा नहीं हुआ था, बल्कि इसकी नींव 1973 के पटना विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव और उससे पहले चल रहे छात्र आंदोलनों में पड़ चुकी थी। उन्होंने कहा कि वर्ष 1965-66 से ही कांग्रेस सरकार की नीतियों के खिलाफ असंतोष बढने लगा था और मुजफ्फरपुर छात्र आंदोलन जैसी घटनाओं ने जनता के आक्रोश को और अधिक मुखर बनाया। उन्होंने बताया कि उस दौर में छात्र नेताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के बीच लगातार बैठकों का दौर चलता था। रामबहादुर राय, सुशील कुमार मोदी, रविशंकर प्रसाद तथा अन्य छात्र नेताओं ने भ्रष्टाचार, कुशासन और जनसमस्याओं के खिलाफ व्यापक आंदोलन की रणनीति तैयार की। यह आंदोलन धीरे-धीरे छात्र असंतोष की सीमाओं को पार कर सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन के अभियान में बदल गया। चौबे ने कहा कि छात्रों के लगातार आग्रह और जनभावनाओं को देखते हुए लोकनायक जयप्रकाश नारायण आंदोलन से जुड़े। पटना विश्वविद्यालय में आयोजित ऐतिहासिक सभा में हजारों छात्रों और युवाओं ने संघर्ष, जेल जाने और आवश्यकता पडने पर बलिदान देने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि 18 मार्च 1974 को बिहार विधानसभा के घेराव का कार्यक्रम आंदोलन का निर्णायक मोड़ साबित हुआ। इसी घटना के बाद छात्र आंदोलन एक व्यापक जनांदोलन में परिवर्तित हो गया । डॉ. हरेन्द्र प्रताप ने कहा कि बिहार आंदोलन लोकतंत्र, संविधान और नागरिक अधिकारों की रक्षा का जनसंघर्ष था। इस आंदोलन ने यह संदेश दिया कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में सत्ता पर जननियंत्रण और नैतिक जवाबदेही अनिवार्य है। भूमिगत कार्यकर्ताओं ने संपर्क तंत्र को जीवित रखा और लोकतंत्र की लड़ाई को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि आज सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि जिन आदर्शों, नैतिक मूल्यों और भ्रष्टाचार विरोधी संकल्पों के साथ बिहार आंदोलन शुरू हुआ था, बाद के वर्षों में उन मूल्यों का कितना पालन किया गया। लोकतंत्र की मजबूती केवल चुनावों से नहीं, बल्कि सार्वजनिक जीवन में नैतिकता और जवाबदेही से सुनिश्चित होती है। राजनीति में बढ़ती आर्थिक संपन्नता, सत्ता के दुरुपयोग और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर घटते जनविश्वास को गंभीर चुनौती बताते हुए इन प्रश्नों पर विचार करने की सलाह दी।

# राज्यसभा सांसद बैजनाथ राम से मिला मारवाड़ी युवा मंच का प्रतिनिधिमंडल



संताल एक्सप्रेस

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रतिनिधिमंडल ने नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद बैजनाथ राम से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट कर उन्हें राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं।प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद के सफल संसदीय कार्यकाल की कामना करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में झारखंड के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। भेंट के दौरान मंच के पदाधिकारियों ने संगठन की ओर से राज्यभर में संचालित सामाजिक, सेवा एवं जनजागरण कार्यक्रमों की जानकारी भी साझा की। ।प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय से समाज के विभिन्न वर्गों की समस्याओं के समाधान में सहायता मिल सकती है। इसके अलावे सामाजिक सहभागिता और जनसेवा से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई।इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने बैजनाथ राम का अभिनंदन कर हर्ष जताया। उनके सफल कार्यकाल की कामना की।प्रतिनिधिमंडल में प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पाड़िया, महामंत्री दीपक गोयंका, कोषाध्यक्ष विकास झाझरिया, प्रांतीय संयोजक अमित शर्मा, रांची शाखा अध्यक्ष विकास अग्रवाल, सचिव मुकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष अनीश सरावगी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# चौथे माह भी नहीं मिला 700 से अधिक कर्मियों को वेतन,राज्य के 64 आइटीआइ में वेतन संकट

**रांची।** राज्य के 64 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में वेतन का संकट हो गया है।यहां के कर्मियों को मार्च माह से वेतन नहीं मिला है। इससे प्रशिक्षण पदाधिकारी से लेकर कार्यालय के कर्मी भी परेशान हैं।वहीं चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को भी वेतन नहीं मिला है।इस बार चौथे माह भी उन्हें वेतन का भुगतान नहीं हुआ है।वेतन न हीं मिलने से 700 से अधिक कर्मी प्रभावित हो गये हैं।उन्होंने अपनी समस्या श्रम, नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग के सचिव के समक्ष भी रखी है।विभागीय सचिव ने जल्द वेतन भुगतान का आश्वासन दिया था। इसके लिए आवश्यक प्रक्रिया भी हुई, लेकिन अभी तक वेतन नहीं मिला है।

# ठनका गिरने से मासूम की मौत

**रांची।** नगड़ी थाना क्षेत्र के देवरी कुम्हार टोली निवासी संजय महतो के (13) पुत्र हनी कुमार की ठनका की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई।घटना दोपहर तकरीबन 3 बजे के करीब की है।मिली जानकारी के अनुसार हनी अपने घर से अपने घर के जानवरों को लाने खेत में गया था।घटना के वक्त हल्की बारिश हों रही थी।छाता पकड़े हनी खेत में जानवरों को घर लाने जा रहा था तभी आकाशीय बिजली उसके ऊपर गिर गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी।

# वाई बी एन विश्वविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान



**संताल एक्सप्रेस रांची ।** सिदरौल स्थित ट्राइबल कॉलेज ऑफ नर्सिंग के तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सिदरौल से चटकपुर गांव तक एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिस में 130 छात्रों ने भाग लिया द्य कार्यक्रम की शुरुआत नशा मुक्ति की शपथ के साथ हुई। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों ने लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम का नेतृत्व कॉलेज की सुश्री मोनिका कुमारी ने किया। रैली प्रारंभ होने से पूर्व ट्राइबल कॉलेज ऑफ नर्सिंग की डीन, डॉ. ए. सुमति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नशा मुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा अभियान में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया।रैली चटकपुर गांव पहुंचने के बाद विद्यार्थियों ने नशे के दुष्परिणामों को दर्शाते हुए एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसे ग्रामीणों ने सराहा। कार्यक्रम में एनएसएस समन्वयक डॉ. कौशल किशोर सहित कॉलेज के अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे ।

# मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**बरहेट ।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को बरहेट थाना परिसर में प्रखंड प्रमुख बर्नाड मरांडी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई .बैठक में मुहर्रम जुलूस एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के संचालन, समय-सीमा तथा विधि-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई.बैठक के दौरान क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए प्रशासन एवं पुलिस पदाधिकारियों ने सभी समुदायों के लोगों से आपसी भाईचारा बनाएं रखने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की.अधिकारियों ने कहा कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की सलाह दी गई.प्रखंड प्रमुख बर्नाड मरांडी ने कहा कि बरहेट क्षेत्र हमेशा से आपसी सौहार्द और भाईचारे की मिसाल रहा है. सभी लोगों के सहयोग से मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराया जाएगा.बैठक में झामुमो प्रखंड सचिव मजबूर रहमान, मोहम्मद मजीद, प्रो. नज़रुल इस्लाम, समदा सोरेन, इस्लाही कमेटी सीमा के अध्यक्ष मोजिबुर रहमान, बोरियो प्रभाग के पुलिस निरीक्षक नुनूदेव राय, थाना प्रभारी चंदन कुमार भैया सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे.

# झारखंड कांग्रेस के नेता गुलफाम मुजीबी के निधन पर पार्टी नेताओं ने जताया शोक

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व उपाध्यक्ष और झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ गुलफाम मुजीबी के असामयिक निधन पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने गहरा शोक व्यक्त की है।प्रदेश अध्यक्ष ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से शोक प्रकट करते हुए गुलफाम मुजीबी के निधन को कांग्रेस परिवार और झारखंड की सामाजिक-राजनीतिक के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। साथ ही प्रदेश प्रभारी के राजू ने भी डॉ मुंजीबी के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि डॉ गुलफाम मुजीबी जीवनभर कांग्रेस की विचारधारा, लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक सद्भाव और जनसेवा के प्रति पूरी निष्ठा के साथ समर्पित रहे। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने, अल्पसंख्यक समाज सहित समाज के सभी वर्गों की आवाज़ को बुलंद करने और सामाजिक न्याय और भाईचारे की भावना को सशक्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका सार्वजनिक जीवन संघर्ष, सादगी, ईमानदारी और सेवा की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण था।उन्होंने कहा कि डॉ मुजीबी हमारे संघर्ष के सच्चे साथी थे। उनका व्यवहार अत्यंत सरल, सहज और मिलनसार था। वे हर कार्यकर्ता को सम्मान देने में विश्वास रखते थे ।

# सुनीत केरकेट्टा की गिरफ्तारी के विरोध में जरियागढ़ थाना का घेराव

**खूंटी।** कर्रा प्रखंड के लापा बांधटोली निवासी सुनीत केरकेट्टा की गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार को संयुक्त पड़हा संघ के नेतृत्व में दर्जनों गांवों के महिला-पुरुषों ने जरियागढ़ थाना का घेराव किया।गिरफ्तारी के विरोध में जुटे ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सुनीत केरकेट्टा को निर्दोष बताते हुए उनकी रिहाई और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में आक्रोशित ग्रामीण थाना परिसर में प्रवेश कर गिरफ्तार सुनीत केरकेट्टा की तलाश करने का प्रयास करने लगे। हालांकि वे थाना परिसर में नहीं मिले।

# माकपा राज्य कमिटी की दो दिवसीय बैठक संपन्न

**रांची ।** जबरन विस्थापन, कोयला खनन के नाम पर एमडीओ के माध्यम से ग्रामीण रैयतों को बेदखल करने, खनन क्षेत्र में बढते प्रदूषण, मजदूरों को गुलाम बनाने वाले चार लेबर कोड रद्द करने, 1 जुलाई से मनरेगा की जगह वीबीजीआरएएमजी लागू किए जाने के खिलाफ एवं बढती बेरोजगारी के विरुद्ध तथा मतदान के अधिकार की रक्षा के लिए माकपा पूरे झारखंड मे जन अभियान चलाएगी. इस अभियान के साथ साम्राज्यवाद विरोधी कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसके तहत 13 अगस्त को क्युबा एकजुटता दिवस मनाया जाएगा इसका निर्णय आज माकपा राज्य कार्यालय में सम्पन्न पार्टी की दो दिवसीय राज्य कमिटी बैठक में लिया गया. इस अभियान के क्रम में पदयात्रा, गाँव सभा और जनसंपर्क का सघन कार्यक्रम होगा.इसकी तैयारी के लिए 25 जून से 10 जुलाई के बीच सभी जिला कमिटियों की बैठक तथा जेनरल बाडी मिटिंग की जाएगी. 1 से 3 सितंबर के बीच राज्य के सभी पार्टी सदस्य जनता के बीच कोष संग्रह करेंगें. 8 जुलाई को विस्थापितों के विभिन्न संगठनों की संयुक्त बैठक राजधानी रांची मे की जाएगी. इस अभियान का समापन 8 से 15 सितंबर के बीच सभी जिला मुख्यालयों पर माकपा का विशाल प्रदर्शन आयोजित कर किया जाएगा.

# नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम



**संताल एक्सप्रेस रांची ।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत बुधवार को कैंब्रिज इंस्टिट्यूट ऑफ़ पॉलिटेक्निक ( सीआईपी ) के शिक्षकों द्वारा करमाढ़िपा गांव में नशा के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया. इस दौरान घर घर जाकर लोगों को नशे के दुष्परिणाम के बारे में बताकर उन्हें व्यसनो से दूरी बनाने की अपील की गई. वहीं बाद में नुक्कड़ सभा का आयोजन कर ग्रामीणों को नशा मुक्त जीवन जीने की शपथ दिलाई गई. सभा को सम्बोधित करते हुए संस्थान के प्राचार्य डॉ एन के यादव ने कहा की नशा बर्बादी की जड़ है. इससे दूरी बनाए रखें. उन्होंने नशा छोड़ने को इच्छुक लोगों को सरकार द्वारा दी जा रही सहायताओं से भी लोगों को अवगत कराया. सभा को नॉडल ऑफिसर डॉ जयदेव कुम्भकार ने भी सम्बोधित किया. मौके पर प्रेस सचिव धर्मेंद्र तिवारी,प्रो. नीलेश मुंडा, प्रो. विकास कुमार, प्रो. विवेकानंद के अलावे अजीत राय, विनोद कुमार आदि लोग मुख्य रूप से मौजूद थे.

# राज्य भर में फंड के अभाव में 1.15 लाख अबुआ आवास का काम रुका, 994 करोड़ की जरूरत

**देवघर।** झारखंड सरकार की अबुआ आवास योजना में राज्य के 24 जिलों में 1,15,063 लाभुकों का आवास निर्माण कार्य बकाया राशि के कारण रुक गया है।योजना के तहत लाभुकों ने अपने आवास का प्लिंथ लेवल व सेकेंड लेवल तक का निर्माण कार्य पूरा कर लिया है, लेकिन उन्हें अब तक दूसरी और तीसरी किस्त की राशि प्राप्त नहीं हुई है।इसके कारण आवास अधूरे पड़े हुए हैं।लाभुकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।अबुआ आवास योजना के पोर्टल में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार कुल 1,15,063 आवास का काम आगे बढ़ाने के लिए कुल 994 करोड़ की जरूरत की है। इसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 के 14,083 लाभुक तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 के 1,00,980 लाभुकों का आवास का काम प्रभावित है।इन सभी लाभुकों के लिए कुल 994 करोड़ रुपये का राज्य सरकार द्वारा सीधे लाभुकों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जानी है, लेकिन पिछले कई महीनों से भुगतान नहीं होने के कारण आवास निर्माण कार्य आगे नहीं बढ़ पा रहा है। जिलावार बकाया राशि में पलामू जिला सबसे ऊपर है, जहां 86.57 करोड़ का भुगतान लंबित है. इसके बाद जामताड़ा में 79.18 करोड़, पूर्वी सिंहभूम में 67.97 करोड़, गिरिडीह में 66.62 करोड़ व चतरा में 63.61 करोड़ की राशि बकाया है।

# गुमला में दो बच्चों के साथ मां कुएं में कूदी, तीनों की मौत

संताल एक्सप्रेस

**गुमला।** गुमला के घाघरा थाना स्थित मनातू गांव में एक विक्षिप्त मां ने अपने दो बच्चों के साथ कुआं में कूदकर जान दे दी। बच्चों की भी मौत हो गयी।इससे गांव में मातम छा गया। जानकारी के अनुसार 28 वर्षीय परदेशनी कुमारी की पिछले आठ महीने से मानसिक स्थिति ठीक नहीं था।बुधवार की दोपहर दोनों बच्चों को लेकर निकली और घर के पीछे स्थित कुआं में जाकर दोनों बच्चों को कुआं में डालने के बाद खुद भी कूद गयी।काफी देर होने के बाद के परदेशनी की गोतनी (देवरानी) ने देखा कि वह नहीं दिख रही है।तब वह इधर-उधर खोजबीन करने लगी। जिसके बाद वह घर के पीछे स्थित कुआं में जाकर देखी तो कुआं के अंदर में एक कपड़ा दिखा जो कपड़ा दिनभर परदेशनी अपने माथे में ढकी रहती थी। जिससे अंदेशा लगाया गया कि कुआं में ही वह डूब गयी होगी।जिसके बाद अंदेशा से कुआं के अंदर झागड़ डाला गया तो छह वर्षीय बेटा अंश उरांव झागड़ में फंसा और उसे निकाला गया। जिसके बाद पूरे गांव के लोग एकजुट हुए और तीनों शव को कुआं से निकाला गया।परदेशनी के साथ-साथ छह वर्षीय अंश उरांव व चार वर्षीय आसमानी कुमारी की मौत हो गयी।मृतका के पति जगन्नाथ उरांव ने बताया कि वह खेत में बीड़ा छीटने के लिए गया था।अचानक उसे सूचना मिली कि कुआं से शव बरामद किया गया है. जिसके बाद घटनास्थल पहुंचा। ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद तीनों शव को कुआं से बाहर निकल गया और घटना की सूचना घाघरा पुलिस को दी गयी। घाघरा पुलिस घटनास्थल पहुंच शव को बरामद कर घाघरा थाना ले आयी है।ग्रामीणों ने बताया कि परदेशनी पहले भी आत्महत्या करने का प्रयास कर चुकी थी।कई बार छत से कूदने का प्रयास तो कई अनावश्यक काम करती थी।लेकिन लोगों का नजर पड़ता था ।

# बोकारो ट्रेजरी घोटाला में सीआईडी की विशेष अदालत ने की तीन जमानत याचिका खारिज

**रांची।** बहुचर्चित बोकारो ट्रेजरी घोटाला मामले में सीआईडी की विशेष अदालत ने बुधवार को तीन आरोपितों की जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने लेखा शाखा के एसएसआई अशोक भंडारी, गृह रक्षक सतीश कुमार और काजल मंडल को राहत देने से इनकार करते हुए उनकी जमानत अर्जी नामंजूर कर दी। इससे पूर्व अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।उल्लेखनीय है कि यह मामला बोकारो ट्रेजरी से लगभग 11 करोड़ रुपये की कथित अवैध निकासी से जुड़ा हुआ है। मामले का खुलासा उस समय हुआ जब बोकारो पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय की लेखा शाखा में वेतन मद से संदिग्ध भुगतान और अवैध निकासी के तथ्य सामने आए। बाद में महालेखाकार (एजी) की रिपोर्ट में वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा होने पर राज्य के वित्त विभाग ने मामले की विस्तृत जांच के आदेश दिए थे।

# कांटाटोली में चल रहे अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर को प्रशासन ने किया सील

**रांची।** जिला प्रशासन ने गुप्त सूचना के आधार पर रांची के कांटाटोली स्थित एक अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापेमारी कर बुधवार को उसे सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान अल्ट्रसाउंड मशीन सहित कई उपकरण और दस्तावेज जब्त किए गए।उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन ने पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत अवैध रूप से संचालित इस अल्ट्रसाउंड केंद्र के खिलाफ कार्रवाई की है। कांटाटोली चौक के निकट गैलेक्सी कॉम्प्लेक्स स्थित सिटी अल्ट्रसाउंड सेंटर को सील कर दिया गया।जिला प्रशासन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सिविल सर्जन डॉ प्रभात रंजन ने बताया कि पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत अनुमति के बिना अल्ट्रसाउंड केंद्र का संचालन अवैध है। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने कहा कि भ्रूण हत्या और लिंगानुपात असंतुलन को बढ़ावा देने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# विद्यार्थियों ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट में शानदार प्रदर्शन किया



**संताल एक्सप्रेस रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), रांची ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को सिद्ध करते हुए कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट 2026 में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। प्रियांशु कुमार सिंह 1000 में से 958 अंक प्राप्त कर विद्यालय के टॉपर बने। उन्होंने पॉलिटिकल साइंस में 100 परसेंटाइल हासिल किया तथा अंग्रेज़ी, इतिहास और मनोविज्ञान में 99 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर परीक्षा के सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शनकर्ताओं में अपना स्थान बनाया। विद्यालय के चार विद्यार्थियों ने अलग-अलग विषयों में 100 परसेंटाइल प्राप्त किए। प्रियंशु कुमार सिंह ने पॉलिटिकल साइंस में, आयशा कुमारी और निहित शर्मा ने मनोविज्ञान में, जबकि स्पर्श जैन ने अर्थशास्त्र/व्यावसायिक अर्थशास्त्र में 100 परसेंटाइल हासिल किया। विभिन्न विषयों में 17 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल और उससे अधिक, 39 विद्यार्थियों ने 95 परसेंटाइल और उससे अधिक, तथा 44 विद्यार्थियों ने 90 परसेंटाइल और उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

# कोयला वेतन समझौता के लिए भामसं ने सौंपा ज्ञापन



**धनबाद।** राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता के लिए भारतीय मजदूर संघ ने बीसीसीएल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा है। भामसं के प्रतिनिधियों ने बताया कि कोयला वेतन समझौता के लिए अवधि आगामी 30 जून को समाप्त होने जा रही है। एक जुलाई से लागू होने वाले आगामी वेतन समझौता-12 के गठन को लेकर प्रबंधन द्वारा अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। कोल इंडिया प्रबंधन और कोयला मंत्रालय की इस शिथिलता के विरोध में बुधवार को भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने तीखा आक्रोश व्यक्त किया। ?भामसं पदाधिकारी सह बीसीसीएल कल्याण बोर्ड के सदस्य केके सिंह के नेतृत्व में संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने बरोरा क्षेत्र के महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपा और अविलंब वेतन समझौते के गठन की मांग की।प्रतिनिधिमंडल ने प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया, तो 25 जून से 30 जून तक पूरे क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से आंदोलन चलाया जाएगा। इस आंदोलन के तहत सभी यूनिट कार्यालयों पर प्रदर्शन किया जाएगा। श्रमिकों को जागरूक करने और प्रबंधन के विरोध के लिए गेट मीटिंग और पिट मीटिंग का आयोजन होगा।

# मॉडल कॉलेज में यूजी सेमेस्टर-6 परीक्षा शुरू

**राजमहल।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका द्वारा आयोजित यूजी सेमेस्टर-6 (सत्र 2022-26) परीक्षा 2025 का शुभारंभ बुधवार को मॉडल कॉलेज राजमहल परीक्षा केंद्र पर शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में हुआ. इस दौरान परीक्षा के प्रथम दिन प्रथम पाली में कुल 108 परीक्षार्थी नामांकित थे. जिनमें से 107 परीक्षार्थी उपस्थित हुए तथा 1 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे .वहीं द्वितीय पाली में कुल 195 परीक्षार्थी नामांकित थे. परीक्षा निर्धारित समय पर विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न हुई. प्राचार्य सह केंद्राधीक्षक डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व केंद्र का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं खास कर गर्मी को देखते हुए पेयजल, पंखा आदि का जायजा लिया. उन्होंने परीक्षार्थियों को निर्देश दिया कि सभी परीक्षार्थी विद्यार्थी समय पर से 15 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पहुंचे तथा परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों एवं किसी भी प्रकार की नकल सामग्री का प्रयोग न करें. उन्होंने स्पष्ट किया कि विश्वविद्यालय के परीक्षा नियमों के उल्लंघन की स्थिति में संबंधित परीक्षार्थी के विरुद्ध परीक्षा अधिनियम अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी.

## पीएम केयर्स योजना के बच्चों से मिले डीसी

**जामताड़ा।** जामताड़ा उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने योजना से लाभान्वित बच्चों से मुलाकात कर उनकी पढ़ाई, स्वास्थ्य और भविष्य की योजनाओं की जानकारी ली तथा उन्हें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि जिले में इस योजना के तहत दो बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। इनमें एक छात्र एनआईटी जमशेदपुर में सेमेस्टर-6 की पढ़ाई कर रहा है, जबकि दूसरा छात्र जिले के एक निजी विद्यालय में कक्षा 10 में अध्ययनरत है। उपायुक्त ने एक लाभुक की फीस माफी के लिए संबंधित विद्यालय से आवश्यक पत्राचार करने का निर्देश भी दिया।बच्चों से संवाद के दौरान उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा जीवन को नई दिशा देने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बच्चों को कठिन परिस्थितियों में भी आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और निरंतर मेहनत के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की सलाह दी। साथ ही आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन उनके सर्वांगीण विकास और बेहतर भविष्य के लिए हरसंभव सहयोग करेगा।बैठक में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी अंजू पोद्दार, पीओएनआईसी रिंकू कुमारी, बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य विमलेंदु विश्वास सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।उल्लेखनीय है कि पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजना के तहत कोविड-19 महामारी में अपने माता-पिता या अभिभावकों को खो चुके बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक सहायता एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, ताकि वे आत्मनिर्भर और सशक्त नागरिक बन सकें।

## अल-नीनो को लेकर प्रशासन सतर्क कृषि और संबद्ध विभागों की तैयारी तेज

**जामताड़ा।** जामताड़ा में संभावित अल-नीनो प्रभाव को देखते हुए कृषि एवं संबद्ध विभागों की तैयारियों की समीक्षा की गई। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश पर बुधवार को उप विकास आयुक्त असीम किस्पोट्टा की अध्यक्षता में कृषि, आत्मा, उद्यान, पशुपालन, गव्य विकास एवं मत्स्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।बैठक में वर्षा की स्थिति, बीज वितरण, समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना, कृषक पाठशाला, फसल सुरक्षा कार्यक्रम, अम्लीय मृदा सुधार, उर्वरकों की उपलब्धता, गोदाम निर्माण, सौर ऊर्जा संचालित मिनी कोल्ड रूम तथा फसल बीमा योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।उप विकास आयुक्त ने सभी विभागों को अल-नीनो से उत्पन्न संभावित परिस्थितियों के मद्देनजर अग्रिम तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कृषि के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य एवं गव्य विकास विभाग की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया।मत्स्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने वेद व्यास आवास योजना के तहत पात्र लाभुकों का चयन सुनिश्चित करने तथा योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया।

## फर्जी कैशबैक और बैंक कॉल के तीन साइबर ठग गिरफ्तार



**जामताड़ा।** साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में जामताड़ा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। करमाटांड़ थाना क्षेत्र में की गई छापेमारी के दौरान तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया, जो अलग-अलग तरीकों से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे थे। पुलिस ने उनके पास से छह मोबाइल फोन और चार सिम कार्ड बरामद किए हैं।साइबर डीएसपी अमीत रविदास ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी समीम अंसारी और कैफ अंसारी ऑनलाइन भुगतान प्लेटफॉर्म का दुरुपयोग कर लोगों को फर्जी कैशबैक का झांसा देते थे। वे ईजी माई डील ऐप के माध्यम से 1999 के कैशबैक का लालच देकर रकम अपने नियंत्रण वाले खातों में ट्रांसफर करा लेते थे। इसके बाद गिफ्ट कार्ड खरीदकर उन्हें कमीशन पर बेच दिया जाता था।वहीं तीसरा आरोपी मुस्तकीम अंसारी खुद को भारतीय स्टेट बैंक का अधिकारी बताकर लोगों को फोन करता था। वह क्रेडिट कार्ड बंद होने का डर दिखाकर मोबाइल में संदिग्ध एपीके फाइल डाउनलोड करवाता और बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी हासिल कर ठगी को अंजाम देता था।

## नशे के खिलाफ जामताड़ा में जनजागरण की मुहिम तेज



**जामताड़ा।** जिले में नशीले पदार्थों के सेवन और तस्करी पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आलोक कुमार के निर्देश पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा 26 जून तक विशेष नशामुक्ति जनजागरण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी प्रखंडों में हाट-बाजार, विद्यालय, चौक-चौराहों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया जा रहा है।इस अभियान में एलईडी वैन, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, बुकलेट और ऑडियो-वीडियो संदेशों का सहारा लेकर नशे के दुष्परिणामों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाई जा रही है। लोगों को बताया जा रहा है कि मादक पदार्थों का सेवन न केवल स्वास्थ्य के लिए घातक है, बल्कि यह परिवार, समाज और आर्थिक स्थिति पर भी गंभीर प्रभाव डालता है।

## जामताड़ा में 24 घंटे मुफ्त एंबुलेंस सेवा शुरू




**जामताड़ा।** नगरवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष आशा गुप्ता एवं समाजसेवी तरुण कुमार गुप्ता ने बुधवार को 24 घंटे निशुल्क एंबुलेंस सेवा का शुभारंभ किया। दुमका रोड स्थित शिव मंदिर परिसर से शुरू की गई यह सेवा अब नगर क्षेत्र के लोगों के लिए हर समय उपलब्ध रहेगी।इस पहल के तहत जामताड़ा नगर क्षेत्र से 30 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले जरूरतमंद नागरिकों को आपातकालीन स्थिति में बिना किसी शुल्क के एंबुलेंस सुविधा प्रदान की जाएगी। समाजसेवी तरुण कुमार गुप्ता ने कहा कि समय पर अस्पताल पहुंचना कई बार जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर साबित होता है। ऐसे में यह एंबुलेंस सेवा लोगों के लिए संजीवनी का कार्य करेगी।आपातकालीन स्थिति में नागरिक 7765950812 एवं 9939595909 पर संपर्क कर इस निशुल्क सेवा का लाभ उठा सकते हैं। शुभारंभ कार्यक्रम में वार्ड पार्षदों सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बसंतराय में ठनका गिरने से छात्रा की मौत

**बसंतराय।** प्रखंड थाना क्षेत्र के कैथपुरा गांव की 20 वर्षीय छात्रा शबनम खातून की मंगलवार की शाम आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तथा गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। जानकारी के अनुसार शबनम खातून हर रोज की तरह मंगलवार को भी पढ़ाई करने के लिए प्रखंड क्षेत्र के पकड़िया गांव स्थित आईटीआई कॉलेज गई थी। वह नियमित रूप से कॉलेज जाकर अपनी पढ़ाई कर रही थी और अपने परिवार की उम्मीदों का रोशनी थी। मंगलवार को कॉलेज की पढ़ाई समाप्त होने के बाद वह अपने घर लौट रही थी। बताया जाता है की मंगलवार की संध्या करीब 5 बजे के आसपास पकड़िया मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के समीप अचानक मौसम खराब हो गया।

# ओलंपिक दिवस पर गोड्डा में अंडर-14 खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**संताल एक्सप्रेस**

**गोड्डा प्रतिनिधि।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर मंगलवार को गांधी मैदान, गोड्डा में जिला पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य कार्यालय के तत्वावधान में अंडर-14 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ जीवनशैली का



महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि ओलंपिक की भावना उत्कृष्टता, मित्रता और सम्मान का संदेश देती है, जिसे युवाओं को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी डॉ. प्राण महतो, अंतरराष्ट्रीय शॉटपुट खिलाड़ी पवन सिंह, कुश्ती संघ अध्यक्ष अमित सिंह, संयुक्त सचिव अमरेन्द्र सिंह बिट्टू, गोड्डा हॉकी संघ सचिव सुरजीत झा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।प्रतियोगिता के तहत 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, लंबी कूद एवं शॉटपुट स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में मैरी सोरेन प्रथम, शिवानी रिया कुमारी द्वितीय एवं शिवानी कुमारी तृतीय रहीं। 200 मीटर में शालू कुमारी ने प्रथम, आरोही कुमारी ने द्वितीय तथा नेहा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर में पुष्पांजलि कुमारी प्रथम, श्रेया कृति द्वितीय एवं पीहू झा तृतीय स्थान पर रहीं। बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में तनीश कुमार प्रथम, पियूष कुमार मंडल द्वितीय एवं अंश कुमार तृतीय रहे। 200 मीटर में सम्पूर्ण यादव ने पहला, गौरव कुमार ने दूसरा तथा आरव कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया। 400 मीटर दौड़ में विवेक जायसवाल प्रथम, आयुष कुमार पंडित द्वितीय एवं रुद्र प्रताप झा तृतीय स्थान पर रहे।

## ओलंपिक दिवस पर एथलीटों ने दिखाया अपना दमखम



**गोड्डा।** पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय से प्राप्त निर्देश के आलोक में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिला खेल कार्यालय द्वारा बालक एवं बालिकाओं के लिए स्थानीय गांधी मैदान में 100- 200 एवं 400 मीटर दौड़, गोला फेंक एवं लंबी कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालिका वर्ग के 100 मीटर दौड़ में मेरी सोरेन, शिवानी रिया कुमारी एवं शिवानी कुमारी क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर में शालू कुमारी, आरोही कुमारी एवं नेहा कुमारी क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर में पुष्पांजलि कुमारी, श्रेया कृति एवं पीहू झा क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे।बालक वर्ग के 100 मीटर दौड़ में तनिश कुमार, पीयूष कुमार मंडल एवं अंश कुमार क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर में सम्पूरण यादव, गौरव कुमार एवं आरव कुमार क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर में विवेक जायसवाल, आयुष कुमार पंडित एवं रुद्र प्रताप झा क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहे।

## राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने झारखंड टीम रवाना



**गोड्डा।** पांडिचेरी में 25 से 28 जून तक आयोजित होने वाली 5वीं फास्ट-5 सीनियर राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए झारखंड नेटबॉल टीम बुधवार को गोड्डा के गांधी मैदान से रवाना हुई। खिलाड़ियों को शुभकामनाओं के साथ विदा किया गया। इस अवसर पर खेल प्रेमियों एवं संघ के पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की। झारखंड टीम के बालिका वर्ग में राष्ट्रीय खिलाड़ी मोनालिसा कुमारी, गायत्री, अदिति, अंशु एवं आरती का चयन किया गया है, जबकि बालक वर्ग में दीपक कुमार, अभ्युदय, अंकित, रितेश एवं बमबम शामिल हैं। चयनित खिलाड़ियों में प्रतियोगिता को लेकर खासा उत्साह दिखा।टीम के प्रस्थान के अवसर पर नेटबॉल संघ के उपाध्यक्ष बैद्यनाथ देहरी, कार्यक्रम अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद महतो सहित अन्य खेलप्रेमी उपस्थित थे। सभी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए अनुशासन, टीम भावना और खेल कौशल के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। वहीं संघ के सचिव गुंजन कुमार झा ने बताया कि पांडिचेरी में आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों की मजबूत टीमें हिस्सा लेंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि झारखंड के खिलाड़ी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर राज्य के लिए पदक जीतकर लौटेंगे और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराएंगे।

## गोड्डा के शैक्षणिक संस्थानों में चला जागरूकता अभियान



**गोड्डा।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत युवाओं को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों से बचाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने को लेकर गोड्डा पुलिस ने बुधवार को नगर क्षेत्र स्थित नवप्रभात मिशन स्कूल के समीप संचालित विभिन्न कोचिंग संस्थानों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी देकर उन्हें नशामुक्त समाज के निर्माण में सहभागी बनाना था। इस अवसर पर उपस्थित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) आकाश भारद्वाज ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता, सम्मान और खुशहाली शिक्षा, अनुशासन तथा नशे से दूरी बनाए रखने से प्राप्त होती है।उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि यदि वे अपने जीवन में ऊंचे मुकाम हासिल करना चाहते हैं, माता-पिता के सपनों को साकार करना चाहते हैं और समाज में अपनी सकारात्मक पहचान बनाना चाहते हैं, तो उन्हें हर प्रकार के नशीले पदार्थों और नशे की प्रवृत्ति से दूर रहना होगा।कार्यक्रम के दौरान सभी छात्र-छात्राओं को नशीले पदार्थों से दूर रहने तथा समाज को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर नगर थाना प्रभारी दिनेश महली, शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## महागामा में ठनका गिरने से महिला की मौत

**महागामा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत गोडगामा गांव में मंगलवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। मृतका की पहचान जोहरा खातून (40 वर्ष), पति फिरोज आलम के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जोहरा खातून समेत कई लोग खेत में जमीन नापी के कार्य के लिए गए हुए थे। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हो गया और तेज बारिश के साथ बिजली कड़कने लगी। बारिश से बचने के लिए सभी लोग पास स्थित एक अल्बेस्टर घर में जाकर शरण लिए हुए थे।

## राजमहल में मनरेगा पर समीक्षा बैठक

**राजमहल।** राजमहल प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मो यूसुफ की अध्यक्षता में मनरेगा से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई. इस दौरान मानव दिवस सृजन, योजना पूर्णता, जिओ टैग, जलदूत ऐप में प्रगति सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा पंचायत वार की गई.मौके पर बीपीओ श्वेता, गगन बापू, सहायक अभियंता विकास कुमार, कनीय अभियंता बिनोद कुमार, मो एहसानुल जमील, दीप नारायण मंडल सहित सभी ग्राम रोजगार सेवक और कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे.

## ओलंपिक डे पर नेटबॉल प्रतियोगिता आयोजित



**गोड्डा।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर मंगलवार को स्थानीय गांधी मैदान में जिला नेटबॉल संघ के तत्वावधान में नेटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं क्लबों के लगभग 100 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में शाइनिंग स्टार टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि स्लैम शूटर टीम उपविजेता रही। वहीं बालक वर्ग में होप ड्रीम्स ने प्रथम स्थान हासिल किया तथा रॉयल चैलेंजर्स टीम द्वितीय स्थान पर रही। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी बैद्यनाथ उरांव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक विकास का माध्यम है, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को भी मजबूत बनाता है। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास कर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले और राज्य का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी डॉ. प्राण महतो भी उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर जिला नेटबॉल संघ के कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र गांधी, संघ के सदस्य रंजीत राठौर, मोहित वर्मा, कृष्णा कुमारी, बिट्टू सिंह, पुतुल कुमारी सहित अन्य खेल प्रेमी और अभिभावक भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी मोनालिसा कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में लगभग 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन पर सभी विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## सड़क निर्माण में गड़बड़ी का आरोप, ग्रामीणों ने रुकवाया काम, जांच तक निर्माण पर लगी रोक

**जामताड़ा।** जामताड़ा जिले के पंजनिया पंचायत अंतर्गत डेराडीह से डुमरीकुहली तक बन रही पीसीसी सड़क निर्माण योजना में कथित अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। करीब 20 लाख रुपये की लागत से ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित इस योजना के निर्माण कार्य को ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने रोक दिया।ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था। ढलाई के दौरान न तो विभागीय कर्मी मौजूद थे और न ही ठेकेदार का कोई जिम्मेदार प्रतिनिधि, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ गई।पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अकबर अंसारी के नेतृत्व में ग्रामीण कार्यस्थल पर पहुंचे और निर्माण कार्य बंद करा दिया। उन्होंने कहा कि जनता के धन से बनने वाली योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार स्वीकार नहीं किया जाएगा। पंचायत मुखिया नरेंद्र मुर्मू ने आरोप लगाया कि कुछ ठेकेदार और विभागीय कर्मियों की कथित मिलीभगत से घटिया निर्माण कर सरकार की विकास योजनाओं को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है।ग्रामीण प्रतिनिधियों ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। सूचना मिलने पर ग्रामीण विकास विभाग के एसडीओ मौके पर पहुंचे और निरीक्षण किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि जांच में गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## आहना और समर्थ बने ओलंपिक डे पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता



**गोड्डा।** हॉकी झारखंड के तत्वावधान में हॉकी गोड्डा द्वारा मंगलवार शाम इंटरनेशनल ओलंपिक डे के अवसर पर पेंटिंग्स कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। स्थानीय इंडोर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के सीनियर ग्रुप में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की आहना गुप्ता पहले स्थान पर, ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल के प्रिंस कुमार दूसरे स्थान पर जबकि पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की कोमल अतुल्या, ज्ञानस्थली के प्रतीक कुमार एवं जीसस एंड मेरी इंग्लिश कॉन्वेंट स्कूल की रिया कुमारी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। जूनियर ग्रुप का प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार पुरस्कार डीएवी पब्लिक स्कूल गोड्डा के छात्र क्रमशः समर्थ बजाज आदित्य कुमार ठाकुर जबकि तृतीय पुरस्कार पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की विद्या भारती एवं डीएवी पब्लिक स्कूल के धीरज कुमार ठाकुर को संयुक्त रूप से दिया गया। नर्सरी क्लास के अयांश कुमार एवं यूकेजी की आराध्या को विशेष पुरस्कार देकर हौसलाफजाई किया गया। सभी विजेता प्रतिभागियों को बतौर मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी डॉ. प्राण महतो ने मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि चित्रकला के माध्यम से बच्चे अपनी भावना का चित्रण करते हैं। यह दुनिया की श्रेष्ठ एवं खूबसूरत विद्याओं में से एक है।

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण बीएलए का प्रशिक्षण आयोजित

**राजमहल।** राजमहल प्रखंड कार्यालय के सभागार में सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी राजमहल मो यूसुफ की अध्यक्षता में बुधवार को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत् प्रशिक्षण का आयोजन किया गया. प्रशिक्षण में मुख्य रूप से प्रखंड अंतर्गत विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के बीएलए उपस्थित हुए. प्रशिक्षण में मुख्य रूप से बीडीओ मो यूसुफ द्वारा एसआईआर के दौरान बीएलए की भूमिका पर विस्तृत रूप से जानकारी दी. जिसमें बताया गया कि बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित करते हुए गणना फॉर्म के वितरण और संकलन में अहम भूमिका निभाते हुए कार्य करेंगे. उन्होंने सभी को बताया कि मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य यह है कि कोई भी पात्र मतदाता छूटे नहीं और कोई भी गलत मतदाता शामिल नहीं हो.मौके पर पंचायत राज पदाधिकारी सूर्यनारायण चौधरी, बीपीओ गगन बापू, विजय कुमार, अनिसुर रहमान, दीपक चंद्रवंशी, मो मुर्शीद राजा सहित अन्य उपस्थित थे.

## लंबित मामलों के त्वरित और नियमसम्मत निष्पादन करें सुनिश्चित : डीसी



**संताल एक्सप्रेस**

**गोड्डा।** समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवार को जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्थापना समिति एवं अनुकम्पा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित स्थापना मामलों, सेवा संबंधी प्रस्तावों तथा अनुकम्पा नियुक्ति से जुड़े लंबित एवं नवीन मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई।बैठक में विभिन्न विभागों से प्राप्त अनुकम्पा नियुक्ति से संबंधित लंबित 4 मामले की समीक्षा की गई जिसमें 1 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई।उपायुक्त ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि अनुकम्पा नियुक्ति से संबंधित पेंडिंग पड़े मामलों में आवश्यक दस्तावेजों का शीघ्र सत्यापन करते हुए पात्र मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को समय पर राहत एवं सहारा मिल सके।उन्होंने कहा कि अनुकम्पा नियुक्ति का उद्देश्य दिवंगत सरकारी सेवकों के आश्रित परिवारों को कठिन परिस्थितियों में आर्थिक एवं सामाजिक संबल प्रदान करना है। ऐसे मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए पात्र लाभुकों को शीघ्र लाभ उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में विभिन्न मामलों पर समिति के सदस्यों द्वारा अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए, जिनके आधार पर नियमानुसार आवश्यक निर्णय लिए गए। साथ ही लंबित मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए गए।उपायुक्त ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थापना एवं अनुकम्पा से संबंधित मामलों का नियमित अनुश्रवण किया जाए तथा किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्यों में जवाबदेही, पारदर्शिता एवं समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए । बैठक में उप विकास आयुक्त विस्पुते श्री कांत यशवंत, अपर समाहर्ता इन्दर कुमार, सिविल सर्जन, डॉ0 एससी शर्मा, अनुमंडल पदाधिकारी वैद्यनाथ उरांव, जिला कल्याण पदाधिकारी, सुधीर प्रसाद सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिला टुडू सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

## अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**गोड्डा।** पुलिस को मिली गुप्त सूचना के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए बलबड्डा थाना क्षेत्र से एक युवक को अवैध हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान भागलपुर जिले के सनोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत जल्हा गांव निवासी 32 वर्षीय सद्दाम मंसूरी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, एक मोबाइल फोन तथा एक होंडा एसपी मोटरसाइकिल बरामद कर जब्त कर लिया है।पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध व्यक्ति नीले रंग की होंडा एसपी मोटरसाइकिल (संख्या जेएच 17 एजी 5132) से मेहरमा की ओर से डोय होते हुए बलबड्डा की तरफ जा रहा है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना के आधार पर पुलिस निरीक्षक रूबी एड्रीना मिंज के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया और विभिन्न स्थानों पर छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसी दौरान डोय से आमौर के बीच सड़क पर वाहन जांच के क्रम में पुलिस ने संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर चालक भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन जवानों ने तत्परता दिखाते हुए उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक लोहे का देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और एक ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया गया।पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह लोगों में भय पैदा करने, रौब जमाने तथा चोरी और छिनतई जैसी घटनाओं में हथियार का इस्तेमाल करता था।

## पीहू और हर्षिता बनी ओलंपिक डे वाक प्रतियोगिता की विजेता



**गोड्डा।** झारखंड राज्य कुश्ती संघ के तत्वावधान में जिला कुश्ती संघ गोड्डा द्वारा मंगलवार शाम इंटरनेशनल ओलंपिक डे के अवसर पर स्पीच कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया। स्थानीय इंडोर स्टेडियम के कुश्ती कक्ष में आयोजित ÷स्व. जसपाल राणा÷ व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषयक उक्त भाषण प्रतियोगिता के सीनियर ग्रुप में सेंट थॉमस स्कूल गोड्डा की छात्रा पीहू पहले स्थान पर, डीएवी पब्लिक स्कूल गोड्डा की अतिथि प्रिया एवं वीर कुंवर सिंह कॉलेज की समीक्षा भारती संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर जबकि डीएवी पब्लिक स्कूल गोड्डा की आकांक्षा राज एवं पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की दीक्षा रानी संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रही। जूनियर ग्रुप में डीएवी पब्लिक स्कूल गोड्डा की हर्षिता प्रिया विजेता बनी ।

## कर्माटांड़ में नशा मुक्त भारत अभियान



**कर्माटांड़ ।** प्रखंड सभागार में झालसा रांची के दिशा-निर्देशों एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जामताड़ा के अध्यक्ष व सचिव के कुशल मार्गदर्शन में आज कर्माटांड़ प्रखंड परिसर में एक वृहद नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले घातक दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में प्रेरित करना था।नशा÷ बीमारियों की जड़ कार्यक्रम के दौरान उपस्थित वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को खोखला कर देता है। नशीले पदार्थों का सेवन शरीर में कई लाइलाज और गंभीर बीमारियों को जन्म देता है, जिससे न केवल आर्थिक क्षति होती है, बल्कि असमय मृत्यु का जोखिम भी बढ़ जाता है। समाज के सभी वर्गों का यह दायित्व है कि वे नशे के खिलाफ एक संगठित आवाज उठाएं और आने वाली पीढ़ी को इस जहर से सुरक्षित रखें। सामूहिक जिम्मेदारी और प्रचार-प्रसार अभियान के तहत उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों ने जनमानस से अपील की कि वे अपने आस-पास के क्षेत्रों में नशा मुक्ति का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। एक नशा मुक्त भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक होना अनिवार्य है। कार्यक्रम में इस बात पर भी चर्चा की गई कि कैसे छोटे-छोटे प्रयासों से हम अपने समाज को नशामुक्त कर एक स्वस्थ वातावरण का निर्माण कर सकते हैं। प्रमुख उपस्थिति इस जागरूकता कार्यक्रम में कर्माटांड़ के अंचलाधिकारी चुनाराम हेंब्रम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने लोगों को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया। साथ ही, विधिक सेवा प्राधिकार से जुड़े पीएलवी गोपाल मंडल , श्रीनाथ गोरीई और देव श्री मुर्मू ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## नाला में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**संवाददाता नाला (जामताड़ा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के सचिव श्री पवन कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, नाला में 90 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान ÷सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य के अंतर्गत लीगल लिटरेसी क्लब के माध्यम से विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया। साथ ही बाल विवाह रोकथाम विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी गई, जिसके माध्यम से बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं इसके विरुद्ध समाज की भूमिका को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार जामताड़ा के सचिव श्री पवन कुमार ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, इसलिए उन्हें अपने अधिकारों, कर्तव्यों तथा विभिन्न कानूनों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि शिविर में प्राप्त विधिक जानकारियों को अपने परिवार, मित्रों एवं समाज के अन्य लोगों के साथ साझा करें, ताकि विधिक जागरूकता का व्यापक प्रसार हो सके।उन्होंने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम एवं बाल विवाह की रोकथाम विषय पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति होने के साथ-साथ कानूनन दंडनीय अपराध भी है।इससे बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं समग्र विकास प्रभावित होता है तथा उनके भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने छात्राओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा बाल विवाह जैसी कुप्रथा के विरुद्ध आवाज उठाने का आह्वान किया।

## अतीत के आपातकाल का अध्याय

1975 में जनता ने सत्ता को सबक सिखाया था,क्या आज की राजनीति इतिहास से सीख रही है? 1975 का आपातकाल,वर्तमान चुनौतियाँ और संविधान की चेतावनी इतिहास केवल स्मृति है या वर्तमान के लिए एक आईना ?25 जून 1975 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास की वह तिथि है,जिसे स्वतंत्र भारत के सबसे विवादास्पद और बहुचर्चित राजनीतिक निर्णयों में गिना जाता है।आज ही के दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की सलाह पर देश में आंतरिक आपातकाल लागू किया गया। संविधान के अनुच्छेद 352 के अंतर्गत घोषित इस आपातकाल ने भारतीय लोकतंत्र में नागरिक स्वतंत्रताओं,प्रेस की स्वतंत्रता और संवैधानिक संस्थाओं की भूमिका को कठोर परीक्षा के दौर से गुजारा। लगभग पाँच दशक बाद भी आपातकाल केवल इतिहास का एक अध्याय नहीं है,बल्कि लोकतंत्र को निरंतर सजग रखने वाली चेतावनी है।उस समय इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा इन्दिरा गांधी के निर्वाचन को अमान्य घोषित किए जाने,जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में चल रहे व्यापक जनांदोलन और राजनीतिक अस्थिरता के माहौल के बीच आपातकाल लागू किया गया। इसके बाद जो घटनाएँ सामने आईं, उन्होंने लोकतंत्र की बुनियाद को झकझोर दिया।विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारियाँ हुईं,प्रेस पर सेंसरशिप लागू की गई,नागरिक अधिकार सीमित कर दिए गए और सत्ता का अभूतपूर्व केंद्रीकरण देखने को मिला।जयप्रकाश नारायण, मोरारजी देसाई,अटल बिहारी वाजपेयी,लालकृष्ण आडवाणी, जॉर्ज फर्नांडिस सहित हजारों राजनीतिक कार्यकर्ताओं को जेलों में डाल दिया गया।मीसा और अन्य कानूनों के तहत व्यापक गिरफ्तारियाँ हुईं।अनेक समाचार- पत्रों को समाचार प्रकाशित करने से पहले सरकारी अनुमति लेनी पड़ती थी।लोकतंत्र की आत्मा कहे जाने वाले अभिव्यक्ति के अधिकार पर पहरा बैठ गया था।सर्वोच्च न्यायालय का चर्चित एडीएम जबलपुर मामला आज भी भारतीय न्यायिक इतिहास में बहस का विषय है।उस समय न्यायपालिका का एक बड़ा हिस्सा सत्ता के दबाव के सामने कमजोर दिखाई दिया, जबकि न्यायमूर्ति एच.आर.खन्ना का असहमति वाला मत लोकतांत्रिक साहस का प्रतीक बन गया।बाद में गठित शाह आयोग ने भी प्रशासनिक और राजनीतिक दुरुपयोगों की ओर संकेत किया। इन घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि लोकतंत्र में संस्थाओं की स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों की रक्षा कितनी आवश्यक है।किन्तु भारतीय लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति यह रही कि जनता ने अंततः अपना फैसला सुनाया।1977 के आम चुनाव में कांग्रेस सत्ता से बाहर हुई और जनता पार्टी की सरकार बनी।यह केवल सरकार की हार नहीं थी,बल्कि लोकतंत्र की जीत थी।जनता ने यह संदेश दिया कि लोकतंत्र में अंतिम शक्ति किसी नेता,दल या सरकार के पास नहीं, बल्कि मतदाता के पास होती है। बाद के वर्षों में कांग्रेस के अनेक नेताओं ने स्वीकार किया कि आपातकाल एक गंभीर राजनीतिक भूल थी।लोकतंत्र केवल दण्ड देने की व्यवस्था नहीं है,वह सुधार का अवसर भी देता है।यही कारण था कि 1980 में जनता ने पुनः इन्दिरा गांधी को सत्ता में लौटने का अवसर दिया।यह भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता का अद्भुत उदाहरण था। 1975 में जनता ने सत्ता को सबक सिखाया था,क्या आज की राजनीति इतिहास से सीख रही है? 1975 का आपातकाल, वर्तमान चुनौतियाँ और संविधान की चेतावनी इतिहास केवल स्मृति है या वर्तमान के लिए एक आईना ? यही वह बिंदु है,जहाँ इतिहास वर्तमान से संवाद करता है।

# आपातकालः इंदिरा गांधी की क्रूरता को देश कभी नहीं भूल सकता

**बाबूलाल मरांडी**



आपातकाल = भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला अध्याय

अंग्रेजों से स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद भारत एक लोकतांत्रिक राष्ट्र बना, किंतु स्वतंत्रता के ठीक 28 वर्ष बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा थोपा गया आपातकाल भारतीय लोकतंत्र पर सबसे बड़ा आघात सिद्ध हुआ। 25 जून 1975 की मध्यरात्रि को लागू किया गया आपातकाल लोकतांत्रिक संस्थाओं, नागरिक स्वतंत्रताओं और संविधान की मूल भावना को कुचलने का प्रयास था।

26 जून 1975 की सुबह प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आकाशवाणी के माध्यम से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा, ÷राष्ट्रपति ने आपातकाल की घोषणा की है। घबराने की कोई बात नहीं है। किंतु यह घोषणा भारतीय लोकतंत्र के लिए एक भयावह दौर की शुरुआत थी। सत्ता बचाने की लालसा में इंदिरा गांधी ने तानाशाही का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी स्मृतियाँ आज भी उस पीढ़ी को विचलित कर देती हैं।

भारत इससे पूर्व अनुच्छेद-352 के अंतर्गत दो बार आपातकाल देख चुका था–1962 में चीन के आक्रमण तथा 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान। किंतु 1975 का आपातकाल पहली बार ÷आंतरिक अशांति÷ के आधार पर घोषित किया गया था।

आपातकाल की घोषणा के साथ ही जयप्रकाश नारायण, मोरारजी देसाई, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, जॉर्ज फर्नांडिस सहित सैकड़ों विपक्षी नेताओं को रातोंरात गिरफ्तार कर लिया गया। सत्ता पक्ष में होते हुए भी चंद्रशेखर को जेल भेज दिया गया क्योंकि वे इंदिरा गांधी की नीतियों के आलोचक बन चुके थे।

प्रेस पर कठोर सेंसरशिप लागू कर दी गई। समाचार-पत्रों को प्रकाशन से पहले सरकारी स्वीकृति लेना अनिवार्य कर दिया गया। मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए और नागरिक स्वतंत्रताओं का दमन किया गया। परिणामस्वरूप कार्यपालिका निरंकुश हो गई तथा लोकतंत्र का स्वरूप लगभग समाप्त-सा हो गया।

इंदिरा गांधी केवल आपातकाल लागू कर संतुष्ट नहीं हुईं। उन्होंने इसी अवधि में 42वाँ संविधान संशोधन भी कराया, जिसे संविधान के इतिहास के सबसे व्यापक और विवादास्पद संशोधनों में गिना जाता है। आलोचकों ने इसे मिनी संविधान तक कहा। पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जे.सी. शाह की अध्यक्षता में गठित शाह आयोग ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि 25 जून 1975 को राष्ट्रपति को आपातकाल की सलाह देने से पहले मंत्रिपरिषद से समुचित परामर्श नहीं किया गया था। आयोग ने यह भी माना कि आपातकाल किसी वास्तविक राष्ट्रीय संकट का परिणाम नहीं था, बल्कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा इंदिरा गांधी के निर्वाचन को अवैध घोषित किए जाने के बाद उत्पन्न राजनीतिक संकट से उबरने का एक पूर्वनियोजित प्रयास था।

इमरजेंसी की पृष्ठभूमि

1971 के लोकसभा चुनाव में रायबरेली से जीत हासिल करने के बाद इंदिरा गांधी के प्रतिद्वंद्वी राजनारायण ने उनके निर्वाचन को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी। उन पर सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग और चुनावी भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए।

उधर देश गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा था। महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर थे। गुजरात और बिहार में छात्र आंदोलनों ने व्यापक जनसमर्थन प्राप्त कर लिया था। 1974 में जॉर्ज फर्नांडिस के नेतृत्व में हुई देशव्यापी रेल हड़ताल ने केंद्र सरकार की मुश्किलें और बढ़ा दी थीं।

12 जून 1975 को न्यायमूर्ति जगमोहनलाल सिन्हा ने इंदिरा गांधी के निर्वाचन को अवैध घोषित करते हुए उन्हें छह वर्षों तक चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहरा दिया। इसके बाद उनकी राजनीतिक स्थिति संकट में आ गई। इसी पृष्ठभूमि में 25 जून 1975 की रात राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद की मंजूरी से देश में आपातकाल लागू कर दिया गया।

इस्तीफे के बजाय आपातकाल

संसदीय लोकतंत्र में ऐसी परिस्थिति आने पर नैतिक आधार पर त्यागपत्र देना एक स्वाभाविक विकल्प माना जाता है।

इंदिरा गांधी चाहतीं तो किसी अन्य वरिष्ठ नेता को प्रधानमंत्री पद सौंप सकती थीं, किंतु उन्होंने ऐसा नहीं किया। इसके विपरीत उन्होंने आपातकाल का रास्ता चुना और सत्ता अपने हाथों में केंद्रित कर ली।

19 महीने का काला दौर

आपातकाल कुल 19 महीनों तक चला। इस दौरान संसद की अवधि बढ़ा दी गई और लोकतांत्रिक प्रक्रियाएँ सीमित कर दी गईं। मार्च 1977 में जब आम चुनाव हुए तो जनता ने कांग्रेस को सत्ता से बाहर कर दिया। स्वयं इंदिरा गांधी रायबरेली से चुनाव हार गईं।

मीसा और डीआईआर का कहर

आपातकाल के दौरान मीसा (MISA) और डीआईआर (DIR) के तहत एक लाख से अधिक लोगों को जेलों में बंद किया गया। जयप्रकाश नारायण सहित अनेक नेताओं को लंबी अवधि तक कारावास झेलना पड़ा।

इसी काल में संजय गांधी के प्रभाव में व्यापक स्तर पर नसबंदी अभियान चलाया गया। लाखों लोगों की जबरन नसबंदी कराई गई। अनेक स्थानों पर प्रशासनिक दबाव और पुलिस कार्रवाई के माध्यम से लोगों को इस अभियान का शिकार बनाया गया।

नरेंद्र मोदी की दृष्टि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी पुस्तक "The Emergency Diaries" में आपातकाल के दौरान के अनुभवों का उल्लेख किया है। उन्होंने लिखा है कि उस समय वे एक युवा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रचारक थे और लोकतंत्र की रक्षा के लिए चल रहे आंदोलन से जुड़े थे। उनके अनुसार, आपातकाल का दौर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के महत्व को समझने का एक बड़ा अनुभव था।

आज का भारत 1975 वाला भारत नहीं, लेकिन आपातकाल की टीस अमिट

आज का भारत 1975 वाला भारत नहीं है। लोकतांत्रिक संस्थाएँ कहीं अधिक मजबूत हैं और नागरिक अपने अधिकारों के प्रति अधिक सजग हैं। किंतु आपातकाल की स्मृति हमें यह चेतावनी देती है कि लोकतंत्र केवल संविधान की धाराओं से नहीं, बल्कि सत्ता की जवाबदेही, नागरिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण से जीवित रहता है।

25 जून 1975 का आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का वह अध्याय है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

यह सत्ता के केंद्रीकरण और संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग के खतरों का स्थायी स्मरण कराता है।

लेखक झारखंड विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता हैं।

## पाकुड़ की खबरें

## प्रवासी श्रमिकों के आश्रितों को मिली सहायता राशि, उपायुक्त ने वितरित किए चेक



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

पाकुड़। मुख्यमंत्री अन्तर्राज्यीय प्रवासी श्रमिक सहायता योजना के तहत बुधवार को समाहरणालय, पाकुड़ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राज्य से बाहर कार्यरत प्रवासी श्रमिकों की मृत्यु के बाद उनके आश्रितों को सहायता राशि प्रदान की गई। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने लाभुकों के बीच स्वीकृत राशि के चेक वितरित किए।योजना के अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु होने के मामले में इलामी गांव निवासी सालेमा बीबी को 1 लाख 50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। वहीं सामान्य मृत्यु के मामलों में अमड़ापाड़ा संथाली निवासी नुगनु हाँसदा, सोनाधनी पंचायत के छोटाजारा गांव निवासी मागी पहाड़िन तथा महेशपुर प्रखंड के प्रतापपुर गांव निवासी सिलीफन हेम्ब्रम को 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि का चेक दिया गया।इस अवसर पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि परिवार के कमाऊ सदस्य की मृत्यु एक बड़ी क्षति होती है। ऐसे कठिन समय में सरकार द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता प्रभावित परिवारों को संबल प्रदान करने का कार्य करती है। उन्होंने जिले के श्रमिकों से श्रम विभाग में अपना पंजीकरण कराने की अपील करते हुए कहा कि पंजीकरण के माध्यम से विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर प्राप्त किया जा सकता है।

## कौशल विकास केंद्र में तीन नए रोजगारपरक कोर्स शुरू, एक जुलाई से मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

संताल एक्सप्रेस संवाददाताअमड़ापाड़ा(पाकुड़)पचुवाड़ा नार्थ कोल ब्लॉक की एमडीओ कंपनी बीजीआर के कौशल विकास केंद्र में बुधवार को सीएसआर के तहत तीन नए रोजगारपरक प्रशिक्षण कोर्स का शुभारंभ किया गया। इनमें डंपर सिम्युलेटर, मोबाइल रिपेयरिंग एवं इलेक्ट्रिशियन कोर्स शामिल हैं। इन कोर्सों का नियमित प्रशिक्षण आगामी एक जुलाई से शुरू होगा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ प्रमोद कुमार गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सीओ औसाफ अहमद खां मौजूद थे। वहीं शार प्रोजेक्ट के वाइस प्रेसिडेंट दिलीप तमान, प्रोजेक्ट मैनेजर शिवचंद्रा, कंपनी के अधिकारी अनमोल सिंह, सीएसआर के महाप्रबंधक संजय बेसरा समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थेकार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गयी। इसके बाद केंद्र में पूर्व से संचालित सिलाई-कढ़ाई, एलएमवी मोटर प्रशिक्षण एवं कंप्यूटर कोर्स पूरा कर चुके प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र एवं सिलाई मशीन प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने उर्मिला कुमारी, मिनोति सोरेन, अजय सोरेन, चार्ल्स मरांडी, मेहरून निशा एवं नैना कुमारी को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## अमड़ापाड़ा में निकाला फ्लैग मार्च



अमड़ापाड़ा(पाकुड़)।आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को अमड़ापाड़ा थाना पुलिस की ओर से मुख्य बाजार क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनूप रोशन भेंगरा के नेतृत्व में निकाले गए फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया तथा पर्व के दौरान आपसी भाईचारा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गयी। फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर मुख्य बाजार के पोखरिया मोड़, मस्जिदे गोशिया, बस स्टैंड, मंदिर टोला सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा और पुनः थाना परिसर पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान पुलिस बल ने संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का जायजा लिया तथा स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित कर प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। थाना प्रभारी अनूप रोशन भेंगरा ने कहा कि मुहर्रम के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।


**आसनसोल मंडल रे ट्रैक ञेलजो़तो़न का़मीय ला़गित् ट्रेनको चालाव-बानाव बेबो़सता**

ट्रैक ञेलजो़तो़न का़मी ला़गित्, आसनसोल मंडल रेयाक् जसीडीह-मधुपुर खंड रे डाउन लाइनको रे **मा़हित 25.06.26 (सा़रदीमाहां) आर 28.06.26 (सिंगेमाहां) हिलोक् 3 घंटा 30 मिनट** ला़गित् **ट्रैफिक आर पावर ब्लॉक** रेयाक् ला़कती ताहेंना। ओनाते, लातार रे ओ़लाकान ट्रेनको दो़ लातार नोडका लेका चालाव-बानावो़क्आः • **जिरा़उः 63546 जसीडीह-अण्डाल एमईएमयू पैसेंजर** ट्रेन मा़हित 25.06.26आर 28.06.26 हिलोक् जिरा़उ गे ताहेंना। • **हुडिञ सांगार मुचा़द/हुडिञ सांगार एहो़ब [ मा़हित 25.06.26 आर 28.06.26 ]: (1) 63509 बर्द्धमान-झाझा एमईएमयू** ट्रेन मधुपुर रे हुडिञ सांगारे मुचा़दा आर मधुपुर आर झाझा स्टेशनको ताला रे सेवा दो़ जिरा़उ गे ताहेंना। **(2) 63510 झाझा-बर्द्धमान एमईएमयू** ट्रेन मधुपुर खो़न हुडिञ सांगारे एहो़बा आर झाझा आर मधुपुर स्टेशन ताला रे सेवा दो़ जिरा़उ गे ताहेंना। ओ़सुबिता ला़गित् दुक मेनाक्आ।

**मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल**

**पूर्व रेलवे**

नो़ंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला में 134 युवाओं का ऑन-द-स्पॉट चयन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



**पाकुड़ ।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत जिला नियोजनालय सह मॉडल करियर सेंटर, पाकुड़ द्वारा बुधवार को बाजार समिति परिसर में एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान आठवीं पास से लेकर स्नातक स्तर तक के अभ्यर्थियों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। रोजगार मेले में कुल 530 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया। कंपनियों द्वारा आयोजित साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया के बाद 134 अभ्यर्थियों का ऑन-द-स्पॉट चयन किया गया, जबकि 258 अभ्यर्थियों को आगे की चयन प्रक्रिया के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए।जिला नियोजन पदाधिकारी राहुल कुमार ने कहा कि पहली नौकरी युवाओं के करियर की महत्वपूर्ण शुरुआत होती है।

युवाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को रोजगारोन्मुखी बनाने के लिए विभिन्न कौशल विकास कार्यक्रम संचालित कर रही है, जिनका लाभ उठाकर युवा अपने उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रख सकते हैं।कार्यक्रम में राजेडी सचिव रंजीत कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी राहुल कुमार, विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि, विभागीय पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में अभ्यर्थी उपस्थित थे।

## सीएचसी परिसर में घुसा लंगूर, दो लोगों को काटा

**संताल एक्सप्रेस**



महेशपुर (पाकुड़)। महेशपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में बुधवार दोपहर एक लंगूर के अचानक घुस आने से अफरा-तफरी मच गई। लंगूर अस्पताल परिसर में दौड़ते हुए ओपीडी, इमरजेंसी और वार्ड के कमरों में घुसने लगा। इस दौरान उसने दो लोगों को काटकर घायल कर दिया, जिससे मरीजों, उनके परिजनों और अस्पताल कर्मियों में दहशत का माहौल बन गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लंगूर सबसे पहले ओपीडी परिसर में दिखाई दिया और वहां से इमरजेंसी वार्ड की ओर दौड़ गया। इस दौरान रास्ते में आने वाले लोगों पर झपट्टा मारने लगा। इसी क्रम में उसने दो लोगों को काट लिया। घटना के बाद दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल में प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया गया। चिकित्सकों ने बताया कि दोनों की स्थिति खतरे से बाहर है तथा एंटी-रेबीज का इंजेक्शन दे दिया गया है।मरीजों की सुरक्षा को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने तत्परता दिखाते हुए सिविल सर्जन एवं थाना प्रभारी को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की रेस्क्यू टीम अस्पताल पहुंची। टीम ने अस्पताल कर्मियों के सहयोग से परिसर के सभी कमरों की तलाशी ली। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद लंगूर को अस्पताल के पीछे स्थित एक कमरे में जाल और बेहोशी की दवा की मदद से सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया गया।

लंगूर के पकड़े जाने के बाद अस्पताल प्रशासन, मरीजों और उनके परिजनों ने राहत की सांस ली।

## स्थायी लोक अदालत में त्वरित समाधान को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित

पाकुड़। जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए), पाकुड़ के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डीएलएसए पाकुड़ दिवाकर पांडेय के निर्देश पर पंजाब नेशनल बैंक, हरिणडांगा बाजार, पाकुड़ में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार शुक्ला, सदस्य मो. अबारुल हक, राजीव कुमार झा तथा बैंक शाखा प्रबंधक बी. हांसदा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। शिविर में वक्ताओं ने स्थायी लोक अदालत के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित विवादों का त्वरित, सौहार्दपूर्ण एवं कम खर्च में समाधान उपलब्ध कराना है। बताया गया कि बिजली, जलापूर्ति, डाक एवं दूरसंचार, परिवहन, अस्पताल, बीमा तथा अन्य जनोपयोगी सेवाओं से जुड़े विवादों का समाधान स्थायी लोक अदालत के माध्यम से आपसी समझौते और सरल प्रक्रिया के जरिए कराया जाता है।बताया गया कि पात्र व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकार, पाकुड़ में आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत कर निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। गरीब, महिलाएं, बच्चे, अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), दिव्यांगजन एवं अन्य पात्र वर्गों को इसका विशेष लाभ मिलता है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बीएलए-2 की बैठक आयोजित

संताल एक्सप्रेस संवाददातालिट्टीपाड़ा (पाकुड़)। प्रखंड सभागार भवन में मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीएम) साइमन मरांडी की अध्यक्षता में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए-2) उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई। एसडीएम साइमन मरांडी ने बीएलए-2 को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची का सत्यापन कर पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, त्रुटियों में सुधार कराने तथा अपात्र नामों को चिन्हित करने में सक्रिय सहयोग करें।उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाना लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। पुनरीक्षण कार्य के माध्यम से प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा।बैठक में पुनरीक्षण कार्य से संबंधित दिशा-निर्देशों, आवश्यक दस्तावेजों तथा निर्धारित समय-सीमा की भी जानकारी साझा की गई। साथ ही बीएलए-2 को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप कार्य करने और मतदाताओं को जागरूक करने का आह्वान किया गया।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार, प्रखंड अध्यक्ष प्रसाद हांसदा, सचिव जावेद अंसारी, मुखिया जोसेफ मालतो सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## मोहर्रम को लेकर लिट्टीपाड़ा पुलिस का फ्लैग मार्च



**लिट्टीपाड़ा (पाकुड़)।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से लिट्टीपाड़ा पुलिस ने बुधवार को फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर प्रभारी थाना प्रभारी अनिल पंडित के नेतृत्व में निकाले गए फ्लैग मार्च में पुलिस बल के जवान शामिल हुए।फ्लैग मार्च थाना परिसर से शुरू होकर तिलका मांझी चौक, रांगा सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः थाना परिसर पहुंचा। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा आम लोगों से शांति, सद्भाव और भाईचारा बनाए रखने की अपील की।प्रभारी थाना प्रभारी अनिल पंडित ने कहा कि मोहर्रम पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। क्षेत्र में असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है और अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

## साइकिलिंग व एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित




संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन एवं जिला ओलंपिक संघ, पाकुड़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित खेल सप्ताह के दूसरे दिन बैंक कॉलोनी स्टेडियम में जिला स्तरीय साइकिलिंग एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया।साइकिलिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी राहुल कुमार, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अर्धेन्दु गांगुली तथा सचिव रणवीर सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। बालक एवं बालिका वर्ग की प्रतियोगिता में कुल 50 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। विभिन्न आयु वर्गों में आयोजित स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने अपनी गति, सहनशक्ति और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का परिचय दिया।प्रतियोगिता के समापन पर विजेता खिलाड़ियों को पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती, जिला क्रीड़ा पदाधिकारी राहुल कुमार तथा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र चौधरी ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में भी खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा जिले, राज्य और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।अधिकारियों ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और ओलंपिक मूल्यों–उत्कृष्टता, मित्रता एवं सम्मान–को आत्मसात करने का संदेश देता है।

## विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़। जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) पाकुड़ के तत्वावधान में उच्च माध्यमिक विद्यालय रामचंद्रपुर में अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डालसा सचिव रूपा बंदना किरो, डीएसपी मुख्यालय उज्जवल कुमार साहा, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ मो. नुकुमुद्दीन शेख तथा नरोत्तमपुर की मुखिया झरना मरांडी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों, इसके सामाजिक एवं कानूनी परिणामों की जानकारी दी। डालसा सचिव रूपा बंदना किरो ने कहा कि नशा युवाओं को उनके लक्ष्य से भटकाकर भविष्य को प्रभावित करता है, इसलिए सभी को नशे से दूर रहना चाहिए। डीएसपी उज्जवल कुमार साहा ने कहा कि नशा कई प्रकार के अपराधों को जन्म देता है और परिवार व समाज को नुकसान पहुंचाता है। कार्यक्रम में मादक द्रव्यों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ सामूहिक शपथ दिलाई गई। साथ ही नालसा की योजनाओं एवं टोल फ्री नंबर 15100 के माध्यम से मिलने वाली कानूनी सहायता की जानकारी भी दी गई। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने भी नशा मुक्ति के पक्ष में अपने विचार रखे और समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया।

## बीएलए-2 का प्रशिक्षण आयोजित



संताल एक्सप्रेस संवाददातामहेशपुर (पाकुड़)। महेशपुर प्रखंड सभागार में बुधवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में राजनीतिक दलों के बूथ स्तर अभिकर्ताओं (बीएलए-2) का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में महेशपुर प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 1 से 100 तक के भारतीय जनता पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बीएलए-2 ने भाग लिया।प्रशिक्षण सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. सिद्धार्थ शंकर यादव तथा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी संजय सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से दिया गया।प्रशिक्षकों ने बताया कि झारखंड में 30 जून से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। इसके प्रथम चरण में सभी मतदाताओं के बीच गणना प्रपत्र का वितरण किया जाएगा। गणना प्रपत्र की एक प्रति मतदाता अपने पास सुरक्षित रखेंगे, जबकि दूसरी प्रति भरकर बूथ स्तर अभिकर्ता को सौंपेंगे।बीडीओ ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में बीएलए-2 की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरने में सहायता करेंगे तथा प्रतिदिन अधिकतम 50 भरे हुए प्रपत्रों को सत्यापित सूची के साथ बूथ स्तर पदाधिकारी (बीएलओ) को ऑनलाइन प्रविष्टि हेतु उपलब्ध कराएंगे।उन्होंने बताया कि बीएलए-2 मृत, स्थानांतरित एवं दोहरे नाम वाले मतदाताओं की पहचान कर सूची तैयार करने में भी बीएलओ की सहायता करेंगे। साथ ही विभागीय निर्देशानुसार आयोजित होने वाली बूथ स्तरीय बैठकों में उनकी सहभागिता अनिवार्य होगी।प्रशिक्षण के दौरान दृश्य यंत्र, पीपीटी प्रस्तुति एवं वीडियो के माध्यम से प्रतिभागियों को उनके कर्तव्यों, दायित्वों एवं पुनरीक्षण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

## 1 से 5 वर्ष के बच्चों के लिए लगा आधार कार्ड शिविर



**देवघर।** जिले के 1 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का आधार कार्ड बनाने के लिए बुधवार को सभी प्रखंडों के पंचायत भवनों में विशेष आधार नामांकन शिविर आयोजित किए गए। उपायुक्त के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान में बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों का आधार पंजीकरण कराने पहुंचे। जिला प्रशासन के अनुसार, आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े सभी नौनिहालों और छोटे बच्चों को आधार कार्ड से जोड़ने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन का लक्ष्य जिले के प्रत्येक बच्चे का आधार कार्ड बनवाना है, ताकि उन्हें आंगनबाड़ी सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर और बिना किसी परेशानी के मिल सके। उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने बताया कि बच्चों को सरकारी योजनाओं से शत-प्रतिशत जोड़ना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने प्रखंड के निर्धारित रोस्टर के अनुसार निकटतम पंचायत भवन पहुंचकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार कार्ड अवश्य बनवाएं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 0 से 5 वर्ष के बच्चों के नए आधार नामांकन के लिए माता-पिता में से किसी एक का आधार कार्ड तथा बच्चे का वैध जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य है। शिविर में आने वाले अभिभावकों से सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लाने का अनुरोध किया गया है। अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों और बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। उन्हें यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि कोई भी पात्र बच्चा आधार नामांकन की सुविधा से वंचित न रहे। विशेष शिविर के तहत देवघर प्रखंड के गिद्धनी, देवीपुर के अमडीहा, मधुपुर के उदयपुर, मोहनपुर के तारावाद, सारठ के चितरा, नगर निगम क्षेत्र के बरियारबांधी, सारवां के डकाय, करौं के टेकरा, पालोजोरी के भुरकुंडी तथा सोनारायठाढ़ी के महापुर पंचायत में आधार नामांकन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन ने अभिभावकों से इस सुविधा का लाभ उठाने और बच्चों का आधार पंजीकरण समय पर कराने की अपील की है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर प्रशिक्षण



**देवघर।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत देवघर में बीएलए-2 के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त तथा देवघर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड सभागार में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन उप निर्वाचन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी की देखरेख में किया गया। इस दौरान प्रशिक्षक अनिल कुमार ने बीएलए-2 को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं और जिम्मेदारियों की विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित किया गया। पहले चरण में देवघर नगर निगम क्षेत्र के बीएलए-2 को प्रशिक्षण दिया गया, जबकि दूसरे चरण में देवघर प्रखंड क्षेत्र के बीएलए-2 को आवश्यक दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मतदाता सूची के अद्यतन, सत्यापन और निर्वाचन कार्यों से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष चर्चा की गई। निर्वाचन कार्यालय की ओर से बताया गया कि जो बीएलए-2 प्रशिक्षण में शामिल नहीं हो सके हैं, उनके लिए गुरुवार को विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जाएगा। प्रथम पाली में सुबह 11 बजे से देवघर नगर निगम क्षेत्र के बीएलए-2 का प्रशिक्षण होगा, जबकि दूसरी पाली में दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक देवघर प्रखंड क्षेत्र के बीएलए-2 को प्रशिक्षण दिया जाएगा। निर्वाचन विभाग ने सभी शेष बीएलए-2 से निर्धारित समय पर पहुंचकर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है, ताकि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सके।

## डाबर ग्राम स्थित शक्तिपीठ में पांच कुंडीय यज्ञ



**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवघर जिले के डाबर ग्राम स्थित गायत्री शक्तिपीठ में बुधवार को गायत्री जयंती पर्व अत्यंत हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पांच कुंडीय यज्ञ का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यज्ञ के दौरान गायत्री मंत्र,महामृत्युंजय मंत्र, सूर्य गायत्री मंत्र,क्लीं बीज मंत्र एवं नवग्रह मंत्रों के साथ हवन किया गया। इन वैदिक मंत्रों के माध्यम से न केवल व्यक्तिगत कल्याण,बल्कि पूरे विश्व में आध्यात्मिक ऊर्जा के प्रसार की मंगल कामना की गई। साथ ही राष्ट्र की मजबूती एवं गौ-संरक्षण के उद्देश्य से विशेष मंत्रों की आहुतियां भी अर्पित की गईं। यह दिन अखिल विश्व गायत्री परिवार के लिए विशेष महत्व रखता है,क्योंकि इसी दिन इसके संस्थापक परम पूज्य गुरुदेव का महाप्रयाण दिवस भी मनाया जाता है। संयोगवश इसी दिन गंगा दशहरा होने के कारण मां गंगा के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए विशेष आहुतियां अर्पित की गईं। यज्ञ के दौरान कुल 9 संस्कार संपन्न कराए गए,जिनमें प्रमुख रूप से दीक्षा संस्कार,जन्मदिन संस्कार एवं यज्ञोपवीत संस्कार शामिल रहे। इन संस्कारों में श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य प्रबंध ट्रस्टी देवनारायण रजक,महेंद्र यादव,राम यादव सहित युवाओं में आशुतोष कुमार सिंह एवं विद्या सागर का सराहनीय योगदान रहा। संपूर्ण कार्यक्रम एवं वैदिक कर्मकांड ब्रह्मवादिनी बहनों–शोभा, निशा,राधा,गायत्री एवं ज्योति द्वारा विधिवत संपन्न कराया गया। पूरा वातावरण भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा,जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को गहन आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान की।

## नशा मुक्त समाज के लिए जागरूकता अभियान

**देवघर।** नशा मुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से सारठ थाना की ओर से बुधवार को सारठ चौक पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई और युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मियों ने आम लोगों, दुकानदारों तथा राहगीरों को नशे के कारण होने वाली सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। अभियान में उपस्थित लोगों से नशा मुक्त समाज बनाने में सहयोग करने और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आग्रह किया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नशे के खिलाफ जनजागरण और सामुदायिक सहभागिता से ही इस सामाजिक बुराई पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है,इस मौके पर थाना प्रभारी दीपक कुमार साह समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## आसनसोल से शुरू होगा पूर्व रेलवे का 'ग्रीन लेगेसी मिशन

**मधुपुर/ आसनसोल ।** पूर्व रेलवे 25 जून को आसनसोल से 'ग्रीन लेगेसी मिशन' की शुरुआत करेगा। महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के नेतृत्व में शुरू होने वाले इस अभियान के तहत कर्मचारियों को देशी फलदार पौधे वितरित किए जाएंगे, जिन्हें वे अपने आवास या उपयुक्त स्थानों पर लगाकर उनकी देखभाल करेंगे। आसनसोल मंडल के डीआरएम संग्रह मौर्य के मार्गदर्शन में चलने वाले इस अभियान में कर्मचारियों के परिवारों की भी भागीदारी होगी। पौधों की प्रगति की तस्वीरें अगले वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर साझा की जाएंगी। अभियान का उद्देश्य हरित क्षेत्र बढ़ाना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा कर्मचारियों और उनके परिवारों में पर्यावरणीय चेतना विकसित करना है। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझि ने कहा कि 'ग्रीन लेगेसी मिशन' केवल पौधारोपण नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी हरित विरासत बनाने का प्रयास है।

# अंतरराज्यीय ट्रांसपोर्ट चोरी गिरोह का भंडाफोड़
# सवा करोड़ रुपये के गारमेंट्स और सामान बरामद




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मधुपुर ।** सारठ-मधुपुर मुख्य एनएच-114 पर पाथरोल थाना क्षेत्र के कोल्होड़ गांव स्थित एक मकान से मालवाहक ट्रकों से सामान उड़ाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। संयुक्त छापेमारी में पुलिस ने करीब सवा करोड़ रुपये मूल्य के गारमेंट्स एवं अन्य सामग्री बरामद की है, जबकि ट्रक और उससे जुड़े चालक अभी फरार हैं। जानकारी के अनुसार, लगभग 20 दिन पूर्व गुरुग्राम (दिल्ली) स्थित बराल लॉजिस्टिक से पश्चिम बंगाल के लिए रवाना किया गया गारमेंट्स व अन्य सामान रास्ते से ही गायब हो गया था। मामले में दुर्गापुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

मंगलवार को पाथरोल पुलिस और दुर्गापुर पुलिस की संयुक्त टीम ने पाथरोल थाना क्षेत्र के कोल्होड़ गांव में हमीद अंसारी के मकान पर छापेमारी की, जहां से चोरी की पूरी खेप बरामद कर ली गई। बराल लॉजिस्टिक के संचालक खिमराज बराल ने बताया कि 30 मई को गुरुग्राम से ट्रक चालक पवन यादव, निवासी बरही (झारखंड), माल लेकर पश्चिम बंगाल के लिए निकला था। आरोप है कि उसने बरकट्ठा निवासी एक अन्य चालक जावेद अंसारी के सहयोग से बीच रास्ते में दूसरे ट्रक में सामान लोड करा दिया और स्वयं फरार हो गया। इसके बाद जावेद अंसारी कथित रूप से चोरी का सामान पाथरोल के एक मकान में उतारकर खाली ट्रक को दुर्गापुर (पश्चिम बंगाल) में सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने छापेमारी कर चोरी की पूरी खेप बरामद कर ली है। फिलहाल दोनों फरार चालकों तथा इस पूरे नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

# सात व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का होगा पुनर्मूल्यांकन
## निरीक्षण में अभिलेखों और वास्तविक उपयोग में मिली विसंगतियां, होल्डिंग टैक्स निर्धारण होगा अपडेट




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** नगर निगम क्षेत्र में राजस्व संग्रहण व्यवस्था को मजबूत बनाने और होल्डिंग टैक्स तथा ट्रेड लाइसेंस अभिलेखों की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम ने विशेष निरीक्षण अभियान चलाया। नगर आयुक्त सुलोचना मीणा के निर्देश पर गठित टीम ने शहर के सात प्रमुख व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। सहायक नगर आयुक्त के नेतृत्व में नगर प्रबंधक और दो राजस्व निरीक्षकों की टीम ने संबंधित प्रतिष्ठानों की होल्डिंग संख्या, वर्तमान उपयोग, निर्मित क्षेत्रफल, व्यावसायिक गतिविधियों और ट्रेड लाइसेंस से जुड़े दस्तावेजों की विस्तृत जांच की। निरीक्षण के दौरान आवश्यक अभिलेख और सूचनाएं प्राप्त कर उनका भौतिक सत्यापन भी किया गया।

जांच में कुछ प्रतिष्ठानों के वास्तविक उपयोग और नगर निगम के अभिलेखों में दर्ज विवरणों के बीच अंतर पाया गया। वहीं कई मामलों में व्यावसायिक उपयोग, निर्मित क्षेत्रफल और कर निर्धारण से जुड़ी जानकारियों को अद्यतन करने की आवश्यकता सामने आई। इसके बाद निरीक्षण दल ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट नगर निगम कार्यालय को सौंप दी। रिपोर्ट और जांच निष्कर्षों के आधार पर नगर निगम ने सभी सात प्रतिष्ठानों का पुनर्मूल्यांकन करने का निर्णय लिया है। इसका उद्देश्य वास्तविक उपयोग और निर्मित क्षेत्रफल के अनुरूप होल्डिंग टैक्स का सही निर्धारण सुनिश्चित करना है। नगर आयुक्त सुलोचना मीणा ने कहा कि राजस्व व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाने के लिए इस तरह के निरीक्षण अभियान आगे भी नियमित रूप से चलाए जाएंगे। उन्होंने सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से अपने होल्डिंग और ट्रेड लाइसेंस से संबंधित अभिलेख अद्यतन रखने तथा निगम प्रशासन को आवश्यक सहयोग देने की अपील की। नगर निगम की यह पहल राजस्व वृद्धि, कर व्यवस्था में पारदर्शिता और शहरी प्रशासन को अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## पुराना मकान तोड़ने के दौरान हादसा, युवक की मौत



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** विधानसभा क्षेत्र के सारठ प्रखंड स्थित खैरबनी गांव में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, भतहरिया गांव निवासी महेंद्र मंडल एक पुराने मकान को तोड़ने का काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मकान का मलबा उनके ऊपर गिर पड़ा।

हादसे में महेंद्र मंडल गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन मलबे में दबने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। ग्रामीणों ने बताया कि महेंद्र मंडल मेहनती और मिलनसार स्वभाव के व्यक्ति थे। उनकी असामयिक मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। स्थानीय लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस कठिन समय में धैर्य और संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक में बूथ स्तर तक मजबूती पर जोर



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** देवघर में जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष राजेंद्र दास की अध्यक्षता में न्यू ग्रैंड होटल के सभागार में महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसआईआर समिति के संथाल परगना प्रभारी डॉ. प्रदीप कुमार बलमुचू विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने, बूथ स्तर तक पार्टी की सक्रियता बढ़ाने एवं एसआईआर से जुड़े दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक चलने वाले एसआईआर अभियान के दौरान प्रतिदिन सुबह 11 से 12 बजे तक प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं बीएलए-2 कार्यकर्ता बूथ स्तर पर बीएलओ के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें।

जिला अध्यक्ष राजेंद्र दास ने कहा कि कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने जनसंपर्क अभियान को तेज करने और संगठन को सशक्त बनाने का आह्वान किया। बैठक में प्रशिक्षक मोहम्मद मुदस्सर खान ने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया।

# नीड्स संस्था ने किया ब्लॉक स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

**• युवाओं को खेल से जोड़ने के लिए नीड्स संस्था का प्रयास काबिलेतारीफ : डॉ सुनील**



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** नीड्स संस्था द्वारा डीकेए ऑस्ट्रिया के सहयोग से संचालित रूपांतरण परियोजना के अंतर्गत सारवा खेल मैदान, सरवां में ब्लॉक स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन नीड्स संस्था के कार्यकारी निदेशक मुरारी मोहन चौधरी के निर्देशन एव कारक्रम प्रबंधक मधु कुमारी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में देवघर ओलंपिक संघ के अध्यक्ष सुनील खवाड़े एवं संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा युवाओं को खेल के माध्यम से अपने व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सावित्री बाई फुले टीम एवं डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टीम के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबले में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टीम विजेता रही। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों एवं किशोर-किशोरियों में खेल भावना का विकास करना, उनकी छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा समाज में व्याप्त लिंग भेदभाव, सामाजिक कुरीतियों एवं असमानताओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

# देवघर टैलेंट हंट कार्यक्रम में उभरी नई खेल प्रतिभाएं
# सारवां में प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** देवघर जिले के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ते हुए 'टैलेंट हंट कार्यक्रम' के दूसरे चरण के तहत सारवां प्रखंड स्थित फुटबॉल स्टेडियम में प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन देवघर एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

**ट्रैक और फील्ड स्पर्धाओं में दिखा दमखम**

प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-16 एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। मैदान पर खिलाड़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। ट्रैक स्पर्धाओं में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर एवं 1500 मीटर दौड़ आयोजित की गई, जबकि फील्ड इवेंट में शॉट पुट (गोला फेंक) शामिल रहा। खिलाड़ियों ने अपनी गति, ताकत और कौशल से दर्शकों को प्रभावित किया। बेटियों ने भी बढ़ाया मान, 94 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

टैलेंट हंट कार्यक्रम में कुल 94 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें 62 लड़के और 32 लड़कियां शामिल थीं। प्रतियोगिता में लड़कियों की सक्रिय भागीदारी ने यह साबित किया कि खेल के प्रति उनका रुझान तेजी से बढ़ रहा है। सभी प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतिभाओं को तराशने का लक्ष्य

जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आशीष झा ने कहा कि संगठन का उद्देश्य जिले के हर कोने से छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को सामने लाना है। इसके लिए प्रत्येक प्रखंड में इस तरह के आयोजन किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का अगला चरण 4 जुलाई को देवीपुर प्रखंड में आयोजित किया जाएगा।

वहीं, एसोसिएशन के सचिव मनोज मिश्रा ने आयोजन की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि खिलाड़ियों के घर तक खेल की सुविधाएं पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस पहल से कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी सामने आए हैं, जिन्हें आगे जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया जाएगा।

**आयोजन में इनकी रही अहम भूमिका**

कार्यक्रम को सफल बनाने में देवघर एथलेटिक्स एसोसिएशन के सदस्यों एवं स्थानीय खेल प्रेमियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष गौरव सहित ऑफिशियल टीम के प्रमोद,राहुल,रंजन एवं भोला यादव मौजूद रहे। बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी उत्साहपूर्ण बना दिया।

## विधायक प्रतिनिधि पद से हटने के बाद संजय मंडल को नगर निगम निगरानी समिति में मिली जगह



**देवघर।** देवघर नगर निगम की राजनीति में एक नया और दिलचस्प मोड़ सामने आया है। विधायक सुरेश पासवान द्वारा संजय मंडल को विधायक प्रतिनिधि के पद से हटाए जाने के कुछ ही समय बाद सांसद निशिकांत दुबे ने उन्हें नई जिम्मेदारी सौंप दी है। इस फैसले के बाद स्थानीय राजनीतिक हलकों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। सांसद निशिकांत दुबे ने संजय मंडल को नगर निगम की निगरानी समिति का सदस्य मनोनीत किया है। इसके साथ ही बाबा बलियासे को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। बताया गया है कि यह नियुक्ति नगर निगम से जुड़े मामलों में सांसद को प्राप्त अधिकारों के तहत की गई है। सूत्रों के अनुसार इस संबंध में सांसद की ओर से जिलाधिकारी सौरभ भुवानियां को पत्र भेजकर निर्णय की जानकारी दे दी गई है। राजनीतिक जानकार इस कदम को महत्वपूर्ण रणनीतिक फैसला मान रहे हैं। उनका कहना है कि विधायक प्रतिनिधि पद से हटने के बाद संजय मंडल को मिली यह नई जिम्मेदारी स्थानीय राजनीति में नए समीकरणों का संकेत दे सकती है। नगर निगम की निगरानी समिति में हुए इस बदलाव के बाद अब सभी की नजरें इस पर टिकी हैं कि आने वाले दिनों में इसका स्थानीय राजनीति और नगर निगम के कामकाज पर क्या प्रभाव पड़ता है।

## मधुपुर अंचल कार्यालय में लगा जनता दरबार




**मधुपुर ।** उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानियां के निर्देशानुसार प्रत्येक बुधवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार के तहत इस सप्ताह भी मधुपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अंचलाधिकारी यामुन रविदास एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार दास की मौजूदगी में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनी गईं तथा कई मामलों का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। जनता दरबार में मुख्य रूप से लगान संबंधी मामलों, भूमि विवाद, पेंशन, राशन कार्ड, राजस्व से जुड़े मामलों समेत अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों का त्वरित निष्पादन किया, जबकि कुछ मामलों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।अधिकारियों ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों का चक्कर लगाने से राहत दिलाना है। इसके माध्यम से लोगों की शिकायतों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे प्रशासन और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो सके। इस अवसर पर प्रधान सहायक खुर्शीद आलम, प्रखंड प्रभारी प्रधान सहायक राजेंद्र प्रसाद, कंप्यूटर ऑपरेटर राजेंद्र यादव, सुनील कुमार दास, राहुल कुमार, उज्ज्वल लकड़ा, हुरो, रंजीत कुमार झा,राजीव रंजन सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## जटायु मशीन से चलाया गया विशेष सफाई अभियान




**मधुपुर ।** नगर परिषद मधुपुर के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेंद्र किस्कू के निर्देश पर शहर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के नोडल पदाधिकारी सुभाष हेंब्रम एवं सफाई इंचार्ज आनंद पासवान के नेतृत्व में जटायु मशीन के माध्यम से भगत सिंह चौक से अग्रसेन भवन तक सड़क किनारे जमा कूड़ा-कचरे का उठाव किया गया। अभियान के दौरान विशेष सफाई वाहन 'जटायु' की सहायता से उन स्थानों की सफाई की गई, जहां सामान्य सफाई व्यवस्था के बावजूद अधिक मात्रा में गंदगी जमा हो रही थी। नगर परिषद की टीम ने सड़क किनारे एवं सार्वजनिक स्थलों पर पड़े कचरे को हटाकर क्षेत्र को स्वच्छ बनाया।एसबीएम नोडल सुभाष हेंब्रम ने बताया कि नगर परिषद शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में अधिक गंदगी पाई जाएगी, वहां जटायु मशीन के माध्यम से विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न वार्डों में भी जरूरत के अनुसार इस मशीन का संचालन कर कूड़ा-कचरे का नियमित उठाव किया जाएगा। सफाई इंचार्ज आनंद पासवान ने बताया कि नगर परिषद की ओर से शहर के सभी वार्डों में साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। लोगों से भी अपील की गई है कि वे कचरा इधर-उधर न फेंकें तथा नगर परिषद की स्वच्छता व्यवस्था में सहयोग करें। नगर परिषद के इस विशेष अभियान से स्थानीय लोगों में संतोष देखा गया और उन्होंने शहर को स्वच्छ बनाए रखने के इस प्रयास की सराहना की।

## बाल तस्करी के खिलाफ जागरूकता बैठक



**मधुपुर ।** बघनाडीह पंचायत भवन में स्वयंसेवी संस्था आश्रय, मधुपुर द्वारा जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के सहयोग से बाल तस्करी के खिलाफ पंचायत स्तरीय जागरूकता बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में ग्रामीणों को बाल तस्करी की रोकथाम, बच्चों के अधिकारों और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने के प्रति जागरूक किया गया। आश्रय की सचिव दीपा कुमारी ने कहा कि आर्थिक लालच और झूठे रोजगार के प्रलोभन से बच्चों को तस्करी का शिकार बनाया जाता है। उन्होंने संदिग्ध मामलों की सूचना प्रशासन, पुलिस या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर देने की अपील की। मुखिया मो. जमील अंसारी ने पंचायत स्तर पर सतर्कता बढ़ाने और संदिग्ध मामलों की जानकारी तत्काल प्रशासन को देने की बात कही। वार्ड सदस्य राजू प्रसाद यादव ने बच्चों की सुरक्षा को सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए शिक्षा और अधिकारों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## योगासन चैंपियनशिप में देवघर के 13 खिलाड़ी लेंगे भाग

**देवघर संताल एक्सप्रेस ।** देवघर जिले के लिए गर्व की बात है कि योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन देवघर के 13 प्रतिभाशाली खिलाड़ी सातवीं राज्य स्तरीय झारखंड योगासन चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए रवाना हुए हैं। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 26 जून से 28 जून तक झारखंड के लातेहार जिले स्थित प्रसिद्ध नेतरहाट आवासीय विद्यालय में आयोजित की जाएगी। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ी अपनी योग प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले देवघर के खिलाड़ियों को योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन देवघर की ओर से विशेष जर्सी प्रदान की गई। कोच के मार्गदर्शन में पूरी टीम उत्साह और आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता स्थल के लिए रवाना हुई। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। हाल के वर्षों में देवघर जिले ने खेल और योग के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहचान बनाई है। यहां के युवा खिलाड़ी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। योगासन न केवल एक खेल है, बल्कि यह बच्चों और युवाओं में अनुशासन, एकाग्रता, मानसिक संतुलन तथा शारीरिक क्षमता के विकास का भी प्रभावी माध्यम है। इसी उद्देश्य के साथ खिलाड़ी लगातार प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी प्रतिभा को निखार रहे हैं। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल प्रदर्शन की कामना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि देवघर के खिलाड़ी पूरी मेहनत, लगन और समर्पण के साथ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाएंगे।

## फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

राजमहल- झारखंड शिक्षा परियोजना साहिबगंज के निर्देशानुसार प्रखंड स्तरीय 65 वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2026-27 का नगर क्षेत्र के आउटडोर स्टेडियम में बुधवार को अंडर 15, अंडर 17 के छात्र-छात्राओं के बीच फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया. फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ बीईईओ रोबिन चंद्र मंडल, बीपीओ कुणाल किशोर, सीआरपी सहित कई विद्यालय सचिव के संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. इस दौरान अंडर 15 बालक में प्रथम स्थान एसटी जॉन बार्चमैन्स हाई स्कूल मुंडली, द्वितीय स्थान पीएमएस प्लस टू हाई स्कूल मंगलहाट, तृतीय स्थान यूएचएस जामनगर, अंडर 17 बालक में प्रथम स्थान एचएस तीनपहाड़, द्वितीय स्थान एसटी जॉन बार्चमैन्स हाई स्कूल मुंडली, तृतीय स्थान पीएमएस प्लस टू हाई स्कूल मंगलहाट एवं अंडर 17 बालिका में प्रथम स्थान एसटी जॉन बार्चमांस हाई स्कूल मुंडली, द्वितीय स्थान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय राजमहल हासिल किया है. मंच संचालन व मैच के दौरान कमेंट्री भैंसमारी विद्यालय के सचिव जगदेव महतो ने की. मौके पर जिला परिषद सदस्य अब्दुल बारीक शेख, सीआरपी, सभी विद्यालय के सचिव उपस्थित थे.

# जमीन विवाद में खूनी संघर्ष, बुजुर्ग की मौत पत्नी और पुत्र गंभीर रूप से घायल

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

राजमहल- राजमहल थाना क्षेत्र के जयराम डांगा गांव में बुधवार को जमीन विवाद को लेकर हुए मारपीट में एक 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई. जबकि बुजुर्ग की पत्नी व पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए. मृतक के पुत्र रामदेव यादव ने बताया कि राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत जयराम डांगा गांव निवासी रुदल यादव 70 वर्ष और हरि किशोर यादव के बीच लंबे समय से एक जमीन को लेकर विवाद चल रहा था. जिसे लेकर कई बार पंचायती कर आपस में सुलह कराने का प्रयास किया गया. परंतु ऐसा नहीं हो पाया. बुधवार को इसी विवादित जमीन पर हरि किशोर यादव बाउंड्री का काम कर रहा था. मृतक के पुत्र रामदेव यादव द्वारा इसका विरोध करने पर हरि किशोर



यादव और उनके पुत्र राम अवतार यादव, धर्मराज यादव, धर्मवीर यादव एवं परमेश्वर यादव सभी मिलकर मारपीट करने लगे. इसी बीच रामदेव यादव वहां से भाग कर अपनी जान बचाई. जबकि बीच बचाव करने आए रामदेव यादव के पिता रुदल यादव ,उनकी माता रेखा देवी उम्र 60 वर्ष और उनके भाई जीतू यादव उम्र 25 वर्ष के साथ हरी किशोर यादव एवं अन्य ने मारपीट की. जिसमें तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगों एवं परिजनों के सहयोग से तीनों को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल लाया गया. जहां चिकित्सक डॉ उदय टुडू ने 70 वर्षीय रुदल यादव को मृत घोषित कर दिया. जबकि रेखा देवी एवं जीतू यादव का प्रारंभिक इलाज करने के बाद बेहतर इलाज हेतु हायर सेंटर रेफर कर दिया. इधर घटना की जानकारी मिलते ही राजमहल पुलिस इंस्पेक्टर राजीव रंजन, राजमहल थाना प्रभारी हसनैन अंसारी, एसआई महादेव उरांव, एएसआई सर्जन मुर्मू, सनातन हेम्ब्रम, नंदकिशोर यादव सहित अन्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. एवं घटना की जानकारी लेते हुए जांच में जुटी है. वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया. इधर घटना की सूचना मिलते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है.

## ट्रांसफार्मर जलने से ग्रामीण परेशान, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

साहिबगंज- सदर प्रखंड क्षेत्र के छोटी कोदरजन्ना गांव के गंगा प्रसाद पश्चिम पंचायत में दो दिनों से ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण गांव में विद्युत आपूर्ति ब बाधित है. जिसके कारण लोगों को भीषण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. साथ ही बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है.ग्रामीण पवन कुमार, विलास रविदास, नंदलाल यादव, मो कमरुल, दीपक यादव, वकील ठाकुर, संजीव यादव, ब्रह्मदेव कुमार यादव, मोहम्मद रहमान, मो नूर व अन्य ने विद्युत विभाग से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है.

## मिठाई दुकान में चोरी

साहिबगंज- नगर थाना क्षेत्र के रसूलपुर दहला मुख्य सड़क पर अवस्थित मिठाई दुकान का ताला अज्ञात चोरों ने तोड़कर करीब 18 हजार रुपये नकद चोरी कर लिया.जानकारी के अनुसार नया टोला निवासी संतोष कुमार मंडल की मिठाई दुकान को चोरों ने निशाना बनाया है. बुधवार सुबह जब संतोष कुमार मंडल अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दुकान के मुख्य दरवाजे के दोनों ताले टूटा हुआ हैं. दुकान के अंदर प्रवेश करने पर सामान बिखरा पड़ा मिला. गल्ले की जांच करने पर पता चला कि उसमें रखे लगभग 18 हजार रुपये नकद गायब हैं. इसके बाद उन्होंने तत्काल घटना की सूचना नगर थाना पुलिस को दी.सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच में जुट गई.

## बरहरवा रेलवे स्टेशन पर लावारिस बैग से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद

**बरहरवा। संवाददाता** मालदा रेल मंडल के बरहरवा रेलवे स्टेशन पर चलाए जा रहे विशेष जांच अभियान के दौरान रेलवे सुरक्षा बल ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए लावारिस बैग से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है. बरामद शराब की कुल मात्रा 8.670 लीटर बताई गई है. जिसकी अनुमानित कीमत 7,840 आंकी गई है.प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाली ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ, विदेशी शराब तथा अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की अवैध ढुलाई पर रोक लगाने के उद्देश्य से आरपीएफ द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है. इसी क्रम में बुधवार 24 जून 2026 को आरपीएफ पोस्ट बरहरवा के निरीक्षक संजीव कुमार अपनी टीम तथा सीपीडीएस के जवानों के साथ स्टेशन परिसर में जांच एवं निगरानी ड्यूटी पर तैनात थे.जांच के दौरान ट्रेन संख्या 53433 अप अजीमगंज-बरहरवा पैसेंजर सुबह 11¬42 बजे प्लेटफॉर्म संख्या- 03 पर पहुंची. तलाशी अभियान के दौरान इंजन की ओर स्थित सामान्य कोच संख्या ईआर/102416 में सीट के नीचे एक काले रंग का प्यूमा पिट्ठू बैग संदिग्ध अवस्था में रखा मिला. कोच में मौजूद यात्रियों से बैग के संबंध में पूछताछ की गई.लेकिन किसी ने भी उस पर अपना दावा नहीं किया. एक यात्री ने बताया कि बैग तिलडांगा स्टेशन से पहले ही कोच में रखा हुआ था.इसके बाद आरपीएफ टीम ने यात्रियों की मौजूदगी में बैग की जांच की. बैग खोलते ही उसमें विदेशी शराब मिली. संदेह के आधार पर बैग को प्लेटफॉर्म संख्या-03 स्थित फुट ओवर ब्रिज के समीप ले जाकर विस्तृत तलाशी ली गई. तलाशी के दौरान विभिन्न ब्रांडों की कुल 30 बोतलें एवं पाउच बरामद किए गए.बरामद शराब में ओल्ड मोंक एक्सएक्सएक्स व्हिस्की की 4 बोतलें, बकार्डी लेमन रम की 1 बोतल, रॉयल स्टेज व्हिस्की की 1 बोतल, ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की के 19 पाउच तथा मैजिक मोमेंट ग्रेन वोडका की 4 बोतलें शामिल हैं. कुल मिलाकर 8.670 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई.आरपीएफ निरीक्षक संजीव कुमार ने गवाहों की उपस्थिति में बरामद शराब को विधिवत जब्त कर लिया.

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

बरहेट- मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर बुधवार को बरहेट थाना परिसर में प्रखंड प्रमुख बर्नाड मरांडी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई .बैठक में मुहर्रम जुलूस एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के संचालन, समय-सीमा तथा विधि-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई.बैठक के दौरान क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए प्रशासन एवं पुलिस पदाधिकारियों ने सभी समुदायों के लोगों से आपसी भाईचारा बनाएं रखने तथा प्रशासन का सहयोग करने की अपील की.अधिकारियों ने कहा कि पर्व के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की सलाह दी गई.प्रखंड प्रमुख बर्नाड मरांडी ने कहा कि बरहेट क्षेत्र हमेशा से आपसी सौहार्द और भाईचारे की मिसाल रहा है.

## दिल्ली मजदूरी करने जा रहे तीन नाबालिगों को बरहरवा स्टेशन से आरपीएफ ने किया रेस्क्यू

बरहरवा- रेलवे सुरक्षा बल बरहरवा द्वारा चलाए जा रहे सतर्कता अभियान के दौरान बुधवार को तीन नाबालिग बालकों को बरहरवा रेलवे स्टेशन से सुरक्षित रेस्क्यू किया गया. सभी बच्चे अपने घर से बिना अभिभावकों को बताए दिल्ली मजदूरी करने के उद्देश्य से निकले थे.प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 जून को आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में कांस्टेबल मृत्युंजय कुमार के साथ बरहरवा रेलवे स्टेशन पर असामाजिक तत्वों, यात्री अपराधों एवं अन्य अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए सुबह 5¬05 बजे से विशेष चेकिंग एवं गश्ती अभियान चलाया जा रहा था. चेकिंग के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या-1 के न्यू फरक्का छोर स्थित द्वितीय यात्री शेड के पास तीन नाबालिग बालक संदिग्ध अवस्था में अकेले घूमते हुए पाए गए. आरपीएफ जवानों ने उन्हें रोककर पूछताछ की. पूछताछ में बालकों ने अपना नाम कैलाश पहाड़िया उम्र 14 वर्ष, मोतीलाल पहाड़िया उम्र 15 वर्ष एवं जमला पहाड़िया उम्र 14 वर्ष बताया. तीनों गोड्डा जिले के रहने वाले हैं.विस्तृत पूछताछ में बच्चों ने बताया कि वे अपने अभिभावकों को बिना सूचना दिए घर से निकल आए थे और दिल्ली जाकर गन्ने के खेतों में मजदूरी करने की योजना बना रहे थे. बरहरवा रेलवे स्टेशन पहुंचे थे.बालकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आरपीएफ ने तत्काल उन्हें रेस्क्यू कर आरपीएफ पोस्ट बरहरवा लाया और मामले की सूचना बाल कल्याण से जुड़ी संस्था मंथन राजमहल साहिबगंज को दी.

पर संस्था की प्रतिनिधि अनाशु मलाकर आरपीएफ पोस्ट पहुंचीं और बच्चों की काउंसलिंग की.

इसके बाद सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं और औपचारिकताओं को पूरा करते हुए तीनों नाबालिगों को उनके संरक्षण, देखभाल एवं आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए मंथन राजमहल साहिबगंज के सुपुर्द कर दिया गया.आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि बच्चों को बाल श्रम, मानव तस्करी एवं अन्य संभावित खतरों से बचाने के लिए रेलवे स्टेशनों पर लगातार निगरानी और विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं. समय रहते की गई इस कार्रवाई से तीन नाबालिगों को सुरक्षित संरक्षण प्रदान किया जा सका.

## इग्नू की सत्रांत परीक्षा सम्पन्न

साहिबगंज- साहिबगंज महाविद्यालय साहिबगंज परिसर स्थित इग्नू अध्ययन केंद्र कोड-3605 में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू की जून 2026 सत्रांत परीक्षा का सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन किया गया. परीक्षा दो पालियों में संपन्न हुई. परीक्षा का निरीक्षण इग्नू क्षेत्रीय केंद्र द्वारा नियुक्त आब्जर्वर डॉ. मृदुल सिन्हा तथा अध्ययन केंद्र के केंद्राधीक्षक एवं समन्वयक डॉ. ध्रूब ज्योति कुमार सिंह ने किया.डॉ. सिंह ने बताया कि प्रथम पाली में 12 विषयों की परीक्षा आयोजित हुई.

## बोरियो में दो आरोपी गिरफ्तार

बोरियो-बोरियो थाना पुलिस ने बुधवार को दो आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया. थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के बिचपुरा निवासी प्राथमिकी आरोपी अनिल सोरेन के विरुद्ध बोरियो थाना कांड संख्या 50/26 के तहत् मामला मामला दर्ज था. वही बोरियो बाजार नमस्ते रोड निवासी मनोज कुमार भगत के विरुद्ध डी.बी. संख्या 120 का वारंटी था. जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. वही पुलिस आगे की करवाई मे जुट गई है.

## विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज -झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार रांची के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में इंडियन बैंक साहिबगंज के परिसर में स्थायी लोक अदालत की सांविधिक प्रक्रिया, सुलहकारी अधिदेश एवं न्यायनिर्णयन शक्तियां विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम का उद्देश्य स्थायी लोक अदालत की भूमिका, अधिकारिता एवं लोक उपयोगिता सेवाओं से संबंधित पूर्व मुकदमेबाजी मामलों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के संबंध में विभागों तथा संबंधित हितधारकों को जागरूक करना था.इस अवसर पर स्थायी लोक अदालत साहिबगंज के अध्यक्ष राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकार अधिनियम 1987 के अंतर्गत स्थायी लोक अदालत को लोक उपयोगिता सेवाओं से जुड़े विवादों के समाधान के लिए विशेष अधिकार प्रदान किए गए हैं. उन्होंने कहा कि स्थायी लोक अदालत का उद्देश्य आम लोगों को सरल, सुलभ, त्वरित एवं किफायती न्याय उपलब्ध कराना तथा न्यायालयों में लंबित मामलों के बोझ को कम करना है.श्री मिश्रा ने स्थायी लोक अदालत में मामलों के संदर्भण, सुलह प्रक्रिया तथा सुलह विफल होने की स्थिति में विवादों के गुण-दोष के आधार पर निर्णय देने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी. उन्होंने सभी विभागों एवं सेवा प्रदाताओं से अधिकाधिक वाद-पूर्व मामलों का निस्तारण स्थायी लोक अदालत के माध्यम से कराने की अपील की.जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने कहा कि नियमित लोक अदालत मुख्य रूप से सुलह एवं समझौते के आधार पर मामलों का निस्तारण करती है. जबकि स्थायी लोक अदालत को सुलह असफल होने पर विवाद का निर्णय करने की वैधानिक शक्ति प्राप्त है. उन्होंने बताया कि स्थायी लोक अदालत के निर्णय अंतिम एवं पक्षकारों पर बाध्यकारी होते हैं.कार्यक्रम के दौरान बैंकिंग, बीमा, विद्युत, दूरसंचार, परिवहन, नगर निकाय एवं अन्य लोक उपयोगिता सेवाओं से संबंधित मामलों को स्थायी लोक अदालत के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया, संबंधित विधिक प्रावधानों एवं विभागीय समन्वय के महत्व पर चर्चा की गई.

## विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

राजमहल- राजमहल थाना क्षेत्र के लालमाटी मखानी गांव में बुधवार को 19 वर्षीय विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली.मिली जानकारी अनुसार लालमाटी मखानी निवासी राहुल राम की 19 वर्षीय पत्नी अनिता कुमारी ने घर के पीछे स्थित बगीचे में पेड़ से दुपट्टा से फांसी लगाकर अपनी जान दे दी. मृतका की सास उषा देवी ने बताया कि अनिता गांव में आयोजित एक शादी समारोह में शामिल होकर घर लौटी थी. इसके बाद परिवार के अन्य सदस्य भी समारोह में गए हुए थे. उन्होंने बताया कि कुछ देर बाद सूचना मिली कि अनिता घर के पीछे बगीचे में पेड़ पर लटकी हुई है. मामले की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उसे फंदे से उतारकर तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल पहुंचा .जहां चिकित्सक ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही राजमहल थाना पुलिस अस्पताल एवं घटनास्थल पहुंच कर मामले की छानबीन शुरू कर दी. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सुरक्षित रखा है. शव का पोस्टमार्टम गुरुवार को कराया जाएगा. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घटना के पीछे पारिवारिक विवाद की आशंका जताई जा रही है. हालांकि आत्महत्या के वास्तविक कारणों का पता पुलिस जांच और परिजनों के बयान के बाद ही चल सकेगा. पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर आगे की कार्रवाई कर रही है.परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है.

## साहिबगंज के साक्षरता चौक से 29 जून को निकलेगी प्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज-साहिबगंज नगर में आगामी 28 जून को प्रभु श्री जगन्नाथ प्राकट्य उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम, संकीर्तन तथा 29 जून को होने वाली प्रभु श्री जगन्नाथ स्नान रथ यात्रा एवं स्नान महोत्सव को लेकर श्री श्री जगन्नाथ सेवा समिति की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है.श्री श्री जगन्नाथ सेवा समिति का शिष्टमंडल कुमार दीपांशु के नेतृत्व में बुधवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह से मिलकर रथयात्रा में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया. वही एसपी के साथ मिलकर 28 व 29 जून को होने वाले पूजन व रथयात्रा को लेकर विचार विमर्श करते हुए आवश्यक प्रशासनिक सहयोग, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की. पुलिस अधीक्षक ने आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया. समिति अध्यक्ष अविनाश नरसरिया, सचिव कुमार दीपांशु ने बताया कि 28 जून को सांस्कृतिक कार्यक्रम में मालदा से आए श्री राधा कृष्ण संकीर्तन बैंड अयोध्या धाम में विशेष प्रस्तुति देंगे. वहीं 29 जून को भगवान श्री जगन्नाथ की पावन स्नान रथ यात्रा साक्षरता चौक काटरगंज दुर्गा मंदिर प्रांगण से दोपहर एक बजे प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए भरतिया कॉलिंग स्थित अयोध्या धाम परिसर पहुंचेगी.

## बीएलए टू का दो दिवसीय प्रशिक्षण बरहेट-

बरहेट। प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीएलए टू का दो दिवसीय एसआईआर से संबंधित प्रशिक्षण बुथ संख्या 93 से 154 तक के बीएलए को ट्रेनर रुकेश गुप्ता व कंप्यूटर ऑपरेटर अभिषेक कुमार के द्वारा दिया गया. मौके पर प्रखंड प्रमुख सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बर्नार्ड मरांडी , प्रखंड सचिव मुजिबुर रहमान, प्रखंड विकास पदाधिकारी अंशु कुमार पांडेय, छवि हेंब्रम, देव सोरेन, अब्दुल मजीद, पूसा टुडू, सुनिराम हांसदा सहित बुथ संख्या 93 से 154 तक का बीएलए टू एवं पंचायत अध्यक्ष सचिव मौजूद थे.


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग)**
**कार्यालय:- जिला पशुपालन पदाधिकारी, साहेबगंज**

**आम सूचना**

सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड, राँची के राज्यादेश संख्या– 09 रा0 (वि0), दिनांक–08.06.2026 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2026–27 के तहत् ग्रामीण पशुपालकों की आर्थिक स्थिति में सुधार करने एवं ग्रामीण स्तर पर युवाओं को स्व नियोजित बनाने तथा उनके पलायन को रोकने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का क्रियान्वयन किया जाना है। पशुपालन प्रभाग की योजनाएँ निम्नवत हैः–

| क0 | योजना का नाम | इकाई लागत (रूपये में) | अनुदान प्रतिशत | जिला का लक्ष्य | अनुदान राशि (रूपये में) | अंशदान राशि (रूपये में) | नियम एवं शर्ते |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बकरा विकास योजना (8 मादा + 2 नर ) | 49600 | 90% | 286 | 44640 | 4960 | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/असहाय विधवा औरत/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति जिनका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो |
| | | | 75% | 202 | 37200 | 12400 | सभी वर्ग के लाभुकों को |
| 2 | सूकर विकास योजना (4 मादा + 1 नर ) | 57800 | 90% | 71 | 52020 | 5780 | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/असहाय विधवा औरत/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति जिनका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो |
| | | | 75% | 50 | 43350 | 14450 | सभी वर्ग के लाभुकों को |
| 3 | बैक्यार्ड लेयर कुक्कुट पालन की योजना (400 लेयर बर्ड का पालन) | 118200 | 90% | 68 | 106380 | 11820 | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/असहाय विधवा औरत/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति जिनका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो |
| | | | 75% | 48 | 88650 | 29550 | सभी वर्ग के लाभुकों को |
| 4 | ब्रायलर कुक्कुट पालन की योजना (500 ब्रायलर चूजा) | 67500 | 90% | 124 | 60750 | 6750 | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/असहाय विधवा औरत/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति जिनका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो |
| | | | 75% | 87 | 50625 | 16875 | सभी वर्ग के लाभुकों को |
| 5 | बत्तख चूजा वितरण की योजना (30 बत्तख चूजा) | 3400 | 90% | 491 | 3060 | 340 | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/असहाय विधवा औरत/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति जिनका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो |
| | | | 75% | 345 | 2550 | 850 | सभी वर्ग के लाभुकों को |
| 6 | भेंड पालन योजना (8 मादा + 2 नर ) | 49600 | 90% | 45 | 44640 | 4960 | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/असहाय विधवा औरत/दिव्यांग/निःसंतान दम्पति जिनका उम्र कम से कम 50 वर्ष हो |
| | | | 75% | 36 | 37200 | 12400 | सभी वर्ग के लाभुकों को |

- उपरोक्त योजना में ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक लाभुकों को योजना का लाभ नियमानुसार चयनोपरांत दिया जाएगा।
- गाँव का चयन कलस्टर के आधार पर किया जाएगा।
- साहेबगंज जिले के प्रखण्ड स्तरीय समिति के द्वारा योजनावार निर्धारित लक्ष्य के आलोक में गाँव का चयन किया जाएगा।
- प्रखण्ड के पंचायत के आधार पर प्रखण्डवार एवं योजनावार लक्ष्य का निर्धारण किया गया है।
- चयनित लाभुक स्थानीय निवासी हो तथा चयनित लाभुक द्वारा इस सम्बन्ध में आवासीय प्रमाण–पत्र एवं जाति प्रमाण–पत्र (जहाँ लागू हो) जमा करना अनिवार्य है।
- चयन प्रक्रिया में ऐसे परिवार जो पशुधन के गतिविधि से जुड़े हुए है उन्हें प्राथमिकता दी जायेगी।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत लाभुकों के चयन हेतु ग्राम सभा की अनुशंसा अनिवार्य रूप से प्राप्त करते हुए प्रखण्ड स्तरीय समिति के अनुशंसा के उपरांत चयनित लाभुकों की सूची उपायुक्त की अध्यक्षता वाली जिला स्तरीय समिति द्वारा अन्तिम रूप से लाभुकों का चयन किया जाएगा।
- सभी योजनाओं का क्रियान्वयन अनुदान सह लाभुक अंशदान पर किया जाएगा।
- योजनान्तर्गत पशु/पक्षी के निवास के लिए शेड, आवास आदि की व्यवस्था मनरेगा के तहत् की जाएगी।
- विगत पाँच वर्षों में जिन परिवारों (JSFSS/NFHS अंतर्गत परिभाशित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।
- योजना के तहत् चयनित प्रत्येक लाभुक का Escrow Account/ Dedicated Bank Account अनिवार्य रूप से खोला जाएगा एवं अनुदान राशि Escrow Account/ Dedicated Bank Account में DBT के माध्यम से हस्तांतरित किया जाएगा। अंतिम रूप से चयनित लाभुक को अपना अंशदान एक माह के अंदर जमा करना होगा।
- इच्छुक पशुपालक/कृशक बंधु दिनांक–15.07.2026 तक अपना आवेदन संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के पास जमा कर सकते है। विस्तृत जानकारी के लिए संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी व जिला पशुपालन पदाधिकारी कार्यालय, साहेबगंज से सम्पर्क करेंगे।

निवेदक,
जिला पशुपालन पदाधिकारी, साहेबगंज

PR 383124 Animal Husbandry(26-27).D



**कार्यालय जिला कृषि पदाधिकारी-सह- परियोजना निदेषक आत्मा, देवघर**
**संयुक्त कृषि भवन , देवघर**

**किसान भाईयों के लिए आम सूचना**

आत्मा समेति सहाय अनुदान योजना अंतर्गत किसानों के बीच डिजिटल कृषि रथ चलाया जाएगा। उक्त रथ के द्वारा खरीफ मौसम के पूर्व विभाग द्वारा कृषकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के संदर्भ में विस्तृत जानकारी के साथ–साथ किसानों को सुखाड़ की स्थिति में वैकल्पिक खेती, आवशयक तकनीकी जानकारी पंचायत स्तर पर भ्रमण के दौरान उपलब्ध करायी जाएगी। निम्नप्रकार से रथ का रूटचार्ट निर्धारित है। किसान भाईयों से अनुरोध है कि अधिक–अधिक संख्या में भाग लेकर लाभ प्राप्त करें।

| क्र.स. | प्रखण्ड का नाम | दिनांक | कृषि रथ भ्रमण हेतु चयनित पंचायत /संकुल का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | सारवां | 25.06.2026 | पहाडिया, नारंगी, सारवां, भण्डारो, बैजुकुरा, कुशमाहा, रक्ति |
| | | 27.06.2026 | दौन्दिया, जियाखाड़ा, बनवरिया, डहुआ, लखोरिया, डकाय, बंदाजोरी |
| 2 | सोनारायठाढ़ी | 29.06.2026 | ठाढीलपरा, जरका 1 ,सोनारायठाढ़ी ,दोन्दिया ,बहोत्तरा, कुसुमथर |
| | | 01.07.2026 | मगडीहा ,खिजुरिया, भौड़ा जमुआ, बिंझा, जरका 2, महापुर |
| 3 | मोहनपुर | 02.07.2026 | नया चितकाठ, सरासनी, मलहरा ,ताराबाद ,बंका, दहीजोर, चकरमा |
| | | 03.07.2026 | सुअरदेही, बलथर, जमुनियाँ ,ठढियारा, घुटिया बड़ा असहना, मोरने , बांक |
| | | 04.07.2026 | तुम्बाबेल, कटवन, हरकट्ठ,ा मेदनीडीह, झारखण्डी, भिखना, बारा |
| | | 06.07.2026 | रढिया, बीचगढ़ा, बाघमारी, किताखरवा, पोस्तवारी ,घोंघा, झालर, रघुनाथपुर |
| 4 | देवघर | 07.07.2026 | गिधनी, शंकरी, सरसा, टाभाघाट ,मानिकपुर, केनमनकाठी |
| | | 08.07.2026 | खोरीपानन, अंधरीगादर, ग्वालबदिया, झिलुवा, चांदडीह, पुनासी, कोंकरीबांक |
| | | 09.07.2026 | सतर, सारपोस, गौरीपुर, चांदडीह, बसवरिया,खसपैका, पिछड़ीबाद |
| | | 10.07.2026 | मसनजोरा, संग्रामलोढ़िया, महतोडीह ,उदयपुरा, नवाडीह, धरवाडीह |
| 5 | देवीपुर | 11.07.2026 | झुमरबाद, धोबना ,टटकियो, बारवां, दरंगा, बाघमारी |
| | | 13.07.2026 | रामूडीह, भोजपुर, जीतजोरी, राजपुरा, झुण्डी |
| | | 14.07.2026 | हुसैनाबाद, फुलकरी ,मानपुर, कसाठी, महुआटांड, अमडीहा |
| 6 | सारठ | 25.06.2026 | सबैजोर, बगडबरा, झिलुवा, केचुआबांक, जमुआसोल, डिण्डाकोली |
| | | 27.06.2026 | सारठ, बामनगामा, बसहाटांड़, नवादा, बोचबांध, पथरडड़ा |
| | | 29.07.2026 | टलुवारा, आराजोरी, सधरिया, कुकराहा, कैराबांक, मंझलीडीह, लगवाँ, दुमदुमी |
| | | 01.07.2026 | बड़बाद, आसनबनी, चितरा, पलमा, ठाढ़ी, सिमला, फुलचुआँ |
| 7 | पलोजोरी | 02.07.2026 | जीवनाबांध, कचुवासोली, दुधानी, बसबसुटिया, कुंजबोना, पालोजोरी, भुरकुण्डी, बांधडीह, मटियारा, बसाहा, धावा, बिराजपुर, महुआडाबर |
| | | 03.07.2026 | सगजोरा, पथरघटिया, पहरूडीह ,रघुवाडीह, खागा, कांकी |
| | | 04.07.2026 | बरजोरी, सिमलगढ़ा, बगदाहा, कसरायडीह, कुंजोड़ा, जमुआ |
| 8 | मधुपुर | 06.07.2026 | बुढ़ैय, जाभागुड़ी, पथलजोर, सिकटिया, दार्वे, धमनी, घघरजोरी |
| | | 07.07.2026 | उदयपुरा, पटवाबाद, दलहा, बड़ा नारायणपुर, सुग्गापहाड़ी गड़िया ,भैरवा |
| | | 08.07.2026 | मिसरना, साप्तर, गोविन्दपुर, जमुनी, गौनेया, चरपा, पसिया |
| 9 | मारगोमुण्डा | 09.07.2026 | मुरलीपहाड़ी, महुआटांड़ ,लहरजोरी ,मारगोमुण्डा, बाघमारा ,बनसिमी, महाजोरी |
| | | 10.07.2026 | पिपरा सुग्गापहाड़ी पंदनिया रामपुर कानो चेतनारी |
| 10 | करौं | 11.07.2026 | साल्तर डिण्डाकोली करौं रानीडीह बिरगड़िया |
| | | 13.07.2026 | गंजेबारी, टेकरा, सिरसा बारा पथरोल |
| | | 14.07.2026 | बघनाडीह कसैया बदिया नागादारी |

जिला कृषि पदाधिकारी–सह–
परियोजना निदेशक आत्मा, देवघर

PR 383148 Deoghar (26-27)_D



**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**(कृषि प्रभाग)**
**कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, दुमका**
**झारखण्ड राज्य मिलेट मिशन योजना**

**प्रेस विज्ञप्ति**

किसान भाईयों जलवायु परिवर्तन के कारण जिले मे अल्प, असामान्य एवं असमय वर्षा हो रही है। जिसमें 2–3 वर्षो से सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो रही है। प्रमुख फसल धान एवं मक्का फसल की काफी छति हो रही है एवं उत्पादन भी कम हो रहा है। वैज्ञानिकगण द्वारा विभिन्न फसलों की प्रजातियाँ विकसित की है, जो कम पानी एवं कम समय में अधिक उत्पादन दे रही है। कम पानी को देखते हुए किसान भाईयों को दलहन, तेलहन एवं मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता है, इस फसलों की खेती कम पानी, कम समय, कम खर्च में आसानी से की जा सकती है। इसके साथ ही मोटे अनाजों में काफी पोषक तत्व मौजूद होता है जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होता है। वर्तमान में मोटे अनाजों से कई प्रकार का व्यंजन एवं अन्य चीजें बनाई जा रही है, जिसमें देश के किसानों को अत्यधिक लाभ भी मिल रहा है ज्ञातव्य हो कि संयुक्त राश्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2023 को अन्तराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित किया गया है।

वर्ष 2024–25 में राज्य सरकार द्वारा झारखण्ड मिलेट मिशन योजना प्रारम्भ की गई है। इस योजना में मोटे अनाज मडुआ, ज्वार, बाजरा, साँवा, कोदो आदि की खेती करने पर विभाग द्वारा रू0 3000, से 15000 रू0 प्रोत्साहन राशि देन का कार्यक्रम है एक किसान को न्यूनतम 10 डिसमील से 5 एकड़ तक के लिए प्रति किसान रू0 3000 से 15000 रू0 तक प्रति किसान को DBT के माध्यम से उनके खाते में राशि हस्तांतरित कर लाभ प्रदान किया जाना है। जिले के किसान भाई निम्न प्रक्रियाओं को अपनाकर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है।

**किसानों के लिए पात्रता मापदण्ड :–**

- वैसे किसान जो झारखण्ड के स्थाई निवासी है।
- अनुदान रैयत एवं बटाईदार दोनों तरह के कृषकों के लिए देय होगा।
- न्यूनतम 10 डिसमिल से अधिकतम 5 एकड़ भूमि में मिलेट की खेती करने वाले किसान।
- मिलेट फसलों तथा रागी/मडुवा, ज्वार एवं बाजरा की खेती की निर्धारित की गयी कुल लागत का 30 प्रतिशत अनुदान या 3000 रू0 (तीन हजार) प्रति एकड़ देय होगा।
- कृषकों को लाभ लेने के लिए प्रज्ञा केन्द्रों के सहयोग से ऑनलाईन पंजीकरण करना है।
- किसानों के पास वैध सत्यापित वंशावली, आधार नंबर, मोबाईल नंबर एवं बैंक पासबुक होना अनिवार्य है, साथ ही जमीन सबंधी कागजात एवं मोटे अनाज से आच्छादित खेत का GPS फोटो भी पंजीकरण के लिए आवश्यक था।

**सर्वेयर हेतु मापदण्ड :–**

- वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए लोकल सर्वेयर हेतु संबंधित प्रखण्ड के BAO,BTM,ATM,VLW, कृशक मित्र इत्यादि का पंजीकरण किया जा रहा है जिसके लिए उन्हें 10 रू0 प्रति प्लॉट सर्वे का प्रोत्साहन राशि दी जानी है।
- किसान भाईयों से अनुरोध है कि खेतों में लगे फसलों के GPS टैग फोटो अपने पास सुरक्षित रख लें, जिससे कि सत्यापन के क्रम में विलम्ब होने की स्थिति में उन्हें प्रोत्साहन राशि लेने हेतु राज्य स्तर पर अग्रसारित किया जा सके।
- लोकल सर्वेयर के द्वारा खेतों में सत्यापन के क्रम में किसी भी प्रकार का अवैध तरीके से राशि वसूली की जाती है तो इसकी जानकारी जिला कृषि पदाधिकारी को अवगत कराएं। सर्वे के क्रम में किसी भी प्रकार की राशि नहीं ली जानी है एवं भविष्य में इसकी जानकारी मिलने पर इसकी पूर्ण जवाबदेही कृषक भाईयो की होगी।

अधिक जानकारी के लिए अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवं प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक से सम्पर्क कर सकते है।

ह0/–
जिला कृषि पदाधिकारी,दुमका

PR 383131 Agriculture(26-27).D

# हॉकी इंडिया दो़ ब्रिटेन रे खिलोड ला़गित् ते 24 जो़नाये सारसादले केत्कोआ भारतीय जूनियर महिला टीम रे




**खोबोरिया**

**नावां दिल्ली।** हॉकी इंडिया दो़ 5 खो़न 14 जुलाई हा़बिच् होयोक् ब्रिटेन रे खिलोड ला़गित् ते सा़गुनमाहां हिलोक् 24 जो़ना भारतीय जूनियरमहिला हॉकी टीम रेको सारसादले केत्कोआ। नावां हेड कोच टिम व्हाइटाक् आ़युर रे टीम दो़ स्कॉटलैंड आर इंग्लैंड रे जो़तो़ ते एयाय गो़टेच् मैचे खिलोडो़क्आ। नोआ खिलोड दो़ दारायकान अंतर्राष्ट्रीय हापाराव, आसो़काय ते जूनियर एशिया कप साप्सापड़ाव ला़गित् ते मो़हो़तानाक् गेया। टीम रे कप्तान रेयाक् जिमा़बारी दो़ खैदेमशिलेइमा चानूको जिमा़वादेया। गोलकीपर रूप रे निधि आर एंगिल हर्षारानी मिंज ताकिन दो़ टीम रेको सेलेत्किना़। पा़हिल खिलोड दो़एडिनबर्ग विश्व विद्यालय रे स्कॉटलैंड रेन सीनियर महिला टीम बिरो़द रेबारया मैच होयोक्आ। ओना तायो़म भारतीय टीम दो़ लिलेशॉल राष्ट्रीयखेल केंद्र रे अमेरिका, इंग्लैंड आर बेल्जियम रेन जूनियर टीमबिरो़द रेय खिलोडो़क्आ। हेड कोच टिम व्हाइट दो़ टीम बाछाव आरखिलोड रेयाक् मो़हो़तानाक् बाबो़त रेय मेन केदा जे ब्रिटेन रेखिलोड दो़ आबोवाक् जूनियर टीम लाहान्ती ला़गित् ते का़मीहो़रारेयाक् मो़हो़तानाक् हिंस काना। इञ दो़ आयमा नोङकान खिलाड़ीकोञ बाछावाकात्कोआ जाहांय दो़ एटाक् दिसा़म टीमको सालाक् ते खिलोड ला़गित् ते आटकार बा़नुक् ताकोआ। नोङका रे नोआ खिलोड दो़ खिलाड़ीको आर टीम सिखना़त ला़गित् ते आ़डी मो़ज ओ़कते होयोक्आ।

**भारतीय जू़नियर महिला टीम**

टीम रे गोलकीपर निधि, इंगिल हर्षा रानी मिंज, डिफेंडर्स रे पूजासाहू, सुप्रिया, मधु, एफ लालबी अक्सियामी, लालनेहपुई, पार्वती टोपनो,मिटफील्डर रे खैदेम शिलेइमा चानू (कप्तान), तनुजा टोप्पो, सुप्रियाकुजूर, पूजा मलिक, बिनिमा धन, गीता यादव, रोशनी आइंद, तनुश्री दिनेश कडू ताको मेनाक्कोआ। फॉरवर्ड रे सुखवीर कौर, शशिखासा, लालरिनपुई, निशा मिंज, पूर्णिमा यादव, काजल, सानिक चंद्रकांतमाने, कृष्णा शर्मा ताको सेलेत् मेनाक्कोआ।

## कोमबड़ो बाइक सालाक् बारया बोदमासकिन साप् एना

**पूर्वी सिंहभूम।** परसुडीह थाना पुलिस दो़ संध्या गश्ती अभियान ओ़कतेकोमबड़ो मोटरसाइकिल रे फर्जी नो़मबो़र प्लेट लागावकाते दाड़ायेत्कान बारया बोदमास कोड़ाको साप् आकात्किना। पुलिसाक् सो़न्तो़रते बानार कोड़ाको साप् केत्किना आर उनकिन काबजा खो़न ञामेन बाइक रेयाक् कागजात आर नो़मबो़र प्लेट हों दिगधा़ गे ञाम एना।पुलिस लेकाते मंगलवार ञिन्दा़ परसुडीह थाना टोठा रे गश्त दाड़ायेत् पुलिस टीम दो़ उनकिन कोड़ाको ञेल केत्किना, ओकादो़ दिगधा़ता़रीका ते मोटरसाइकिल तेकिन देच् बाड़ायकान ताहेंना। पुलिस ञेलसांवते गे दा़दा़ड़किन कुरूमुटू केदा। इना़ तायो़म पुलिस दो़तुरा़ंतको घेराव केदा आरको साप् केत्किना आर गा़डीको जांच केदा। जांच ओ़कते ञामेन हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल जेएच 05 डीक्यू7610 रे लागावाकान नो़मबो़र प्लेट आर ओना रेयाक् कागो़च फर्जीगेको ञाम केदा। सत्यापन रे सामाङ हेच् एना जे बाइक दो़ कोमबड़ोआकात्आ़किन आर ओना रे पाछनाव उकुय ला़गित् ते गे ना़कलीनो़मबो़रकिन लागाव ओचो लेदा। इना़ तायो़म पुलिस दो़ मोटरसाइकिलकोसाप् केदा। साप्एन आरोपित दो़ परसुडीह थाना टोठा रेयाक् छोटागोविंदपुर सुभाषनगर रेन मंगल गोप आर गोविंदपुर थाना टोठा रेयाक् सुंदरहातु कोचा बस्ती रेन गुरूचरण सरदार उर्फ छोटू सरदार रूप रेकिन बाडाय आकाना। बुधवार हिलोक् परसुडीह थाना प्रभारी अविनाशकुमारे ला़ई केदा जे कुलीकिन रेकिन हेंक् मानाव आकाना जेबाइक रे फर्जी नो़मबो़र लागाव काते पुलिस नो़जो़र खो़न बांचाक्किनकुरूमुटुयेत् ताहेंना। नोआ बाबो़त रे परसुडीह थाना रे ला़लिस आकाना। पुलिस दो़ जा़रूड़तेयाक् का़नूनी प्रक्रिया पुरा़उ तायनो़म नुकिन बोदमास दो़ जेहेलको कोल आकात्किना। सांवते गे नोआ हों जांच होयोक् काना जे कोमबड़ो आकात् नोआ कोमबड़ो मोटरसाइकिल दो़ एटाक् अपराधिक घो़टो़ना रे थो बाको बेबो़हार आकात् ताहेंना।

## सारंडा रेयाक् टाटिबा बिरगाजाड़ रे पुलिस दो़ पेया बेआ़ईन हा़ण्डी भा़टीको रा़पुत् केदा

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिला़ रेयाक् किरीबुरू थाना टोठा रे बेआ़ईन हा़ण्डी कारबार खिलाफ चालावेत् कान अभियान होते पुलिस दो़ बुधवार हिलोक् सारंडा रेयाक् टाटिबा आतो सोर बिरगाजाड़ आर बुरू क्षेत्र रे चालावेत् पेया बेआ़ईन हा़ण्डी भा़टीको रा़पुत् केदा। नोआओ़कते आयमा ओ़को़च् जावा मातको़म आर हा़ण्डी बेनाव रे बेबो़हारसामानको नो़सटो़ केदा। किरीबुरू थाना प्रभारी रोहित कुमार दो़उकूचुकू काथाय बाडाय लेदा जे टाटिबा आतो आडेपासे बिर गाजाड़ रे आयमा ओ़को़च् मातको़म हा़ण्डी बेआ़ईन तेको बेनावेत् काना। बाडायकाथा रे धेयानाक् तुलुच् थाना प्रभारीयाक् आ़युर रे मित् खासपुलिस टीमको गो़ठो़न केदा आर टोठा रे सघन छापेमारी अभियानकोचालाव केदा। पुलिस टीम दो़ बिर गाजाड़ आर बुरू इलाका रे आयमाठा़ंव रे तलाशी अभियानको चालाव केदा। नोआ ओ़कते पेया जुदा़ जुदा़ठा़ंव रे बेआ़ईन ते चालावेत् हा़ण्डी भा़टीको बाडाय एना। पुलिसकोसेटेरेन सांवते ओण्डे ताहेंकान हा़ण्डी कारबारिया़ दो़ बिर गाजाड़सेच् तेको दा़ड़ केदा। पुलिस दो़ ताक रे ताहेंकान हा़ण्डी बेनावपुरा़उ बेबो़सताको रा़पुत् केदा।

## नावां पोस्टर सालाक् ते डामडा़हीयेना 'मिर्जापुरः द मूवी'

**नावां दिल्ली।** ता़ंगी रे ताहेंकान फिल्म 'मिर्जापुरः द मूवी' रेयाक् टीजर लॉन्चएन खो़न मित् दिन लाहा बेक्नावको दो़ फिल्म रेयाक् नावांपोस्टरको ओडोङ केदा। पोस्टर ओडोङेन सांवते सोशल मीडिय रे नोआ बाबो़त रे गापालमाराव दो़ ता़पिस इदियेना। वेब सीरीज 'मिर्जापुर'रेयाक् विरासत लाहाय वाला नोआ फिल्म दो़ ञेञेल हो़ड़ रे लाहा खो़न आ़डी रा़सकाई सारसाव आकात्आ आर नित दो़ टीजर सारसादलेयेन ते नोआ रेयाक् रा़सका दो़ आरतेत् गे ढेर एना। ओडोङाकान पोस्टर रे मिर्जापुर रेयाक् नामडाक गद्दी दो़ केंद्ररेको उदुक् आकादा, ओका दो़ बानार सेच् बंदुक दो़हो़ मेनाक्आ।नोआ ञेनेल दो़ सत्ता रेयाक् ला़ड़हा़ई, बा़ईनी आर तापाम रेयाक्ओना दुनियाय दिसा़ ओक्चो काना, ओका दो़ 'मिर्जापुर' दिसा़मरेयाक् जो़तो़ खो़न नामडाक क्राइम फ्रेंचाइजी रे सेलेत् मेनाक्आ।हें मेनखान पोस्टर रे का़हनी सांव जोड़ाव जाहांन बानाडाय दो़ बा़नुक्आकादा, मेनखान नोआ दो़ साफा-सा़फीय संकेतेत् काना जे मिर्जापुररेयाक् दुनिया़ दो़ नित लाहा खो़न ला़टू माराङ ते ञेञेल हो़ड़सामाङ रे रूवा़ड़ो़क् ला़गित्।

## जुमी झोगड़ा रे कोड़ा दो़ पे हो़ड़े टू केत्कोआ, मुचा़त् रे आच् होंय टू गो़च्एना

**गुरदासपुर।** जिला़ रेयाक् मुंडी कराल आतो रे मंगलवार आ़डी ञिन्दा़ जुमी झोगड़ा रे मायाम जो़रो़क् धा़बिच् होय एना। नोआघो़टो़ना रे मित् घारो़ंज रेन गे पे हो़ड़ घालो़क् पोनहो़ड़को गो़च् एना, नोआ ते पुरा़ इलाका रे बो़तो़र मेनाक्आ।एहो़प् बाडाय लेकाते, मनजोत सिंह ञुतुमान कोड़ा दो़ जुमी झोगड़ा खा़तिर आच् हो़पो़नगो़ हरजीत कौर आर चचेरे भाई हरि अमृतपाल सिंह 12 उमा़र रेन टू केत्कोआ। नोआ ओ़कते उनी रेन गाते प्रगटसिंह, ओकादो़ सेना रेन जवान ए ताहेंकाना, उनी रोकावे लाहायेना,मेनखान आरोपी दो़ उनी होंय टू केदेया, नोआ खा़तिर ते ताक रे गेयगो़च् एना। घो़टो़ना एमावाक् तायनो़म मनजोत दो़ आयाक् ओड़ाक्एहेच्एना आर दाकाय ओड़ाक् रे सेन काते आच् होंय टू एना। नोआघो़टो़ना रे पोन हो़ड़को गो़च् एना। बाडाय सांवते गे थाना सेखवां पुलिस आर बटाला रेन डीएसपी सिटी पुलिस बल सांवतेय हेच् एना।फोरेंसिक टीम दो़ घो़टो़ना ठा़ंव रेयाक् ओ़नमान काते सा़बुत जुटा़उको एहो़प् आकाना। अधिकारीकोवाक् मेन काना जे मामलारेयाक् मिमित्आक् गा़हिर ते जांच होयोक् काना आर जांच तायनो़मगे पुरा़उ घो़टो़ना रेयाक् चिता़र सामाङ हिजुक्आ।

## आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप वंशिका आर शिवा दो़किन जिता़वेना रजत

**नावां दिल्ली।** जर्मनी रेयाक् सुहल रे ओरामेन आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2026 रे भारतीय निशा़नाबाजकोवाक् मो़ंज प्रदर्शनलागातार चालाक् काना। भारत रेन वंशिका चौधरी आर शिवा नरवालता़किनाक् जोड़ी दो़ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम जूनियरहापाराव रे रजत पदक जिता़उकाते दिसा़म रेयाक् झोला रे मित् आरपदक ए भोराव केदा। भारतीय जोड़ी दो़ पुरा़ मुकाबला ओ़कते संयमित आर प्रभावशाली प्रदर्शन तुलुच् फाइनल धा़बिच् रेयाक् सफर ए तियाक् केदा आर मुचा़त् रे रजत पदक ए आयाक् ञुतुम केदा। नोआ एनेमसालाक् भारत दो़ हापाराव रे आर मित् जा़रूड़आनाक् पदक ए जोड़ाव केदा। नोआ पदक तायनो़म आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2026 रे भारत रेयाक् कुल पदक सं या 16 होय आकाना। भारतीय दो़लाक् खातारे नित 5 स्वर्ण, 4 रजत आर 7 कांस्य पदक मेनाक्आ। भारतीय निशा़नाबाजकोवाक् जावगे सफलता दो़ आर मित् धाव विश्व मंच रे दिसा़म रेयाक् केटेच् हा़जिरको ओ़ल राकाप् ओचोवाकादा। राष्ट्रीय राइफलसंघ दो़ भारतीय खिला़ड़ीकोवाक् नोआ प्रदर्शन रे कुसी सो़दो़रतुलुच्ए मेन केदा जे जुवा़न निसा़नाबाजकोवाक् नोआ खिला़उ प्रदर्शन दो़ भविष्य ला़गित् कुसीयानाक् चिन्हा़ काना आर भारतीय निसा़नाबाजीयाक् केटेच् प्रतिभाय दारसावेत् काना।

# गंगा दशहरा एहो़प् एना, गंगा गाडा रेको डा़बरा़येना भो़कतो




**खोबोरिया**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर तहसील टोठा रे पेया जायगाको रे कच्चा घाट लठीरा, पुष्पावती पूठ आर तीर्थ नगरी ब्रजघाट रे गंगा दशहरा रे भो़कतो़ दो़ गंगा रे उम काते पुण्यको हामेटेत् काना। पा़तिया़उ मेनाक्आ जे गंगा आयो दो़ शिवाक् जाटा खो़न ओडोङ काते धा़रतीतेय फेड लेना। ओनाते उन हिलोक् दो़ गंगा डा़बरा़क् रेयाक् मो़हो़त मेनाक्आ। नोआ धाव पुरुषोत्तम चान्दोकान ते झेंट चान्दो रेयाक् गंगा दशहरा पो़रो़ब रेयाक् डा़बरा़क् दो़ दोहड़ा ते होयोक् काना। तीर्थ नगरी ब्रजघाट, गढमुक्तेश्वर रेयाक् कच्चा घाट लठीरा आर पुष्पावती पूठ रे सा़गुनमाहां हिलोक् ब्रह्म मुहूर्त रे गे भो़कतो़ दो़को डा़बरा़येना। गंगा डा़बरा़येन तायो़म भो़कतो़ दो़ मंदिररेको पूजा़ पासायेत् काना।

आर से नो़ते आयमा भो़कतो़ गंगा डा़बरा़ तायो़म गे सत्यनारायण भगवानाक् काथा आंजो़म काते रेंगेच् आर ओ़सहाय हो़ड़कोजो़माक्, किचरिच् आर धो़न एमानको दानाको काना। आयमा लेखा रे भो़कतो़को सेटेरेन ते हाईवे रे गा़डी लार चालाक्कान ञेलो़क्काना। भो़कतो़को खा़ंदरी दाक् सेच् बाङ चालाव ओचोवाको ला़गित् तेआयमा भो़कतो़ बालेमाहां हिलोक् आ़युप् बेला खो़न गे तीर्थ नगरी तेसेटेरो़क्को लागावाकान ताहेंकाना। ओनाते धो़रो़मशाला आर होटलएमान दो़ लाहा रे गे पेरेच् ठीक आकाना। पुरुषोत्तम चान्दो रे मुंडरा़क्, गंगा रे पूजा़य, बापला एमान धो़रो़म का़मी दो़ बाङ होयोक् काना। ओनका रे नित पुरुषोत्तम चान्दो पुरा़क्कान ते नोआझेंट दो़ गंगा दशहरा रे गिदरा़को मुंडरा़को, गंगा पूजा़य एमान का़मीहोरा हों गंगा आड़े रे होयोक् काना। ढो़ल-ढाक सालाक् ते भो़कतो़ दो़ मुंडन से गंगा पूजा़य लेकान धो़रो़म का़मीको पुरा़वेत् काना।

# मुंबई रे दाक् ओ़नमाने सेटेराकान मेयर सामाङ रे गे नाला रेय ञुरेना मित् हो़ड़





**खोबोरिया**

**मुंबई।** शहर रे मित् गे तालावे दाक्एत्कान ताला रे मुंबई रेयाक् गांधी मार्केट (दादर टोठा) रे मित् हाहाड़ा घोटना सो़दो़रेना। मुंबई रेन मेयर रितु तावड़े तिन दो़ दाग जो़खेच् दाक् टेमबाक्कान रेयाक् ओ़बो़सता ञेञेले सेटेराकान ताहेंकाना, उनओ़कते उनी सामाङ रे गे मित् हो़ड़ दो़ खुला़ नाला (ड्रेन) रेय ञुरएना। नोआ घो़टना दो़ उन ओ़कते होय एना तिन दो़ मेयर आर बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) रेयाक् अधिकारी टोठा रे दाक् ओडोङबेबो़सता आर दाक् खो़न बांचाक् रेयाक् साप्-सापड़ावकोयओ़नमानेत्कान ताहेंकाना।

उनी हो़ड़े ञुरेन जायगा रे हो़ड़ दो़कोआंदमांदाव चाबायेना आर टोठाकिया़ हो़ड़ दो़ उनी उसा़रा तेको ओडोङ केदेया। भा़ग काथा दो़ नोआ ताहेंकाना जे उनी दो़ आ़डी मुरूकबाय बाजाव लेना।

घो़टना तायो़म मेयर रितु तावड़े दो़ ओ़न्डे ताहेंकान अधिकारीकोखुप्ए ताड़ाव केत्कोआ आरे मेन केदा जे शहर रे खुला़ मैनहोल आरड्रेनेज सिस्टम चेतान रे लिचा़ड़ का़मी दो़ बाङ ञेल साहावो़क्आ। उनी दो़ चेतावनीय एमात्कोआ जे जुदि जाहां रे गे खुला़ मैनहोल ञामो़क्आएन्डेखान ओना सांव जोड़ाव वार्ड अधिकारी उपा़र रे केटेच् कार्रवाई होयोक्आ, नुना़क् हा़बिच् जे ओनको दो़ निलंबन हों निलंबनदाड़ेयाकोआ। नोआ घो़टना रेयाक् वीडियो दो़ सोशल मीडिया रे आ़डी ता़पिसाते वायरल बाड़ाय काना, ओ़ना तायो़म खो़न बीएमसी रेयाक् ाप्-सापड़ाव आर शहर रेयाक् मानसून बेबो़सता रे कुकली राकाबो़क् लागावाकाना।

# टीबी रूगीको एम हा़टिञात्कोआ पौष्टिक आहार किट

## निक्षय पोषण योजना खो़नको जामेत् काना का़उडी गो़ड़ों




**खोबोरिया**

**गोपीकांदर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीकांदर रे टीबी यक्ष्मा ते जा़बुन रूगीकोवाक् स्वास्थ्य रे सुधरा़उ ला़गित् मित् खास पोंथा आकाना। निक्षय पोषण योजना होतेते प्रखंड टोठा रेन 75 गो़टेच्रा़नेत्को टीबी रूगीको ताला रे पौष्टिक आहार किटको एम हा़टिञात्कोआ। नोआ का़मीहो़रा रे आसो़लकाय ते गा़खुड़चिकित्सा पर्यवेक्षक आशीष पंजियारा, प्रयोगशाला तकनीशियन जोनाथनमुर्मू, अबुल बसर, दीपक कुमार, एमएसडब्लू निर्मला आर एटाक् कार्यालयका़मिया़को सेलेत् एना। वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक आशीष पंजियारादो़य ला़ई केदा जे रूगीको बेसते जो़म ञू लागात् उसकुरको ला़गित् ते नोआ जोमाक् पोकेट एमावात्कोआ। राइस अगेंस्ट हंगरा इंडियासंस्था होतेते एमावाको नोआ पोकेट रे आसो़लकाय ते चावले, मसूर दा़ल, रो़हो़ड़ सब्जी आर मल्टीविटामिन रेयाक् 36 पोकेट सेलेत्मेनाक्आ।

दिसंबर 2025 खो़न जून 2026 धा़बिच् रेयाक् पाछनाव बाछावजो़तो़ रूगीको लागातार 6 चान्दो धा़बिच् चांदो पीछा़ नोआ पौष्टिक आहारकिट एमावाकोआ, जेमो़न उसा़राते पुरा़उ तेको मो़ंज हो़त्दाड़ेयाक्। नोआ सांवते गे सरकार होतेते एमावाको वित्तीय गोड़ोंहोंको ला़यात्कोआ। योजना होतेते टीबी रूगीको दो़ जाव चांदो गेपौष्टिक जोमाक् ला़गित् 1000 टाका आर हासपाताल हिजुक् सेनो़क्खो़रो़च रूप रे 750 टाका एमावाको काना।

नोते, रूगीको जावगे रानजो़म ओचोको आर ओनको ञेलाको कान सहिया हों प्रोत्साहन टाका रूप रे 1000 टाका एमावाय काना। नोआ पुरा़उ बेबो़सता रेयाक् मो़तलो़ब प्रखंड दो़ टीबी मुक्त बेनाव दो़हो़य रेयाक् काना।

# तुरूई बो़छो़र मारे बीएस-6 गा़डीको दो़ तिन जाव बो़छो़र बाङ पीयूसीसी होयोक् ताकोआ

**नावां दिल्ली।** गा़डी मा़लिकको ला़गित् ते मित्टेन मो़ज खोबो़रसो़दो़रो़क् काना। आसो़ल काथा दो़ नोआ काना जे 6 बो़छो़र हा़बिच् मारे बीएस-6 प्राइवेट गा़डी रेन मा़लिकको दो़ नित जाव बो़छो़र पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल सर्टिफिकेट (पीयूसीसी) बाङ रिन्यू होयोक् ताकोआ, चेदाक् जे सरकार नोआ रेयाक् वैलिडिटी दो़ 3सेरमा हा़बिच्ए बाड़हाव ला़गित्। मेनखान 6 सेरमा खो़न 10 सेरमा ताला रेयाक् मारे बीएस-6 गा़डीको रेन मा़लिको दो़ जाव बो़छो़र आर 10सेरमा खो़न बा़ड़ती मारे गा़डी रेन मा़लिको ला़गित् ते जाव तुरूई चान्दो रे पीयूसीसी रिन्यू आचोय होयोक् ताकोआ।

**झारखण्ड सरकार**
**समाहरणालय, गोड्डा**
**(जिला पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा) (जिला खेल कार्यालय)**
**(E-mail ID-goddadso111@gmail.com)**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उप निदेशक, झारखण्ड खेल प्राधिकरण, झारखण्ड, राँची से प्राप्त निदेशानुसार गोड्डा जिलान्तर्गत वॉलीबॉल खेल विधा का ASMITA City League (जिला स्तरीय) का आयोजन कराया जाना है। आयोजन की विवरणी निम्नवत् है:–

| क्र० सं० | खेल विधा का नाम | आयोजन की तिथि एवं समय | आयु सीमा | स्थान | मोबाईल नं० |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बॉलीबॉल | 29.06.226 पूर्वाह्न 09:00 बजे से | U-14, U-17 & U-19 (बालिका) | रौतारा स्थित राजकचहरी, वॉलीबॉल मैदान। | प्रशिक्षक, श्री देवाशीष कुमार झा– 9431370632 |

इच्छुक खिलाड़ियों को झारखण्ड राज्य का निवासी होना अनिवार्य होगा तथा निर्धारित तिथि को ससमय वैद्य जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं दो अद्यतन पासपोट साईज रंगीन फोटोग्राफ के साथ प्रतियोगिता में भाग ले सकते है। प्रतिभागी खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आवेदन प्रपत्र जिला खेल कार्यालय, गोड्डा से प्राप्त कर सकते है। प्रतियोगिता से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए उक्त प्रशिक्षक के मोबाईल नं0–9431370632 से सम्पर्क कर सकते है।

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी, गोड्डा

PR 383149 District(26-27)#D

**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गोड्डा।**

**–:सूचना:–**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, दिल्ली एवं झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, राँची के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गोड्डा द्वारा दिनांक :–**27.06.2026** को दिन के 09:00 बजे लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर, गोड्डा में किया जा रहा है ।

उक्त अदालत में सभी प्रकार के मामलों का निष्पादन सुलह–समझौते के आधार पर किया जायेगा ।

अत : सभी पक्षकारों से अनुरोध है कि आप अपने–अपने मामले के त्वरित निबटारें हेतु संबंधित न्यायालय एवं विभागों के माध्यम से अपने मामलों को लोक अदालत में भेजवाकर मामलों का निष्पादन करावें।

सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
गोड्डा।

PR 383108 Law(26-27)D

**कार्यालयः– जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, साहेबगंज**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सरकार सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), झारखण्ड, सरकार के पत्रांक 15 (रा0), दिनांक 23.06.2026 द्वारा प्राप्त राज्यादेश के आलोक में वित्तीय वर्ष 2026–27 में तालाब एवं जलाशय मत्स्य का विकास योजनान्तर्गत साहेबगंज जिला में मत्स्य बीज (स्पॉन), फीड एवं नेट (जाल), की आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्त्ता से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 | सामग्री का नाम | अधिकत्तम दर राशि |
|---|---|---|
| 1 | मत्स्य स्पॉन | 550/–रू0 प्रति लाख |
| 2 | मैश फीड Extruded Mash Feed. | 70/–रू0 प्रति कि0ग्रा0 |
| 3 | फ्राईकैचिंग नेट/चटजाल (साईज 100' x 15') फीट | 2000/– रू0 प्रति इकाई |

**निविदा की अहर्त्ताएँ निम्नलिखित है :–**

1. निविदादाता का नाम – जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, साहेबगंज।
2. निविदा प्रपत्र प्राप्ति का स्थान – जिला मत्स्य कार्यालय, साहेबगंज।
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य – 5000/–रू0
4. निविदा प्रपत्र प्राप्ति एवं जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय–01.07.2026 को 02 बजे अप0 तक
5. निविदा खुलने का स्थान– **उप विकास आयुक्त, साहेबगंज के कार्यालय प्रकोष्ठ में।**
6. निविदा खुलने की तिथि एवं समयः–**01.07.2026 को 03 बजे अप0।**
7. निविदा की विस्तृत शर्ते www.sahibganj.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

❖ नोटः– पूर्व में **PR 375956 Fish (25-26)D/ Date:-26.03.2026** द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना का विज्ञापन के आलोक में कार्यालय से क्रय किये गये निविदा प्रपत्र मान्य होंगे।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, साहेबगंज

PR 383109 Fish(26-27)#D

**कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गोड्डा**

**जलाशयों में केज अधिष्ठापन हेतु आवेदन आमंत्रण**

एतद् द्वारा गोड्डा जिले में अवस्थित जलाशयों के विस्थापित मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि **चालू वित्तीय वर्ष– 2026–27 में विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या– 15 रा0 (वि0) दिनांक– 23.06.2026** के द्वारा **''राज्य योजना तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजना'' के परिशिष्ट– VI** के आलोक में जलाशय में 12 बैटरी केज अधिश्ठापन की स्वीकृति प्राप्त है, इस योजनान्तर्गत एक बैटरी केज का इकाई लागत मो0– 3.58 लाख रूपये मात्र स्वीकृत है, जिसका केज अधिश्ठापन में 90% सरकारी अनुदान यथा– मो0– 3.222 लाख रूपये मात्र तथा लाभुक अंशदान 10% यथा– मो0–0.352 लाख रूपये मात्र की लागत प्रति बैटरी स्वीकृत है, विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

| क्र0 | योजना का नाम | कोटि | प्रति यूनिट केज का आकार | यूनिट | ईकाई लागत राशि (लाख में) | सरकार द्वारा देय अनुदान की राशि | लाभुक के अंशदान की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केज बैटरी निर्माण | सामान्य | 12mx8mx5mx 1 nos. अथवा 8mx6mx5mx 2 nos. | 08 यूनिट | 3,58,000.00 प्रति यूनिट | 90% | 10% |
| | | अनुसूचित जाति | | 04 यूनिट | | | |

उपरोक्त योजनान्तर्गत इच्छुक जलाशय के विस्थापित मत्स्य कृशक से आवेदन पत्र जिला मत्स्य कार्यालय, गोड्डा से निःशुल्क प्राप्त कर पूर्णरूपेण भरकर कार्यालय कार्य अवधि में **दिनांक– 15.07.2026 तक** निम्न अहर्त्ताओं के अधीन जमा कर सकते हैं :–

**आवेदन हेतु अहर्त्ताएं :–**

1. आवेदक जलाशय का विस्थापित होना चाहिए।
2. आवेदक जलाशय मत्स्यजीवी सहयोग समिति का सदस्य होना चाहिए, इसका प्रमाण संलग्न करें।
3. जलाशय के आसपास का निवासी हो।
4. आवेदन पत्र के साथ आधार व पैन कार्ड की स्व0–अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
5. इस योजना हेतु लाभुक का अंशदान 10% अथवा मो0– 0.358 लाख रूपये मात्र निहित है, अतएव आवेदक को आर्थिक रूप से सक्षमता संबंधी शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा कि आवेदक अपना अंशदान व्यय करने में सक्षम है।
6. आवेदक का NFDP Portal पर निबंधन संबंधी प्रमाण पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
7. जलाशय के सामान्य विस्थापित कृशक भी आवेदन कर सकते है।
8. आवेदक को चयन उपरांत स्वीकृत्यादेश की कंडिका–33 के अधीन लाभुक के रूप में Escrow Account खोला जाएगा जिसमें लाभुक अंशदान की राशि लाभुक द्वारा जमा की जाएगी।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गोड्डा

PR 383167 (Fish)26-27*D

**e-Procurement Cell**
**ENERGY DEPARTMENT, GOVT.OF JHARKHAND**
**Electrical Executive Engineer, Electric Works Division, Dumka**

**Very Short Term e- Procurement Notice**

**e-Tender Reference No.- Energy/EWD/Dumka/10/2026-27 Dated-22-06-2026**

| Sl. NO. | Name of work | Estimated Cost (Rs.) | Tender Fee (Bid Document Fee) | Bid Security | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| I | S/R to E.I. in 1st Floor and Patch repair of E.I. in Ground Floor at Q-Complex, Basukinath. | 19,40,731=00 | 5,000=00 | 39,000=00 | 14 Days. |
| II | S/R to E.I. in administrative building ground Floor, sanskaar mandap and patch repair of different Small Mandir, Baba Mandir, Parvati Mandir, Different Shed Jalarpan counter and Root line of surrounding Shiv Ganga at Baba Basukinath mandir Basukinath, Dumka. | 24,22,247=00 | 5,000=00 | 48,500=00 | 14 Days |
| 2. | Date of Publication of tender on website | 27.06.2026 | | | |
| 3. | Online bid submission period | From 27.06.2026 at 01:00 PM to 02.07.2026 at 2:00 PM | | | |
| 4. | Technical Bid Opening Date | 03.07.2026 at 02:30 PM | | | |
| 5. | Name and address of the office to inviting tender | Electrical Executive Engineer, Electric Works Division, Dumka | | | |
| 6. | Name and address of the office to Open the tender | Electrical Executive Engineer, Electric Works Division, Dumka | | | |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 06434-291091 | | | |
| 8. | Helpline number of e- Procurement cell | 06434-291091 | | | |

**Note: - Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.**
Further details can be seen on website-http://jharkhandtenders.gov.in

**Electrical Executive Engineer**
**Electric Works Division, Dumka.**

PR 383172 (Energy) 26-27 (D)

# स्मार्ट मीटर की दस्तक से 'ऊर्जा मित्रों' के घरों में छा रहा है अंधेरा : 9 सालों से सेवा दे रहे कर्मियों का छलका दर्द

## • बिजली विभाग में मर्ज करने की मांग

एस. के. झा. 'सुमन'

**दुमकाः** झारखंड की उपराजधानी दुमका में वर्षों से घर-घर जाकर बिजली बिल का हिसाब रखने वाले 'ऊर्जा मित्र' आज खुद अपने भविष्य का हिसाब ढूंढ रहे हैं। साल 2017 से लगातार बिजली विभाग को अपनी सेवाएं दे रहे इन कर्मियों के सामने अब आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। एक तरफ तकनीकी बदलाव (स्मार्ट मीटर) ने उनकी कमाई छीन ले रही है, तो दूसरी तरफ आउटसोर्सिंग कंपनियों के शोषण ने उन्हें आर्थिक रूप से तोड़कर रख दिया है।

-------

**स्मार्ट मीटर से घटा रोजगार, हर बिल पर महज 5-6 रुपये की कमाई**

ऊर्जा मित्रों ने बताया कि वे हर



अमिताभ बच्चन सोरेन

महीने 900 से लेकर 1500 उपभोक्ताओं के घरों की बिजली रीडिंग करते थे। वर्तमान में वे 'श्री पब्लिकेशन एंड स्टेशनरी प्राइवेट लिमिटेड' कंपनी के अंतर्गत काम कर रहे हैं। उन्हें प्रति बिल महज 5 से 6 रुपये का भुगतान किया जाता है। अब जिले में तेजी से लग रहे स्मार्ट मीटरों के कारण उनका काम और आमदनी दोनों बेहद कम हो गई है, जिससे परिवार चलाना मुश्किल हो गया है।

------------------------



**कंपनियों पर शोषण का आरोपः 11 महीने का पगार डकार गई पुरानी कंपनी**

कर्मियों का दर्द है कि इतनी कम कमाई में भी उनका भुगतान समय पर नहीं होता। वर्तमान कंपनी दो-तीन महीने की सैलरी 'सिक्योरिटी' के नाम पर रोक कर रखती है।

वहीं, इससे पहले काम करा चुकी 'बेभू' कंपनी ने हद ही कर दी। ऊर्जा मित्रों की मानें तो 'बेभू' कंपनी ने उनका पूरे 11 महीने का वेतन हड़प लिया, जो आज तक किसी भी कर्मी को क्लियर नहीं किया गया है।

------------------------

**मुख्य मांगः 'कंपनी हटाओ, बिजली विभाग में मर्ज करो '**

अपनी जवानी के सबसे कीमती साल बिजली विभाग को देने के बाद भी ये कर्मी आज तक अस्थायी हैं। चौतरफा मार झेल रहे ऊर्जा मित्रों ने सरकार और विभाग से गुहार लगाई है किः

1. **सीधा नियोजनः** बिचौलिया आउटसोर्सिंग कंपनियों को हटाकर बिजली विभाग इन्हें सीधे अपने अधीन (रोस्टर में) ले।

2. **'ऊर्जा साथी' का दर्जा :** कर्मियों की मांग है कि उन्हें 'ऊर्जा साथी' बनाकर काम लिया जाए ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके।

3. **बकाया मानदेय का भुगतानः** पुरानी कंपनी द्वारा रोके गए 11 महीने के वेतन का अविलंब भुगतान कराया जाए।

कर्मियों का कहना है कि आज बेरोजगारी का यह आलम है कि जिंदगी के 9 साल देने के बाद हम कहीं और जाने के लायक नहीं बचे हैं। अगर बिजली विभाग हमें अपने में मर्ज नहीं करता है, तो हमारे सामने भुखमरी की नौबत आ जाएगी। विभाग को हमारे अनुभव का सम्मान करना चाहिए।

### आंकड़ों में समझें दुमका के ऊर्जा मित्रों का गणित

**कुल संख्याः** दुमका जिले में कुल 150 ऊर्जा मित्र कार्यरत हैं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र को मिलाकर कुल 150 ऊर्जा मित्र सेवा दे रहे हैं ।

**कार्यकालः** सभी कर्मी पिछले 9 वर्षों (साल 2017) से अपनी सेवा दे रहे हैं।

------------------------

**क्या कहते हैं अधिकारी**

कार्यपालक अभियन्ता,विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, दुमका के अधिकारी अमिताभ बच्चन सोरेन ने कहा कि स्मार्ट मीटर तकनीक का यह आधुनिकीकरण पारदर्शी व्यवस्था के साथ उपभोक्ताओं की सुविधाएं बढ़ाएगा।

इस बदलाव में हमारे 150 'ऊर्जा मित्र' भी पीछे नहीं छूटेंगे। सरकार और बिजली विभाग उनकी आजीविका के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। उनके सुरक्षित भविष्य और मान-सम्मान के लिए एक व्यावहारिक और सकारात्मक निर्णय लिए जाने की संभावना है।

## मैलगढ़ा को मिलेगी कचरे के पहाड़ से मुक्ति दुमका पहुंची आधुनिक ट्रोमल मशीन



**दुमका ।** नगर के मैलगढ़ा डंपिंग यार्ड में वर्षों से जमा कचरे के निस्तारण की उम्मीदें अब धरातल पर उतरने लगी हैं। इस डंपिंग यार्ड में फैले कचरे के विशाल ढेर को साफ करने के लिए विशेष ट्रोमल मशीन दुमका पहुंच चुकी है। इस मशीन के आने के बाद से अब स्थानीय निवासियों की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि धरातल पर सफाई अभियान की शुरुआत कब से की जाती है। इस आधुनिक ट्रोमल मशीन के माध्यम से सालों पुराने जमा कचरे की बारीकी से छंटाई की जाएगी। इसके बाद पूरे कचरे का वैज्ञानिक और तकनीकी तरीके से पूरी तरह निस्तारण किया जाएगा। इस प्रक्रिया से न केवल डंपिंग यार्ड के आसपास के बड़े क्षेत्र में स्वच्छता बढ़ेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी काफी मजबूती मिलेगी। मैलगढ़ा में लंबे समय से डंप हो रहे कचरे के कारण स्थानीय लोगों को बदबू और प्रदूषण से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब इस मशीन के आ जाने से उम्मीद जताई जा रही है कि कचरा डंपिंग यार्ड की सफाई का काम बहुत जल्द शुरू हो जाएगा, जिससे स्थानीय लोगों को इस गंभीर समस्या से हमेशा के लिए राहत मिल सकेगी

## महिला ने पड़ोसियों पर मारपीट, छेड़खानी व चेन छीनने का लगाया आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**सरैयाहाट।** हंसडीहा थाना क्षेत्र के हंसडीहा निवासी संजीदा बीवी पति साजिद अंसारी ने अपने पड़ोसियों पर मारपीट, छेड़खानी एवं चांदी की चेन छीन लेने का आरोप लगाते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।दर्ज शिकायत में संजीदा बीवी ने आरोप लगाया है कि पड़ोसी इसराइल अंसारी, परवीन खातून एवं मदीना खातून ने मिलकर उनके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपितों ने मारपीट की तथा उनके कपड़े भी फाड़ दिए। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि घटना के दौरान छेड़खानी की गई और गले से लगभग तीन भर वजन की चांदी की चेन भी छीन ली गई।मामले को गंभीरता से लेते हुए हंसडीहा थाना में कांड संख्या 66/26, दिनांक 23 जून 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं 126(2), 115(2), 74, 76, 109(1), 303(2), 352, 351(2) एवं 3(5) के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है।पुलिस ने मामले के अनुसंधान की जिम्मेदारी अवर निरीक्षक दिलीप हांसदा को सौंपी है। हंसडीहा पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है तथा आरोपों की सत्यता का पता लगाने में जुटी हुई है

## सड़क सुरक्षा के प्रति बच्चों को किया गया जागरूक



**सरैयाहाट।** सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को लेकर हंसडीहा पुलिस ने थाना प्रभारी अजीत यादव के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया। इस क्रम में संत फ्रांसिस स्कूल, हंसडीहा में स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। थाना प्रभारी अजीत यादव ने बच्चों को सड़क पर चलते समय सावधानी बरतने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग, यातायात संकेतों का पालन करने तथा सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे अपने अभिभावकों, परिजनों और परिचितों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को सुरक्षित यातायात के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया तथा सड़क सुरक्षा को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है और इसमें बच्चों की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो सकती है।

## हूल दिवस पर निकलेगी जन-जागरूकता बाइक रैली



**मसलिया ।** हूल दिवस के अवसर पर 30 जून को सामाजिक जागरूकता युवा संगठन, मसलिया की ओर से जन-जागरूकता बाइक रैली निकाली जाएगी। रैली की तैयारी को लेकर बुधवार को निपेनिया चौक स्थित सिद्धू-कान्हू प्रांगण में संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बाबूधन मुर्मू ने की। इस दौरान प्रखंड की 21 पंचायतों से आए संगठन के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हूल दिवस के अवसर पर बाइक रैली निकालकर संगठन की नीतियों एवं सामाजिक जागरूकता के संदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से संपन्न कराने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष शिवनाथ बेसरा ने कहा कि हूल दिवस आदिवासी वीरों के संघर्ष, बलिदान और स्वाभिमान की याद दिलाता है। उन्होंने लोगों से वीर सिदो मुर्मू, कान्हू मुर्मू, चाँद मुर्मू, भैरव मुर्मू तथा फूलो-झानो मुर्मू के बलिदान को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की। उन्होंने हूल आंदोलन के इतिहास और उसके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का भी आह्वान किया।

## मुहर्रम जुलूसों पर ड्रोन से होगी निगरानी



**दुमका।** बुधवार को मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और विधि-व्यवस्था के अनुरूप संपन्न कराने को लेकर इंडोर स्टेडियम, दुमका में जिला स्तरीय शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने की, जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। पर्व के दौरान जिला नियंत्रण कक्ष पूरी तरह अलर्ट मोड में कार्य करेगा। उन्होंने सभी अंचलाधिकारी और थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि वे संयुक्त रूप से अपने-अपने क्षेत्रों में जुलूस मार्गों और संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण सुनिश्चित करें। प्रशासन द्वारा तय मार्गों पर ही मुहर्रम जुलूस निकाले जाएंगे और डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जुलूसों की निगरानी ड्रोन कैमरों से की जाएगी ताकि किसी भी अप्रिय घटना पर नजर रखी जा सके।

## सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



**रामगढ़ः** प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत बालक मध्य विद्यालय के पीछे स्थित मैदान में उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न मध्य, उच्च एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालयों की छात्र टीमों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पूरे दिन चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीम भावना और खेल कौशल का परिचय देते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।प्रतियोगिता का शुभारंभ अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा फुटबॉल को किक मारकर किया गया।साथ ही प्रखंड साधन सेवी कृष्ण कांत मिश्र, प्रधानाध्यापक दयामय मंडल, नोडल पदाधिकारी सुरेश टुडू, नवनीत कुमार,मीनू मरांडी व अन्य ने संयुक्त रुप से दिप प्रज्वलित कर खेल को विधिवत प्रारम्भ किया।उद्घाटन अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं शिक्षकों ने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने तथा जीत-हार से ऊपर उठकर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।मुकाबलों के दौरान मैदान में रोमांचक दृश्य देखने को मिले।खिलाड़ियों ने तेज गति, सटीक पासिंग, बेहतरीन डिफेंस और आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया।

# गरीब पहाड़िया परिवार से आनेवाली अंजलि के माता-पिता से गार्ड ने एडमिशन के लिए मांगे 8000 रूपये

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**जरमुंडी ।** जरमुंडी प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय जरमुंडी में शैक्षणिक सत्र वर्ष 2026-27 में नामांकन हेतु बीपीएल चयनित बालिकाओं की औपबंधित सूची में क्रम संख्या 16 में नाम दर्ज होने के बावजूद पहाड़िया परिवार से आने वाली गरीब अंजली कुमारी का एडमिशन नहीं हो पाया। एडमिशन कराने के लिए कई बार कस्तूरबा गांधी विद्यालय जरमुंडी की गणेश परिक्रमा करने के बावजूद अंजलि और उनके अभिभावक को निराश लौटना पड़ा है। बता दें कि कस्तूरबा जरमुंडी में अंजलि का



नामांकन कराने के लिए दिनांक 23 जून मंगलवार को अंजली कुमारी और उसके माता-पिता क्रमशः सोमलाल पुजहर और कौशल्या देवी को कस्तूरबा जरमुंडी में पदस्थापित गार्ड वीणा लायक ने परिसर में प्रवेश करने नहीं दिया और गेट के बाहर से ही यह कहकर लौटा दिया कि अंजलि का नामांकन नहीं होगा। अंजलि कुमारी के अभिभावक सोमालाल पूजहर व माता कौशल्या देवी की माने तो नामांकन के लिए बीपीएल चयनित बालिकाओं की औपबंधित सूची में क्रम संख्या 16 में अंजलि का नाम प्रकाशित होने पर एक माह पूर्व वे अंजलि को लेकर वार्डन से मिलने के लिए कस्तूरबा विद्यालय जरमुंडी पहुंचे थे। तब विद्यालय की गार्ड वीणा लायक ने उन्हें यह कहकर लौटा दिया कि नामांकन के लिए उन्हें फोन करके बुला लिया जाएगा। नामांकन हेतु जब विद्यालय से फोन नहीं गया और महीना गुजर गया। तब सोमलाल पूजहर और उसकी पत्नी कौशल्या देवी, अंजलि को लेकर 23 जून बुधवार को फिर से कस्तूरबा गांधी विद्यालय जरमुंडी नामांकन कराने पहुंचे। इस बार भी गार्ड वीणा लायक ने उन्हें विद्यालय में प्रवेश करने नहीं दिया। उसने कहा कि इतने दिन कहां गई थी,इसका नामांकन नहीं होगा। अंजलि के पिता सोमलाल पुजहर व मां कौशल्या देवी ने बताया कि कस्तूरबा की गार्ड वीणा लायक ने उनसे बच्ची के एडमिशन के लिए कथित रूप में 8 000 से 10000 रूपये मांगे और किसी को बताने से मना किया। कहा कि काम हो जाएगा।

## 5 साल के मासूम की संदिग्ध मौत मामले में मां और प्रेमी पुलिस हिरासत में

**गोपीकांदर।** थाना क्षेत्र के धोबरना गांव में 5 वर्षीय मासूम अमन किस्कू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बालक की मां और उसके प्रेमी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मासूम का शव गांव से करीब आधा किलोमीटर दूर स्थित एक कुएं से बरामद किया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक प्रारंभिक जांच में कुछ संदिग्ध परिस्थितियां सामने आई हैं। इसी आधार पर पुलिस ने बालक की मां और उसके प्रेमी को हिरासत में लेकर मामले की गहन पूछताछ शुरू कर दी है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और चर्चा का माहौल है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा

## टोटो चालक की सड़क दुर्घटना में मौत



**जामा।** थाना क्षेत्र के दुमका-पालाजोरी मुख्य मार्ग पर हाई स्कूल के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहाँ सड़क पर बने एक स्पीड ब्रेकर (बम्फर) के कारण एक टोटो अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में टोटो सवार 50 वर्षीय धर्मेंद्र कुमार मंडल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद से पूरे इलाके में शोक की लहर है।

मृतक धर्मेंद्र कुमार मंडल जरमुंडी प्रखंड के चिकनियां गांव के रहने वाले थे। वे अपने टोटो से ग्रामीणों के गैस कार्ड पर बासुकीनाथ और जरमुंडी से सिलेंडर लाने-ले जाने का काम करते थे। रोजाना की तरह वे अपने गांव से खाली सिलेंडर लेकर जरमुंडी जा रहे थे। इसी बीच जामा हाई स्कूल के पास बने बम्फर पर टोटो का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गया। टोटो पलटते ही उसमें रखे भारी गैस सिलेंडर सीधे धर्मेंद्र से जा टकराए।

## एसआईआर को लेकर राजनीतिक दलों को प्रशिक्षण

**सरैयाहाट।** जिला निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह डीसीएलआर गोड्डा ओमप्रकाश यादव की उपस्थिति में बुधवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के बीएलए-2 को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों के बीएलए-2 को एसआईआर कार्य में सक्रिय रुचि लेते हुए बीएलओ का सहयोग करना होगा। उन्होंने बताया कि एसआईआर के प्रथम चरण में बीएलओ अपने-अपने क्षेत्रों के मतदाताओं को दो-दो प्रतियों में इन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध कराएंगे। इन फॉर्मों को भरने में बीएलए-2 मतदाताओं की सहायता करेंगे तथा बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य को सफल बनाएंगे।

## जरमुंडी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष ने पद से दिया इस्तीफा

**जरमुंडी ।** जरमुंडी प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सत्यनारायण यादव ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि वे पार्टी एवं संगठन के कार्य से सामान्य कार्यकर्ता की भांति लगातार जुड़े रहेंगे। पूर्व प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सत्यनारायण यादव जरमुंडी के पूर्व विधायक सह पूर्व कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के प्रतिनिधि रह चुके हैं। इस संदर्भ में सत्यनारायण यादव ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष को पत्र प्रेषित कर बताया कि वे व्यक्तिगत एवं अपरिहार्य कारणों से अपने पद से इस्तीफा दे रहे है। उन्होंने संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी एवं सम्मान के लिए पार्टी के प्रति आभार भी प्रकट किया। सतनारायण ने बताया कि इस्तीफा देने के बाद भी कांग्रेस पार्टी के विचार, सिद्धांत एवं नीतियों को जनता तक पहुंचाने का कार्य निरंतर करते रहेंगे तथा संगठन के एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।

## केरल में प्रवासी मजदूर की मौत

### विधायक और मुख्यमंत्री की पहल पर हवाई मार्ग से लाया जा रहा शव

संवाददाता

**गोपीकांदरः** गोपीकांदर थाना क्षेत्र के दुर्गापुर (मजडीहा) गांव में उस समय शोक की लहर दौड़ गई, जब केरल में कमा रहे प्रवासी मजदूर हाबिल मरांडी (32 वर्ष) की मौत की खबर आई। हाबिल केरल के इडुक्की जिला अंतर्गत चेरुथानी मेडिकल अस्पताल में भर्ती थे, जहां इलाज के दौरान रविवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। वह अपने पीछे पत्नी शीला सोरेन और एक 4 वर्षीय मासूम बेटे को छोड़ गए हैं।



----------------------

हाबिल मरांडी केरल में रहकर मजदूरी करते थे और वह हर्निया की बीमारी से पीड़ित थे। उनके चचेरे भाई पावूल मरांडी ने बताया कि चार दिन पहले हाबिल को अचानक पेट में तेज दर्द हुआ। इसके बाद साथ में काम करने वाले अन्य मजदूरों ने उन्हें चेरुथानी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। रविवार को इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई, जिसकी सूचना साथी मेट ने परिजनों को दी। हाबिल अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे और माता-पिता का साया उनके सिर से पहले ही उठ चुका था।

----------------------

घर का इकलौता कमाऊ सदस्य खोने के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। भारी आर्थिक तंगी के कारण गरीब परिजन शव को इतनी दूर केरल से वापस गांव लाने में पूरी तरह असमर्थ थे। इस संकट की घड़ी में परिजनों ने स्थानीय लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू और जिला परिषद सदस्य निशा सबनम हांसदा से मदद की गुहार लगाई।

## कर्नाटक की कैद से आजाद हुए दुमका और अन्य हिस्सों के 18 मजदूर

### अदरक के खेतों में बंधक बनाकर कराया जा रहा था काम

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** दुमका और झारखंड के अन्य हिस्सों के 18 मजदूरों के लिए जो सफर रोजगार की तलाश में शुरू हुआ था, वह देखते ही देखते एक बुरे सपने में बदल गया। डेढ़ साल तक कर्नाटक के अदरक के खेतों में बंधुआ मजदूरी करने के बाद अब ये मजदूर वापस अपने घर लौट आए हैं। प्रशासन की तत्परता और समय पर की गई कार्रवाई ने इन्हें उस नरक से बाहर निकाला है।

----------------------

ये सभी मजदूर बेहतर भविष्य की उम्मीद में अपने घर से निकले थे। इनमें से कुछ लोग मुंबई की ओर गए, लेकिन वहां हालात बिगड़ने और साथियों से बिछड़ने के बाद, ये एक अनजान व्यक्ति के चंगुल में फंस गए। उस व्यक्ति ने इन्हें कर्नाटक में काम दिलाने का झांसा दिया और वहां ले गया। कर्नाटक पहुँचते ही मजदूरों का सामना एक कड़वी हकीकत से हुआ। उन्हें अदरक के खेतों में काम पर लगा दिया गया, लेकिन मजदूरी के नाम पर उन्हें सिर्फ दो वक्त का खाना मिलता था।

----------------------

करीब डेढ़ साल तक ये मजदूर किसी कैद की तरह वहां रहे। उनके पास घर लौटने के लिए न पैसे थे और न ही संपर्क करने का कोई साधन। उनके मोबाइल फोन तक नहीं थे, जिससे वे अपने परिवार वालों से बात कर पाते। इस दौरान मालिक द्वारा उनके साथ बदसलूकी की गई और उन्हें बंधक बनाकर काम करने पर मजबूर किया गया। न मजदूरी मिली, न ही आजादी।

----------------------

जब परिवार वालों को कोई सुराग नहीं मिला, तो उन्होंने स्थानीय प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से संपर्क साधा। सूचना मिलने के बाद पुलिस और प्रशासनिक अमला हरकत में आया।

## आज से खुलेगा चांसलर पोर्टल, एसकेएमयू में यूजी नामांकन को लेकर बैठक

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका।** एसकेएमयू में स्नातक सत्र 2026-30 के नामांकन को लेकर बुधवार को कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर की अध्यक्षता में वीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में नामांकन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विश्वविद्यालय प्रशासन, विभिन्न संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों तथा अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों ने भाग लिया। इस दौरान छात्रहित को ध्यान में रखते हुए नामांकन प्रक्रिया को पारदर्शी, सुचारु और व्यवस्थित तरीके से संचालित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में तय किया गया कि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित सभी स्नातक पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल 25 जून 2026 से 8 जुलाई 2026 तक खुला रहेगा। इस अवधि के दौरान इच्छुक छात्र-छात्राएं ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन शुल्क 100 रुपये निर्धारित किया गया है।

विश्वविद्यालय द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रथम मेरिट सूची 11 जुलाई 2026 को प्रकाशित होगी, जिसके आधार पर 13 जुलाई से 23 जुलाई तक संबंधित कॉलेजों में नामांकन लिया जाएगा। इसके बाद दूसरी मेरिट सूची 25 जुलाई को जारी होगी और इसके आधार पर 27 जुलाई से 1 अगस्त तक नामांकन प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने जानकारी दी कि नए शैक्षणिक सत्र की कक्षाएं 3 अगस्त 2026 से सभी महाविद्यालयों में शुरू कर दी जाएंगी। बैठक में यह भी स्पष्ट कर दिया गया कि जिन महाविद्यालयों की संबद्धता समाप्त हो चुकी है, उनमें किसी भी प्रकार का नामांकन नहीं लिया जाएगा। केवल मान्यता प्राप्त और संबद्ध कॉलेजों में ही प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जाएगी।

बैठक के दौरान सामान्य स्नातक पाठ्यक्रमों के साथ बीबीए, बीसीए तथा अन्य रोजगारोन्मुखी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में नामांकन को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत सीटों और उपलब्ध संसाधनों के आधार पर ही प्रवेश प्रक्रिया संचालित होगी।

# नेटवर्क गायब होने से भड़के ग्रामीण, मोबाइल कंपनी के कर्मचारी को दोबारा बनाया बंधक

संवाददाता

**मसलिया ।** प्रखंड की गुमरो पंचायत के बसमत्ता गांव में नेटवर्क की लगातार समस्या से नाराज ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। गांव में लगे एक निजी मोबाइल कंपनी के टावर में लंबे समय से नेटवर्क नहीं आ रहा था। जब कंपनी का एक कर्मचारी टावर की जांच करने गांव पहुंचा, तो ग्रामीणों ने उसे पकड़कर बंधक बना लिया। यह दूसरा मौका है जब ग्रामीणों ने कंपनी के किसी कर्मचारी को बंधक बनाया है।

ग्रामीणों का कहना है कि नेटवर्क ठप होने से बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई, स्कूलों की आईसीटी लैब, बैंकिंग



सेवाएं, सीएसपी केंद्र और जन वितरण प्रणाली (डीलरशिप) जैसी सभी जरूरी सेवाएं पूरी तरह बंद पड़ी हैं। यह समस्या आए दिन बनी रहती है। बसमत्ता एसबीआई के कर्मचारी अंकित कुमार ने बताया कि नेटवर्क न होने से बैंक के रोजमर्रा के कामकाज में भारी परेशानी हो रही है। स्थानीय उपभोक्ताओं के मुताबिक, वे हर महीने जियो फाइबर और मोबाइल डेटा पर 3000 रुपये तक खर्च करते हैं, लेकिन नेटवर्क न रहने से उनके पैसे बेकार जा रहे हैं।

इस विरोध प्रदर्शन में आनंद दास, बुधु राणा, लालू गोराई, मंटू सिंह, मितेन दास, जयप्रकाश दास, काजल दास, भूमेश्वर मिर्धा, बुद्धदेव दास, सपन भंडारी, धनंजय दास, तपन मण्डल, बिशु झा, सौरभ मण्डल, ममताज अंसारी, सलीम अंसारी, पोरेश भंडारी, आशुतोष दास, माधव चंद्र दास, तपन दास और प्रसेनजित दास सहित कई अन्य ग्रामीण शामिल थे। ग्रामीणों ने साफ किया कि उनका मकसद किसी को नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि कंपनी के बड़े अधिकारियों तक अपनी आवाज और परेशानी पहुंचाना था।

## बेटियों ने सीखा आसमान छूने का हुनर फ्लाइंग इंस्टीट्यूट का किया भ्रमण



संवाददाता

**दुमका।** बुधवार को 4 झारखंड गर्ल्स बटालियन एनसीसी, दुमका की 20 चयनित कैडेट्स ने झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट (सोना सोबरन उड़ान अकादमी), दुमका का शैक्षणिक भ्रमण कर विमानन जगत की बारीकियों को करीब से जाना। इस विशेष भ्रमण का उद्देश्य कैडेट्स को हवाई अड्डे की कार्यप्रणाली, विमान संचालन, पायलट प्रशिक्षण और विमानन क्षेत्र में उपलब्ध करियर अवसरों से अवगत कराना था।

भ्रमण के दौरान संस्थान के बेस इंचार्ज अजीत सिंह ने कैडेट्स को विमानन क्षेत्र की कार्यप्रणाली, ग्राउंड ऑपरेशन, विमान रखरखाव, उड़ान सुरक्षा और प्रशिक्षण प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्थान में वर्तमान में दो Sinus-912 और तीन Zlin-143रु प्रशिक्षण विमान उपलब्ध हैं, जिनके माध्यम से प्रशिक्षु पायलटों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है। इस दौरान कैडेट्स ने विमान के विभिन्न हिस्सों, उड़ान नियंत्रण प्रणाली और सुरक्षा मानकों को भी समझा।

इसके बाद कैप्टन निलेश ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) टॉवर में विशेष ब्रीफिंग देते हुए हवाई यातायात प्रबंधन, विमान और नियंत्रण कक्ष के बीच संचार व्यवस्था, एयरक्राफ्ट कॉल साइन और आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686